हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल



**रोहित, विराट, जडेजा और अश्विनी के खिलाफ एक्शन मुड में बीसीसीआई**

Page 10

देश




**एम्बुलेंस में बैठकर पूरम महोत्सव में पहुंचे थे केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी, पुलिस ने दर्ज...**

कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 05 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 324 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹80,400 | ₹97,000 |

## आज का इतिहास

- 1945 : भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के कैदियों के मामलों की सुनवाई लाल किले में शुरू हुई।
- 2013 : विधेयक डे ब्लासिओ न्यूयॉर्क शहर के मेयर चुने गए।

## न्यूज बाइट्स

### छठपूजा के लिए प्रशासन ने मोबाइल एप लॉन्च किया

**पटना (नि.सं.)।** छठ महापर्व पर सभी व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा निर्मित वेबसाइट www.chhathpujapatna.in एवं एंड्रायड मोबाइल एप 'छठ पूजा पटना का लोकार्पण किया। वेबसाइट एवं एप पर छठ घाटों से संबंधित सभी जानकारी मिलेगी। जैसे घाट, पार्किंग स्थल, जीपीएस लोकेशन, खतरनाक व अनुपयोगी घाटों की सूची, तालाबों की सूची, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पदाधिकारी का संपर्क नंबर, शिकायत-सुझाव आदि की सुविधा उपलब्ध है। जिला प्रशासन की वेबसाइट पर जाकर लाइव लोकेशन देख सकते हैं या इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए राजकीय खेल प्रतियोगिता

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के दिव्यांग बच्चों के लिए जनवरी में राजकीय खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी, इसमें स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चे भाग लेंगे। हर तरह के दिव्यांगता वाले बच्चों को अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से राजकीय खेल प्रतियोगिता की तिथिवार विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पांच तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें एथलेटिक्स, स्विमिंग, शूटिंग, तीरंदाजी और साइकिलिंग शामिल है। प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिला अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग बच्चे इसमें भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता सें संबंधित जानकारी स्कूलों को दी जाएगी।

### 5 दिसंबर को तिरहुत स्नातक उपचुनाव, 9 दिसंबर को रिजल्ट

**पटना (नि.सं.)।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बिहार विधान परिषद के तिरहुत निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 5 दिसंबर को वोटिंग, 9 दिसंबर को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम जारी कर दिया जाएगा। आयोग के अनुसार 11 नवंबर को अधिसूचना जारी होगी, साथ ही नामांकन शुरू होगा। 18 नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल होगा। 19 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 21 नवंबर नामांकन वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। आपको बता दें यह सीट देवेश चंद्र ठाकुर के सांसद निर्वाचित होने और एमएलसी के पद से इस्तीफा देने के कारण खाली हुई है। इस सीट के लिए कार्यकाल 14 जून 2026 तक निर्धारित है। सीतामढ़ी लोकसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड के देवेश चंद्र ठाकुर 51 हजार 356 वोटों से जीत दर्ज की थी। उन्होंने RJD के अर्जुन राय को शिकस्त दी थी।

# खतरे में बिहार के 24 हजार शिक्षकों की नौकरी, 4000 मिले फर्जी शिक्षक

## 80% को सीटीईटी में 60 फीसदी से कम नंबर, 20% के सर्टिफिकेट फेक

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में लगभग 4000 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। जांच के दौरान 80% शिक्षकों का सीटीईटी में निर्धारित अंक से कम नंबर है। यानी इन्हें सीटीईटी में 60% से कम नंबर है। जबकि 20% शिक्षकों ने दिव्यांग, जाति, निवास, खेल सहित अन्य प्रमाण पत्र फर्जी बनाए है। ऐसे में इन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही फर्जी शिक्षकों से सरकार दिए गए वेतन की भी वसूली करेगी। बिहार में लगभग 24 हजार शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। पहली जांच में उनके एक से अधिक प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। अब दूसरी बार फिर से जांच होगी। इस दौरान भी यदि प्रमाण पत्र के बारे में कोई रिकॉर्ड नहीं मिलता है, तो उनको बर्खास्त करने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सक्षमता परीक्षा पास अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग के दौरान पहले चरण में ही 96 शिक्षकों की मार्कशीट फर्जी थी। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि सक्षमता परीक्षा पास 1.87 लाख अभ्यर्थियों की 1 अगस्त से 13 सितंबर तक काउंसिलिंग की गई थी। इस दौरान 42 हजार शिक्षकों की कई कारणों से काउंसिलिंग नहीं हुई। जबकि 3 हजार से अधिक शिक्षक काउंसिलिंग में अनुपस्थित थे। 42 हजार में 10 हजार से अधिक शिक्षकों का बॉयोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो सका है। हालांकि, जिन अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग नहीं हुई है, उनको छठ के बाद फिर से मौका मिलेगा। सीतामढ़ी में जांच के दौरान नियोजित 7 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। जिनके खिलाफ जालसाजी, सबूत को छिपाने सहित अन्य मामलों में केस किया गया है। 7 फर्जी शिक्षकों में 5 महिला हैं। जानकारी के मुताबिक, शिक्षकों की मार्कशीट जांच के दौरान संदिग्ध पाई गई थी।

इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उन्हें वास्तविक कागज सौंपने का निर्देश दिया था, लेकिन कई बार रिमाइंडर के बाद भी संबंधित कागज विभाग को नहीं सौपा। इस दौरान शिक्षा विभाग की ओर से उनके प्रमाण पत्र की जांच की गई। इसमें कई शिक्षकों की मार्कशीट फर्जी पाई गई। इसके साथ ही जाति और निवास प्रमाण पत्र भी गलत थे। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसिलिंग हो चुकी है। इसके बाद जिन शिक्षकों की मार्क शीट संदिग्ध हैं। उनकी जांच संबंधित विश्वविद्यालयों से जांच कराई जा रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने संबंधित विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक अधिकारियों को शिक्षकों की मार्क शीट भेजी है। इसके साथ ही उनके काम की डिटेल भी मांगी जा रही है। जिससे शिक्षकों द्वारा दिए गए अनुभव प्रमाण पत्र की भी जांच हो। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के होने वाले ट्रांसफर-पोस्टिंग के बाद उनका सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों की मार्कशीट, फोटो, निवास, जाति प्रमाण पत्र, बॉयोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन आधारित आधार कार्ड का सत्यापन, थंब इम्प्रेशन की जांच होगी। सभी रिकॉर्ड सर्विस बुक में दर्ज होंगे। डिजिटल सर्विस बुक बनने के बाद रिकार्ड ऑनलाइन कर दिए जाएंगे। शिक्षक जहां काम करेंगे, संबंधित अफसर तत्काल जांच कर सकेंगे।



### काउंसिलिंग में कई शिक्षकों की मार्क शीट संदिग्ध

माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेंद्र सिंह ने कहा कि सक्षमता परीक्षा पास 40 हजार से अधिक शिक्षकों की काउंसिलिंग नहीं हो सकी है। नवंबर में छूटे हुए अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग की संभावना है। काउंसिलिंग में कई शिक्षकों की मार्क शीट संदिग्ध मिली है।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 10 जिलों में शुरुआत

# स्कूल हेडमास्टर से छीना जाएगा मिड-डे मील मैनेजमेंट, बच्चों को मिलेगा पका-पकाया खाना

**निज संवाददाता | पटना**

स्कूल हेडमास्टर से मिड-डे मील छिन गया है। बिहार सरकार ने मिड-डे मील को स्कूल मैनेजमेंट से बाहर कर दिया है। स्कूल हेडमास्टर मिड-डे मील का मैनेजमेंट नहीं करेंगे। मिड-डे मील मैनेजमेंट बच्चों को खाना बनाने से पका-पकाया खाना खिलाने तक का काम करेगा। रसोईया और सहायक रसोईया बच्चों को खाना खिलाने की भूमिका में रहेंगे। हेडमास्टर सिर्फ अनाज भंडारण की जगह देंगे। बिहार में इसकी शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई है। मिड-डे मील मैनेजमेंट की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई है। बिहार के 10 जिलों मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, भागलपुर, लखीसराय, गया और औरंगाबाद जिले में इसकी शुरुआत की जा रही है। इन 10 जिलों के दो-दो पंचायत को चुना गया है, यानी 20 पंचायतों में इसकी शुरूआत होगी। मिड-डे मील के डायरेक्टर विनायक मिश्रा ने इन 10 जिलों के DM को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मिड-डे मील योजना की वजह से स्कूल के हेडमास्टर, प्रभारी प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों के इंवॉल्व रहने से स्कूल का ज्यादातर समय बर्बाद होता है। मिड-डे मील के डायरेक्टर विनायक मिश्रा ने इन 10 जिलों के डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मिड-डे मील योजना की वजह से स्कूल के हेडमास्टर, प्रभारी प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों के इंवॉल्व रहने से स्कूल का ज्यादातर समय बर्बाद होता है।



### मिड-डे मील डायरेक्टर ने जारी किया पत्र

मिड-डे मील के डायरेक्टर विनायक मिश्रा ने इन 10 जिलों के डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि PM पोषण योजना के तहत मिड-डे मील मैनेजमेंट के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बच्चों को पका-पकाया खाना उपलब्ध कराया जाए। पत्र में कहा गया है कि मिड-डे मील योजना की वजह से स्कूल के हेडमास्टर, प्रभारी प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों के इंवॉल्व रहने से स्कूल का ज्यादातर समय बर्बाद होता है।

### 30 दिन के लिए पायलट प्रोजेक्ट

सरकार का प्रोजेक्ट सक्सेसफुल होता है तो इसे पूरे बिहार में लागू किया जाएगा। शिक्षा विभाग के माध्यम में डायरेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था एक महीने के लिए है। पका-पकाए खाने की रिपोर्ट गार्जियन से भी ली जाएगी। गार्जियन के संतुष्ट होने पर ही यह व्यवस्था आगे लागू की जाएगी। सभी डीएम को महीने भर के अंदर रिपोर्ट सबमिट करना होगा।

# यूपी, पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

## अब 13 की जगह 20 नवंबर को वोटिंग, त्योहारों की वजह से शेड्यूल बदला

**एजेंसी | नई दिल्ली**





उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, आरएलडी और बसपा की मांग पर की गई है। इन पार्टियों का कहना था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व है। वहीं, केरल में 13 से 15 नवंबर तक कलपाथि रास्थोलसेवम मनाया जाएगा। इससे वोटिंग पर असर पड़ता।

20 नवंबर को ही महाराष्ट्र विधानसभा की 288 और झारखंड की 38 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर इसी दिन उपचुनाव है। 11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं चुनाव आयोग के आज की घोषणा में 11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं किया गया है। यानी यहां 13 नवंबर को ही वोटिंग होगी। इसी दिन झारखंड विधानसभा की 43 सीटों पर मतदान होंगे। इसके साथ ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र-झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की थी।

42 सांसद बने, 3 का निधन 48 विधानसभा सीटों में से 42 के विधायक सांसद बने हैं। इनमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 11, भाजपा के 9, सपा- टीएमसी के 5-5 और अन्य दलों के 12 विधायक शामिल हैं। बाकी 6 में से तीन सीटें निधन से खाली हुईं। सपा विधायक के जेल जाने से, सिक्किम में 2 के इस्तीफे और मध्य प्रदेश में एक विधायक के पार्टी बदलने से सीट खाली हुई। केरल की वायनाड सीट राहुल गांधी के इस्तीफे और महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट कांग्रेस सांसद के निधन से खाली हुई है।

# शारदा सिन्हा की हालत बिगड़ी, आईसीयू में किया गया शिफ्ट

पटना (नि.सं.)। दिल्ली एम्स में भर्ती लोक गायिका शारदा सिन्हा को आईसीयू में भर्ती किया गया है। 3 नवंबर को ही उन्हें प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया गया था। उनका ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा है, जिसके कारण उन्हें प्राइवेट वार्ड से आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। दरअसल, पिछले 10 दिनों से शारदा सिन्हा दिल्ली एम्स में भर्ती हैं। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल आंकोलॉजी वार्ड में भर्ती कराया गया था। उन्हें काफी समय से खाने-पीने में दिक्कत हो रही थी, जिसके लिए उनका इलाज भी चल रहा था। 26 अक्टूबर की सुबह उनकी तबीयत काफी ज्यादा खराब हो गई थी। दिल्ली एम्स में भर्ती लोक गायिका शारदा सिन्हा का छठ पूजा से पहले नए गाने का वीडियो जारी हुआ है। उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से वीडियो को रिलीज किया गया है।



# भागलपुर में 55वां भारतीय परिचर्चा सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित किया जायेगा
- विधान पार्षद एन के यादव ने किया फिल्म समारोह सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन

**निज संवाददाता | भागलपुर/पटना**



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा भागलपुर के कला केंद्र परिसर में 55वां भारतीय परिचर्चा सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद डॉ. एन के यादव, प्रसिद्ध नाटककार राजेश कुमार, कला केंद्र के निदेशक प्रो. उदय, सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार, मनोज सिंह, और भागलपुर की पूर्व डिप्टी मेयर प्रीति शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विधान पार्षद एन के यादव ने कहा कि भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह इस बार गोवा में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने भागलपुर में इसके प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन को सराहा और कहा कि फिल्मों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तनों को आम जनता तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। वरिष्ठ रंगकर्मी और कथाकार राजेश कुमार ने कहा कि छोटे शहरों में फिल्म समारोह आयोजित कर फिल्मों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर फिल्म निर्माण की बढ़ती प्रवृत्ति की सराहना की और इस दिशा में और पहल की आवश्यकता पर जोर दिया। पूर्व उपमहापौर प्रीति शेखर ने फ़िल्मों के मन मस्तिष्क पर प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि फिल्म के माध्यम से कलाकार अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। सीबीसी-पीआईबी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की चर्चा करते हुए बताया कि इस वर्ष सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय युवाओं के लिए 'सर्वश्रेष्ठ नवोदित भारतीय फिल्म खंड 2024, नामक नया खंड स्थापित किया है। आलय नाट्य समूह के प्रमुख मनोज कुमार ने फिल्म की विधा पर प्रकाश डालते हुए इसके सामाजिक प्रभाव की बात की। कला केंद्र और परिधि के निदेशक उदय कुमार ने कहा कि फिल्म आज मीडिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है, जो विषय की सम्प्रेषणीयता को बढ़ाती है। इस अवसर पर संजय कुमार द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ कलाकार और रंगकर्मी शशि शंकर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने दिया। कार्यक्रम में आलय नाट्य समूह के शशि, चैतन्य, और आलोक, साथ ही सीबीसी की ओर से शमीम अजहर और प्रभात कुमार भी उपस्थित रहे।







# राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के प्राचार्य द्वारा रिसर्च पेपर का प्रकाशन

**निज संवाददाता | औरंगाबाद**

राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद, बिहार के प्राचार्य ने एससीआईई जर्नल में इम्पैक्ट फैक्टर 3.1 के साथ बायोटीएफईटी आधारित पीएच सेंसर के अनुप्रयोग पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया है। यह शोध ऑनलाइन उपलब्ध है। उक्त शोध में डबल-गेट इलेक्ट्रोलाइट-इन्सुलेटेड सेमीकंडक्टर एक्सटेंडेड-सोर्स टनल फील्ड-इफेक्ट ट्रांजिस्टर पर वर्टिकल एलाइनमेंट के स्रोत और ड्रेन क्षेत्रों के प्रभाव की जांच की गई है। यह पीएच सेंसर के रूप में प्रस्तावित किया गया है और इसमें पीएच भिन्नताओं के उपकरण की विद्युत विशेषताओं जैसे ड्रेन करंट, ट्रांसकंडक्टेंस, वोल्टेज सेंसिटिविटी और करंट सेंसिटिविटी का अध्ययन किया गया है। शोध में इलेक्ट्रोलाइट को एक इंट्रिंसिक सेमीकंडक्टर के रूप में विशिष्ट गुणों के साथ मानते हुए यह दर्शाया गया है कि यह बायो-आधारित पीएच सेंसर भविष्य के बायोसेंसिंग अनुप्रयोगों के लिए संभावनाएँ प्रदान करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा-अर्चना

**फतेहपुर।** कायस्थ परिवार का महापर्व चित्रगुप्त पूजा रविवार को फतेहपुर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाके में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने कलम और दावात रख भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर मनोवांछित फल और शांति के लिए कामना की। पूजा के अवसर पर फतेहपुर मार्केट मुहल्ले में कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई और लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। लोगों ने पंडाल में भगवान चित्रगुप्त के दर्शन कर उनसे सुख-समृद्धि की कामना की।

### विधान परिषद सभापति का प्रखंडों में प्रतिनिधि मनोनीत

**नीमचक बथानी।** अनुमंडल के सभी चारों प्रखंडों में विधान परिषद के सभापति सह सदस्य अवधेश नारायण सिंह ने अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उनके द्वारा मनोनीत किए गए सभी प्रतिनिधि प्रखंड में होने वाले बैठकों में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। इस संबंध में जारी किए गए पत्र के अनुसार मोहड़ा प्रखंड से भानु प्रताप, खिजरसराय से मनंजय कुमार सिंह, अतरी से अनिल कुमार सिंह एवं बथानी से दिलीप रजक प्रतिनिधि बनाए गए हैं।

### मिसिरचक गांव में श्रमदान से छठ घाट की कराई सफाई

**टनकुप्पा।** उतलीबारा पंचायत की मिसिरचक गांव स्थित पैमार नदी छठ घाट की सफाई व व्रतियों को घाट तक पहुंचने का रास्ता का निर्माण कार्य समाजसेवी लालू कुमार की देखरेख में पूरा कर लिया गया है। समाजसेवी लालू कुमार ने बताया कि छठ पूजा को लेकर मिसिरचक छठ घाट तक व्रतियों को पहुंचने व घाट की सफाई का कार्य श्रमदान व जेसीबी मशीन द्वारा पूरा कर लिया गया है, साथ ही घाट पर प्रकाश सहित व्रतियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### भाइयों ने बहनों की रक्षा के लिए संकल्प लिया

**फतेहपुर।** भाई की रक्षा और दीर्घायु के लिए बहनों द्वारा मनाए जाने वाला पर्व भैया दूज रविवार को फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में काफी धूमधाम से मनाया गया। बहनें सुबह से ही पर्व की तैयारी में जुट गई थीं। बहनें स्नान कर नए परिधानों में सज कर दरवाजे पर गाय के गोबर से यमराज बनाई और उसको समाठ से कूटकर अपने भाइयों के मंगल व दीर्घायु होने की कामना की। बहनें भाइयों के लिए अन्नकूट के बाद उन्हें बजरी खिलाई। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

### टिकारी ने 30 रनों से धरनई को हराकर पीएस चैलेंजर ट्रॉफी पर किया कब्जा



**गया।** बेलागंज प्रखंड के नियामतपुर स्थित खेल मैदान में रविवार को टिकारी और धरनई की क्रिकेट टीमों द्वारा रोमांचक मुकाबला हुआ। टिकारी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 169 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें शुभम कुमार की 67 रनों की आतिशी पारी शामिल है। धरनई की टीम ने भी कड़ी चुनौती दी, परंतु अंत में 139 रन पर ही पूरी टीम ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के बल्लेबाज शुभम कुमार का मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण जिला पार्षद करिश्मा कुमारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में युवा समाजसेवी राकेश रंजन उर्फ रॉकी यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन कराया। इस कार्यक्रम के आयोजन में संतोष कुमार छोटे, आशुतोष कुमार बड़े, नागेन्द्र कुमार, वैदेही शर्मा, मनोज कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

### नव नालंदा महाविहार में बनेगा 400 सीटों का अत्याधुनिक सभागार

**नालंदा।** प्राचीन भारत और वियतनाम के बौद्ध संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नव नालंदा महाविहार का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। इसके तहत महाविहार में एक आधुनिक सभागार का निर्माण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय के उप-कुलपति पूज्य भिक्षु थिक न्हात तू कर रहे थे।



इस प्रतिष्ठित दल में सर्वोच्च पैट्रियार्क काउंसिल के सदस्य थिक टेम ट्री, वियतनाम बौद्ध संघ के उपाध्यक्ष पूज्य भिक्षु थिक न्हात तू और कार्यकारी सदस्य पूज्य भिक्षु थिक ताम डूक शामिल थे। प्रस्तावित सभागार की विशेषता यह है कि यह नव नालंदा महाविहार के पूर्व छात्र और प्राध्यापक रहे पूज्य भिक्षु थिक मिन्ह चाउ की स्मृति में बनाया जाएगा। यह 400 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक सभागार होगा, जो दोनों संस्थानों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान को नई दिशा प्रदान करेगा। नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह परियोजना न केवल दो शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग का प्रतीक है, बल्कि भारत और वियतनाम के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने का माध्यम भी बनेगी। दोनों संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर की भी योजना है, जो शैक्षणिक विकास और अन्य सहयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी कुलपति प्रो. राजेश रंजन के विचारों ने भी विशेष महत्व रखा, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ. मीता ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, जिनमें प्रो. विश्वजीत कुमार, प्रो.श्रीकांत सिंह, प्रो.हरेकृष्ण तिवारी, प्रो. बिनोद कुमार चौधरी, प्रो. रूबी कुमारी, प्रो. चन्द्रभूषण मिश्र, प्रो. राणा पुरुषोत्तम, डॉ. प्रदीप कुमार दास, और डॉ. अनुराग शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### झोपड़ी में आग लगाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**नालंदा।** नालंदा के करायपरसूराय थाना क्षेत्र के छितर बिगहा गांव में हुई अग्निजनित घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला गत 31 अक्टूबर का है। जब स्थानीय निवासियों के बीच हुए विवाद के दौरान मंगल मांझी के घर के बाहर स्थित फूस की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद डीएसपी हिलसा-01 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने अजय महतो और शिशुपाल कुमार को गिरफ्तार किया है। अजय महतो छितर बिगहा के निवासी हैं। जबकि शिशुपाल कुमार पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के खरवहिया गांव के रहने वाले हैं। विशेष रूप से गठित छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक रामशंकर सिंह,करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, चिकसौरा थाना अध्यक्ष बब्बन कुमार, अनुसंधानकर्ता संतन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। डीएसपी ने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। पुलिस ने क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। घटना धर्मशीला देवी द्वारा दर्ज कराई गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि माचिस नहीं देने के कारण बदमाशों ने उनके घर के आगे बने झोपड़ी में आग लगा दी थी।

# महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की गौरवशाली यात्रा का शुभारंभ

## नालंदा पहुंची ट्रॉफी, आम जनता को जानकारी देने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च

निज संवाददाता। नालंदा

राजगीर में होने वाली प्रतिष्ठित एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की ट्रॉफी गौरव यात्रा का आज ऐतिहासिक नालंदा खंडहर में भव्य शुभारंभ किया गया। रवींद्रण शंकरण, महानिदेशक-सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, जिला अधिकारी नालंदा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। 11 से 20 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में एशिया की छह प्रमुख टीमें - भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड - अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। राजगीर के राजकीय खेल अकादमी-सह-खेल परिसर में होने वाला यह टूर्नामेंट बिहार के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।



**जानकारी देने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्चः** प्रतियोगिता की जानकारी को आम जनता तक पहुंचाने के लिए "हॉकी राजगीर 2024" मोबाइल एप्लिकेशन का भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स और स्थानीय हॉकी खिलाड़ियों ने ट्रॉफी यात्रा में सक्रिय भागीदारी की। नालंदा खंडहर से रंग-बिरंगे गुब्बारों की उड़ान के साथ जागरूकता अभियान का आगाज किया गया। जिला प्रशासन ने टूर्नामेंट की सफलता के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। एक विशेष नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जहां से आवास, परिवहन, खान-पान, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं का प्रबंधन किया जाएगा। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे। यह आयोजन न केवल बिहार के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि राज्य में महिला हॉकी को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

# पटना के नंबर से डॉक्टर को मिली थी धमकी

निज संवाददाता। गया



गया जिले के मगध मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विनोद सिंह को धमकी दी गई थी। मामले में नया मोड़ सामने आया है। प्राचार्य ने आवेदन में रामपुर थाना को बताया था कि उन्हें अनजान मोबाइल नम्बर से कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई है, लेकिन यह बात पुलिस की जांच में स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि जांच में फोन करने वाले ने देख लेने की बात कही है। इस मामले में पुलिस की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सिटी डीएसपी 2 धर्मेन्द्र भारती ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि धमकी देने वाला नंबर पटना के जकरियापुर के रहने वाले आयुष कुमार तिवारी का है। वह वैष्णवी कंसल्टेंसी सर्विसेज नाम की एक निजी कंपनी चलाते हैं। इस कंपनी का सरकारी संस्थानों में संविदा कर्मियों की भर्ती का काम है। संबंधित कंपनी की ओर से एनएमसीएच में भी कर्मचारी संविदा पर नियुक्त किए गए हैं। प्राचार्य ने कार्य में असंतोष के चलते इन कर्मियों की निविदा रद्द करने का प्रस्ताव दिया था। इसी से नाराज होकर आयुष तिवारी ने कथित तौर पर प्राचार्य को फोन कर अनचाही बातें कह दीं।

धर्मेन्द्र भारती ने बताया कि डॉक्टर विनोद सिंह की ओर से दिए गए कॉल रिकॉर्डिंग में कहीं भी जान से मारने की धमकी नहीं दी गई है, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 35 (3) के तहत आयुष तिवारी को नोटिस जारी कर विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। गया एसएसपी के निर्देश पर रामपुर थाना की पुलिस केस की जांच पूरी सतर्कता से कर रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# नालंदा में बनेंगे तीन नए पावर सब स्टेशन

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के नूरसराय और रहुई प्रखंडों में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए तीन नए पावर सब स्टेशन (पीएसएस) की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक स्टेशन की क्षमता 20 एमवीए होगी, जिससे गर्मियों में होने वाली ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या का स्थाई समाधान होगा। विद्युत विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रूपक कुमार ने बताया कि योजना का प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रहुई के ढिबरापर, सोसंदी और नूरसराय के रतनपुरा में नए स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक पीएसएस में 10-10 एमवीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। नई व्यवस्था से न केवल मौजूदा पीएसएस का लोड कम होगा, बल्कि क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति दी जाएगी। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सभी पुराने और नए पीएसएस को रिंग सिस्टम



से जोड़ा जाएगा, जिससे आपूर्ति में लचीलापन आएगा।

**1.50 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को फायदाः** विभागीय सूत्रों के अनुसार भूमि अधिग्रहण के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। संबंधित सर्किल ऑफिसर को इस संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। नई व्यवस्था के तहत, नूरसराय पीएसएस के धरमपुर और नारी फीडर को रतनपुरा स्टेशन में शिफ्ट किया जाएगा। इसी तरह, ढिबरापर पीएसएस पर न्यू नॉर्थ फीडर, सोसंदी पीएसएस पर गोनावां, चौरिया और उगवां फीडरों को स्थानांतरित किया जाएगा। परियोजना के पूरा होने से लगभग 1.50 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# नींद टूटी तो सामने 4 डकैत थे, कैश-गहने लूट लिए

## नालंदा में घर में अकेली महिला से मारपीट की

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार रात एक घर में करीब 2 लाख रुपए की डकैती हो गई। हथियारबंद 4 लोगों ने रात करीब 10 बजे घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट की और उसके पैर-हाथ बांध दिए। फिर 10 मिनट के अंदर घर से 2 लाख की संपत्ति ले गए। इसमें 70 हजार कैश थे। पीड़ित महिला का कहना है कि 70 हजार में 50 हजार छठ में खर्च के लिए बेटी ने भेजे थे। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। पीड़ित महिला किरण देवी ने बताया, 'मैं घर में अकेली सो रही थी। रात करीब 10 बजे खटपट की आवाज आई। नींद टूटी तो सामने चार लोग खड़े थे। उनके हाथ में हथियार थे। उन लोगों ने मेरे हाथ-पैर पकड़ लिए और मुंह दबा दिया। मैंने विरोध किया तो वो लोग मारपीट करने लगे। उनलोगों ने मुझे बंधकर बनाकर अलमारी की चाबी मांगी। डर से मैंने दे दिया। करीब 10 मिनट उनलोगों ने उत्पात मचाया, फिर सारे सामान लूटकर

### 10 मिनट में 2 लाख की डकैती



सभी बदमाश भाग गए। उनके जाने के बाद किसी तरह मैंने रस्सी खोली और पड़ोसी को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई।' घटना रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत इतासंग गांव की है।

**बाउंड्री फांदकर घर के घुसे थे डकैतः** जिस जगह घटना हुई वहां घनी आबादी है। बदमाश बाउंड्री फांदकर घर के घुसे थे। छठ पर्व में किरण देवी की बेटी घर आने वाली है। महिला के पति की कुछ साल पहले मौत हो गई है। किरण देवी सत्संग और पूजा पाठ से जुड़ी रहतीं हैं।

**लोकल गिरोह का हाथ हैः** रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया, पूछताछ में महिला ने बताया कि बदमाश लोकल लैंग्वेज में बात कर रहे थे। जिससे यह जाहिर हो रहा है कि लोकल गिरोह का इसमें हाथ है। पूर्व से ही बदमाशों को यह बात पता है कि महिला घर में अकेली रहती है।

**रात साढ़े दस बजे पुलिस को सूचना मिलीः** सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया, 'रात करीब 10:30 बजे रहुई थाना की पुलिस को फोन पर सूचना मिली कि इतासंग गांव स्थित किरण देवी के घर में चार अज्ञात अपराधी घुसे हैं। कर्मियों ने हथियार के बल पर उन्हें बंधक बना लिया है। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और FSL की टीम का सहयोग लिया जा रहा है। हर एक संभावित बिंदुओं पर जांच जारी है। जल्द मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। इस कांड में शामिल सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

# बिहारशरीफ में पुलिस और स्थानीयों के बीच तनाव

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ के सोहसराय क्षेत्र में रविवार की शाम को पुलिस और स्थानीय निवासियों के बीच गंभीर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। आशानगर मोहल्ले के निवासियों ने पुलिस पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और धार्मिक गतिविधियों में अनुचित हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। मोहल्ले वासियों ने कहा कि उन्होंने मूर्ति स्थापना के लिए सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ली थीं। फिर भी, देर रात पुलिस कर्मियों ने कथित तौर पर पूजा समिति के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया और मूर्ति के जल्द विसर्जन के लिए दबाव बनाया। पुलिसकर्मी रात में हमारे घरों में घुस आए और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। आक्रोशित लोगों ने स्थानीय विधायक के आवास तक मार्च किया और न्याय की मांग की। हालांकि, सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि का कहना है कि यह एक सामान्य गश्त का मामला था। रात के समय मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ लोगों को जगाया गया था। पुलिस पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है।

# डबल इंजन की सरकार में एक इंजन अपराध में, दूसरा भ्रष्टाचार में : तेजस्वी

निज संवाददाता। टिकारी

गोवर्धन भगवान ने जिस तरह से भगवान इंद्र के शासन का घमंड तोड़ा था उसी तरह से मोदी जी और नीतीश जी के घमंड को तोड़कर सूबे की सत्ता पर राजद को बिठाना है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने क्षेत्र के कमालपुर में रविवार को आयोजित गोवर्धन पूजा समारोह में लोगो को सम्बोधित करते हुए कही। कहा कि भगवान कृष्ण ने जो दिशा दिखाई है उसी का पालन करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने की आवश्यकता है। बेलागंज व इमामगंज विधानसभा के उप चुनाव में राजद का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि मैंने महज सत्रह साल के कार्यकाल में उप मुख्य मंत्री रहते पांच लाख नौकरियां दीं जो देश के किसी राज्य में ऐसा नहीं हुआ। हमारे कार्यकाल में लोगों को नौकरी व डिग्री मिलती है लेकिन सरकार से बाहर निकलते ही पेपर लीक होने लगी। जनता बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार से तबाह है लेकिन राज्य की डबल इंजन की सरकार में एक इंजन अपराध में और दूसरा इंजन भ्रष्टाचार में है। जदयू व बीजेपी का नाम लिए बिना नालंदा वाला व नागपुर वाला बताते हुए कहा कि इन दोनों द्वारा हमलोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है, जिससे चेत जाना होगा। आपस में लड़ेंगे तो विपक्ष में ही बैठेंगे। वहीं श्री यादव ने सरकार बनने पर राज्य की बहनों को प्रत्येक रक्षा बंधन पर एक लाख रुपये बैंक खाता में देने की बात कही। राज्य सरकार व केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए श्री यादव ने कहा कि सत्ता से दूर करने के लिए मेरे पिता जी को जेल भेजा मुकदमा किया लेकिन हमलोग नही डरे। इनके जेल भेजने व मुकदमे के भय से उनका बेटा भी थोड़े ही डरने वाले है। लोगो का अभिवादन करते हुए श्री यादव सड़क मार्ग से कैमूर के लिए प्रस्थान कर गये। सहदेव फाउंडेशन व गोवर्धन पूजा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे श्री यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, राजद संसदीय दल के नेता व सांसद अभय कुशवाहा, गुरुआ विधायक विनय यादव ने विद्यालय प्रांगण में स्थापित बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सहदेव प्रसाद यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आयोजन समिति द्वारा श्री यादव सहित अन्य नेताओं का स्वागत माला पहना व अंगवस्त्र देकर किया गया। वहीं सांसद अभय कुशवाहा द्वारा भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की प्रतिमा भेंट की गई। समारोह को सांसद अभय कुशवाहा, गुरुआ विधायक विनय यादव, पूर्व विधायक बागी वर्मा, अजय पासवान, वीरेंद्र गोप, अशोक आजाद, सुभाष यादव, सौरव यादव, बंटी यादव, जितेंद्र यादव, संतोष निराला, अनिल यादव, अवधेश यादव, शरीफा देवी, विनोद शर्मा, अमित वर्मा, विनोद यादव सहित अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया व समाज के लोगों से एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहदेव फाउंडेशन के अध्यक्ष व राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ गोपाल कृष्ण ने किया व संचालन राजद के प्रदेश सचिव रिक्की यादव ने किया। डॉ कृष्ण ने आगत अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन भी प्रेषित किया। श्री यादव को सुनने विद्यालय के मैदान में भारी संख्या में लोगो का हुजूम जुटा था। साथ ही साथ सड़क मार्ग से कैमूर जा रहे श्री यादव का स्वागत मउ व इस्माईलपुर में महागठबंधन से जुड़े नेताओं ने किया।


**हावड़ा और रक्सौल एवं सियालदह और गोरखपुर के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें**

आगामी छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03053/03054 **हावड़ा–रक्सौल–हावड़ा अनारक्षित स्पेशल** और 03133/03134 **सियालदह–गोरखपुर–सियालदह अनारक्षित स्पेशल** ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**03053/03054 हावड़ा–रक्सौल–हावड़ा अनारक्षित स्पेशल**

| हावड़ा–रक्सौल | | | (03053) (03054) स्टेशन | रक्सौल–हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | | आ. | प्र. | तिथि |
| 05.11.24 | – | 23.45 | ↓ हावड़ा | 08.30 | – | 07.11.24 |
| 06.11.24 | 02.10 | 02.12 | बर्द्धमान | 06.34 | 06.36 | |
| | 03.55 | 04.00 | आसनसोल | 04.40 | 04.45 | |
| | 06.20 | 06.22 | जसीडीह | 02.12 | 02.14 | |
| | 12.25 | 12.30 | दरभंगा | 19.55 | 20.00 | 06.11.24 |
| | 15.45 | – | रक्सौल ↑ | – | 16.55 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी और बैरंगनियां स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ:** 03053 **हावड़ा से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को और 03054 **रक्सौल से** दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को = 1 ट्रिप प्रत्येक। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 12 (अनारक्षित मानी जाएगी), एसएलआरडी–2 = 14 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03133/03134 सियालदह–गोरखपुर–सियालदह अनारक्षित स्पेशल**

| सियालदल–गोरखपुर | | | (03133) (03134) स्टेशन | गोरखपुर–सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | | आ. | प्र. | तिथि |
| 05.11.24 | – | 23.55 | ↓ सियालदह | 19.00 | – | 07.11.24 |
| 06.11.24 | 03.00 | 03.05 | बर्द्धमान | 15.46 | 15.48 | |
| | 04.55 | 05.00 | आसनसोल | 13.55 | 14.00 | |
| | 07.28 | 07.30 | जसीडीह | 11.23 | 11.25 | |
| | 12.15 | 12.20 | समस्तीपुर | 06.40 | 06.45 | |
| | 20.15 | – | गोरखपुर ↑ | – | 21.30 | 06.11.24 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चितरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान और देवरिया सदर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ:** 03133 **सियालदह से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को और 03134 **गोरखपुर से** दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को = 1 ट्रिप प्रत्येक। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 12 (अनारक्षित मानी जाएगी), एसएलआरडी–2 = 14 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमईएमयू-सीएएमसी-बीएचईएल-3पीएच-एएसएन, दिनांक 28.10.2024।** मंडल विद्युत अभियंता/मेमू/टीआरएस, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु प्रमाणित अनुभव एवं कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** मेमू कार शेड आसनसोल में मैसर्स भेल निर्मित प्रोपल्शन सिस्टम 03पीएच मेमू रेक नं. 218201+218202+218553 का 03 वर्षों के लिए सीएएमसी। **निविदा मूल्यः** रु. 61,80,840। **बयाना राशिः** रु. 1,23,600। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 5,000। **कार्य समापन अवधिः** तीन (03) वर्ष। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समयः** दिनांक 18.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे बंद होगी एवं दोपहर 12.30 बजे खोली जाएगी। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

**(ASN-214/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं.: डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-07-24-25 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा); दिनांक 01.11.2024;** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/इंजी./सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700017 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा प्रणाली के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** सियालदह मंडल - गति शक्ति यूनिटः सियालदह में कोचिंग बुनियादी सुविधा के विकास के संबंध में न्यू कोचिंग कॉमप्लेक्स (एनसीसी) सियालदह में एलएचबी स्टोर बिल्डिंग (जी+1) का निर्माण। **अनुमानित मूल्यः** रु. 4,57,20,586.27; **बयाना राशिः** रु. 3,78,600; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **खुलने की तारीखः** 19.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे; निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(SDAH-218/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज बाइट्स

### रामे गांव में चित्रगुप्त पूजा का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के रामे गांव में तीन नवंबर को कायस्थ परिवारों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। सोमवार के दिन रामे सूर्य मंदिर के सरोवर में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर चित्रगुप्त पूजा के व्यवस्थापक विजय कुमार सिन्हा, दिनेश कुमार सिन्हा, शशि भूषण प्रसाद, अश्विनी कुमार, अजेश कुमार एवं समस्त कायस्थ परिवार मौजूद रहे। मौके पर मौजूद व्यवस्थापक विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त की उत्पति ब्रह्मा जी के काया से हुआ था। इसीलिए उनको कायस्थ कहा गया। दुनिया के सभी कायस्थ परिवार भगवान चित्रगुप्त के वंशज हैं। इनके हाथों में कर्म की किताब, लेखनी और दवात है। इनकी लेखनी से ही जीवों को उनके कर्म के अनुसार न्याय मिलता है। कायस्थ परिवार बुद्धि, बल, शौर्य, साहस के लिए इनकी पूजा करते हैं।

### आस्था का केंद्र है रामे गांव स्थित सूर्य मंदिर



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के रामे गांव स्थित सूर्य मंदिर प्रशासन की नजरों से ओझल है। यही कारण है कि इस सूर्यमंदिर के प्रांगण में सरकारी स्तर पर कोई कार्य नहीं किया गया है। यहां जो भी कार्य हुआ है, सभी ग्रामीणों के सहयोग से हुआ है। जबकि ग्रामीण लोग और आस पास के गांव के लोग बताते हैं कि मंदिर कितना पुराना है हमलोग नहीं जानते हैं। 80 वर्षीय यदुनंदन सिंह, बंगाली मिस्त्री, रामलखन सिंह बताते हैं कि हमलोगों दादा जी भी नहीं बताते थे कि मंदिर कितना वर्ष पहले बना है। इस मंदिर के पास रामे, फाजलपुर, मियां बिगहा समेत आस पास के कई गांवों के छठव्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पहुंचते हैं। लोग बताते हैं कि प्रत्येक छठ व्रत के समय दर्जनों लोग अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करने यहां पहुंचते हैं। क्योंकि सूर्य उपासना के दिन भगवान भास्कर से मांगने वालों निः संतानों को भी पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। मंदिर और छठ पूजा के व्यवस्थापक विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सूर्योपासना के दिन इस मंदिर के प्रांगण में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाती है। लेकिन सरकारी व्यवस्था के नाम पर एक चापाकल भी पानी पीने के लिए नहीं लगाया गया है। प्यासे लोगों को पानी पिलाने के लिए ग्रामीणों द्वारा स्टॉल लगाया जाता है। मंदिर और घाट के साफ सफाई में रामे निवासी धर्मवीर उर्फ दीपू जी, शालिग्राम सिंह, मृत्युंजय कुमार, जानकी महतो, प्रमोद प्रसाद, विनय सिंह, पिंटू पांडे सहित दर्जनों लोग लगे रहे।

### मारपीट में अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के लालू मोड़ स्थित टॉवर के समीप बीते तीन दिनों पूर्व एक टोटो और बाइक के बीच टक्कर को लेकर उपजे विवाद में जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट में घायल दोपटा गांव निवासी स्व रामलखन चौधरी के पुत्र जितेंद्र कुमार ने थाने को लिखित आवेदन देकर चार लोगों को नामजद एवं लगभग 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्तों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि लालू मोड़ स्थित टॉवर जाने के क्रम में हुई मारपीट को लेकर थाना काण्ड संख्या 527/24 में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। वहीं थाने में पदस्थापित एसआई नूर आलम ने गुप्त सूचना के आलोक में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार लोगों में अकबरपुर थाना क्षेत्र के धानु बिगहा गांव निवासी अनिल राजवंशी के पुत्र विक्रम कुमार, लालो राजवंशी के पुत्र प्रमोद कुमार एवं विजय राजवंशी के पुत्र रंजीत कुमार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों गिरफ्तार लोगों को सोमवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### धमनी के छह शिक्षकों को मिली पदोन्नति



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सह उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के छः शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा पास कर प्रोन्नति हासिल किया है। इसी खुशी में स्कूल के प्रधानाध्यापक शशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षकों को फूल मालाओं से सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मध्य विद्यालय धमनी सह उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी में पदस्थापित कुल 22 शिक्षक व शिक्षिकाओं में प्रधानाध्यापक तथा प्रधान शिक्षक के पदों पर कुल छः लोगों ने परचम लहराया है। सक्षमता परीक्षा पास कर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पद पर चयनित सुमन ग्रे तथा प्राईमरी स्कूल में प्रधान शिक्षक के पद पर शंकर कुमार, नीतीश कुमार, ब्रजेश कुमार, सुनीता कुमारी व मो. जाबिर अली को पदोन्नति प्राप्त हुई है। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. शशिकांत सिन्हा एवं शिक्षक सुशील कुमार के अलावे अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पदोन्नति प्राप्त करने वाले शिक्षकों को जल्द ही तबादले के साथ स्कूल आवंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक की पद हेतू वरीयता दिखा कर लड़ाई-झगड़ा कर पद पर काबीज होना आम हो गया था। उन्होंने कहा कि अब सक्षमता पास शिक्षकों को प्रधान शिक्षक बनाये जाने से इस प्रकार की लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी बेहतर होगा।

### विभिन्न कांडों में अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

**दावथ (रोहतास) (नि.सं.)।** दावथ थाने की पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र से वारंटियों सहित अपराधियों की की गिरफ्तारी। थाना अध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि गैर जमानती वारंटी अभियुक्त धनंजय तिवारी उर्फ लकड़िया बाबा पिता गोपाल तिवारी तथा कृष्णा राम पिता घुरबिगन राम दोनों ग्राम हठधिया थाना दावथ को गिरफ्तार किया गया है, तो वही दो स्थायी वारंटी विकेन्द्र सिंह पिता नागेश्वर सिंह तथा नागेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय पेल्टू सिंह दोनों ग्राम गंगटी थाना दावथ को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दावथ थाना कांड संख्या 348/24 दिनांक 02.11.24 धारा 30ए बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के प्रा० अभि० श्याम बिहारी भोज पिता स्व० रामायण भोज ग्राम मलियाबाग थाना दावथ जिला रोहतास को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रहीं है।

### अज्ञात वाहन के ठोकर से दो की मौत

**दावथ/ सूर्यपूरा (रोहतास) (नि.सं.)।** राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120 डुमरांव बक्सर रोड पर कैलानी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान। प्राप्त जानकारी के अनुसार काराकाट निवासी विनोद कुमार उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नी उम्र 45 वर्ष के संग मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि इसी बीच अज्ञात वाहन संभवतः ट्रक से कुचले जाने के कारण एक की मृत्यु तो घटनास्थल पर ही हो गई जबकि दूसरे की मृत्यु रेफरल अस्पताल धनगाई मैं इलाज के क्रम में हो गई।

# जिलाधिकारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के लालू मोड़ स्थित टॉवर के समीप बीते तीन दिनों पूर्व एक टोटो और बाइक के बीच टक्कर को लेकर उपजे विवाद में जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट में घायल दोपटा गांव निवासी स्व रामलखन चौधरी के पुत्र जितेंद्र कुमार ने थाने को लिखित आवेदन देकर चार लोगों को नामजद एवं लगभग 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्तों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि लालू मोड़ स्थित टॉवर जाने के क्रम में हुई मारपीट को लेकर थाना काण्ड संख्या 527/24 में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। वहीं थाने में पदस्थापित एसआई नूर आलम ने गुप्त सूचना के आलोक में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार लोगों में अकबरपुर थाना क्षेत्र के धानु बिगहा गांव निवासी अनिल राजवंशी के पुत्र विक्रम कुमार, लालो राजवंशी के पुत्र प्रमोद कुमार एवं विजय राजवंशी के पुत्र रंजीत कुमार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों गिरफ्तार लोगों को सोमवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# केंद्र सरकार ने किया नमो ड्रोन दीदी योजना का शुभारंभ




**नवादा (नि. सं.)।** नैनी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार शोध नीतीश कुमार के द्वार इस योजना के बारे में विस्तार रूप से बताया गया है की खेती में ड्रोन के उपयोग को बढ़ाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण के सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की है। केंद्र सरकार ने डीएवाई-एनआरएलएम के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'नमो ड्रोन दीदी' को मंजूरी दे दी है। इस योजना के के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि के दौरान 14,500 चयनित महिला एसएचजी को अनुदान पर ड्रोन उपलब्ध कराये जाएंगे। योजना का उद्देश्य कृषि में तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग जैसे उद्देश्यों के लिए ड्रोन उपलब्ध कराना है जो किसानों को किराये पर ये सेवाएं प्रदान करेंगी। कृषि और किसान कल्याण विभाग ने इस योजना के परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं और सभी हितधारकों से अनुरोध किया गया है कि वे "नमो ड्रोन दीदी" योजना के शीघ्र क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए इन दिशा-निर्देशों का पालन करें।इस योजना के तहत, ड्रोन और सहायक उपकरण तथा सहायक शुल्क की लागत का 80 प्रतिशत, केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में अधिकतम 8 लाख रुपये तक की राशि महिला स्वयं सहायता समूहों को पैकेज के रूप में ड्रोन की खरीद के लिए प्रदान की जाएगी। स्वयं सहायता समूहों और स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर स्तरीय संघ खरीद की कुल लागत में से सब्सिडी घटाकर तय राशि (सीएलएफ) राष्ट्रीय कृषि अवसंरचना वित्तपोषण सुविधा (AIF) के अंतर्गत ऋण ले सकते हैं। सीएलएफ/एसएचजी को एआईएफ ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही सीएलएफ/एसएचजी के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के अन्य स्रोतों/कार्यक्रमों/योजनाओं से ऋण प्राप्त करने का विकल्प भी होगा।महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों में से एक को 15 दिन के प्रशिक्षण के लिए चुना जाएगा। अनिवार्य ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और पोषक तत्व तथा कीटनाशक अनुप्रयोग के कृषि उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण शामिल है। बिजली के सामान की मरम्मत, फिटिंग और यांत्रिक कार्यों में रुचि रखने वाले स्वयं सहायता समूह के अन्य सदस्यों को ड्रोन सहायक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। ड्रोन निर्माता परिचालन दिशानिर्देशों में बताए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार ड्रोन की आपूर्ति के साथ-साथ ये प्रशिक्षण एक पैकेज के रूप में प्रदान करेंगे।राज्य सरकारें करेंगी मदद योजना के तहत लाभार्थी समूह ड्रोन परिचालन से अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सके इसके लिए राज्य सरकारें मदद करेंगी। दिशा निर्देशों में कहा गया है कि कृषि में ड्रोन का उपयोग अभी शुरुआती चरण में है, इसलिए राज्य इन गतिविधियों का बारीकी से निगरानी करेंगे और महिला एसएचजी को सहायता प्रदान करेंगे साथ ही उन्हें एक वर्ष में कम से कम 2000 से 2500 एकड़ क्षेत्र को कवर करने के लिए व्यवसाय शुरू करने में मदद करेंगे। सरकार के मुताबिक ऐसा माना जा रहा है कि इस योजना के तहत पहलों से स्वयं सहायता समूहों को स्थायी व्यवसाय और आजीविका मिलेगी और वे अपने लिए अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। यह योजना किसानों के लाभ के लिए बेहतर दक्षता, फसल की बढ़ी पैदावार और कम संचालन लागत के लिए कृषि में उन्नत प्रौद्योगिकी को शामिल करने में मदद करेगी।

# डाकघर आपके द्वार धेवधा में लगा डाक चौपाल

» सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दी जानेवाली सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, विश्वकर्म योजना का रजिस्ट्रेशन स्कॉलरशिप, आवास योजना का लाभ डाकघर बचत खाता शाहिद दर्जनों सरकारी जनहित योजनाओं का काम किया जा रहा है

निज संवाददाता | नवादा




जिले के पकरीबरावां प्रखंड के धेवधा गांव में सोमवार को डाक विभाग की ओर से आपका डाकघर, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। नवादा मंडल के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार, मुख्य अतिथि विधायक अरुणा देवी, विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद सदस्य पूनम देवी एवं मुखिया संदीप कुमार ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डाक अधीक्षक ने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की ऐतिहासिक पहल है, इसका उद्देश्य केंद्रीय सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्र में लाकर जनता को लाभ पहुंचाना है। डाक चौपाल ग्रामीणों और सरकारी कार्यों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करती है। लोगों को घर बैठे डाक विभाग की सुविधाएं मिल सके, इस दिशा में डाक विभाग की ओर से तैयारी की गई है। इसको लेकर गांव-गांव में चौपाल लगाकर लोगों को डाक विभाग की सेवाओं एवं योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। आपका डाकघर, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते हैं। शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन व आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है। लेकिन आधार व्यवस्था कुछ तकनीकी कारणों से बंद है, जिसे बहुत जल्द चालू कर ली जायेगी। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दी जानेवाली सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, विश्वकर्म योजना का रजिस्ट्रेशन स्कॉलरशिप, आवास योजना का लाभ डाकघर बचत खाता शाहिद दर्जनों सरकारी जनहित योजनाओं का काम किया जा रहा है इसका लाभ लेने के लिए लोगों को डाकघर का सहयोग एवं जुड़कर फायदा लेने का जरूरत है किसी जागरूकता को लेकर सरकार एवं विभाग के द्वारा डाकघर आपके द्वारा के तहत गांव-गांव में जाकर चौपाल का आयोजन कराई जा रही है कार्यक्रम में मंच संचालन डाक प्रवेक्षक कुंदन कुमार सिन्हा ने किया। सरपंच दामोदर पासवान पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी मुखिया संजीव राजवंशी समाजसेवी अरुण सिंह मनोज कुमार मुकेश कुमार संजीव कुमार राजकुमार सिंह नागेंद्र प्रसादसहित अन्य मौजूद थे। डाकघर से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने को लेकर डाक विभाग की ओर से आपका डाकघर, आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोग आसानी से डाक विभाग की सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।




छठ पूजा - 2024
के अवसर पर भारतीय रेल की पहल
स्पेशल गाड़ियों के
7350
से अधिक फेरे



दिनांक 05.11.2024 को चलाई जा रही विशेष गाड़ियाँ

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| 01010 | दानापुर | 18:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 01481 | पुणे जं. | 19:55 | दानापुर |
| 01482 | दानापुर | 10:45 | पुणे जं. |
| 01143 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 10:30 | दानापुर |
| 01144 | दानापुर | 21:30 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 01202 | पुणे जं. | 15:50 | नागपुर |
| 01045 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 12:15 | प्रयागराज जं. |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर जं. |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस |
| 01410 | जोधपुर जं. | 22:00 | पुणे जं. |
| 01067 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 15:30 | करीमनगर |
| 01205 | पुणे जं. | 15:50 | दानापुर |
| 01206 | दानापुर | 05:30 | पुणे जं. |
| 01107 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 20:15 | संतरागाछी जं. |
| 01175 | पुणे जं. | 09:35 | सावंतवाड़ी रोड |
| 01178 | सावंतवाड़ी रोड | 23:25 | पनवेल |
| 01027 | दादर | 14:05 | गोरखपुर जं. |
| 01028 | गोरखपुर जं. | 14:45 | दादर |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जं. |
| 02831 | धनबाद जं. | 16:00 | भुवनेश्वर |
| 08472 | उधना जं. | 17:00 | पुरी |
| 08584 | तिरुपति | 21:55 | विशाखापट्टनम |
| 08508 | विशाखापट्टनम | 11:20 | शालीमार |
| 08519 | दानापुर | 12:30 | विशाखापट्टनम |
| 08536 | विशाखापट्टनम | 12:00 | भुवनेश्वर |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखापट्टनम |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 02398 | आनन्द विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं. |
| 02393 | पटना जं. | 20:10 | नई दिल्ली |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 05220 | आनन्द विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 05293 | मुजफ्फरपुर जं. | 10:45 | सिकन्दराबाद जं. |
| 05557 | रक्सौल | 19:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | जम्मू तवी |
| 03252 | सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरू | 23:50 | दानापुर |
| 03259 | दानापुर | 15:00 | सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरू |
| 05598 | सरहिन्द जं. | 02:45 | सहरसा जं. |
| 03046 | रक्सौल जं. | 16:55 | हावड़ा जं. |
| 03008 | खातीपुरा | 05:30 | हावड़ा जं. |
| 03132 | गोरखपुर जं. | 11:30 | सियालदाह |
| 03109 | सियालदाह | 09:15 | वडोदरा जं. |
| 03135 | कोलकाता | 23:50 | पटना जं. |
| 03509 | आसनसोल जं. | 13:20 | खातीपुरा |
| 03436 | आनन्द विहार टर्मिनल | 19:00 | मालदा टाउन |
| 03418 | उधना जं. | 12:30 | मालदा टाउन |
| 03430 | मालदा टाउन | 18:10 | सिकन्दराबाद जं. |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली |
| 03512 | पटना जं. | 00:05 | आसनसोल जं. |
| 03505 | आसनसोल जं. | 13:15 | पटना जं. |
| 03550 | पटना जं. | 03:15 | आसनसोल जं. |
| 03424 | हरिद्वार जं. | 19:55 | भागलपुर |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टपरी |
| 05325 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 05056 | वाराणसी सिटी | 14:15 | लाल कुँआ |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 05161 | छपरा | 19:55 | अमृतसर जं. |
| 05698 | गुवाहाटी | 23:55 | न्यू जलपाईगुड़ी |
| 05637 | नाहरलगुन | 10:00 | सिलचर |
| 05744 | छपरा | 04:30 | कटिहार जं. |
| 05740 | गोमती नगर | 18:15 | कटिहार जं. |
| 05737 | गोमती नगर | 09:30 | कटिहार जं. |
| 04623 | वाराणसी जं. | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:20 | दिल्ली जं. |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता |
| 04060 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा जं. |
| 04077 | पटना जं. | 20:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 04010 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अंबाला कैंट जं. |
| 04554 | अंबाला कैंट जं. | 20:20 | सहारनपुर |
| 04032 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं. |
| 04031 | सहरसा जं. | 13:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| 04044 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर जं. |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ जं. |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी जं. |
| 04057 | मुजफ्फरपुर जं. | 23:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 02245 | पटना जं. | 18:05 | हज़रत निजामुद्दीन |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:15 | अंबाला कैंट जं. |
| 04048 | आनन्द विहार टर्मिनल | 15:20 | कटिहार जं. |
| 04005 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा |
| 04662 | सहरसा जं. | 10:00 | अमृतसर जं. |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर |
| 04372 | देहरादून | 18:15 | लखनऊ जं. |
| 04371 | लखनऊ जं. | 13:10 | देहरादून |
| 04528 | सरहिन्द जं. | 11:25 | सहरसा जं. |
| 04231 | सहरसा जं. | 15:30 | नई दिल्ली |
| 04493 | पटना जं. | 00:30 | नई दिल्ली |
| 04693 | जयनगर | 10:05 | लुधियाना जं. |
| 04239 | दानापुर | 11:30 | वाराणसी जं. |
| 04237 | बरौनी जं. | 13:10 | लखनऊ जं. |
| 04072 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. |
| 04507 | कटिहार जं. | 07:00 | अंबाला कैंट जं. |
| 04229 | हाजीपुर जं. | 08:45 | नई दिल्ली |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर |
| 04816 | मऊ जं. | 04:00 | जोधपुर जं. |
| 04706 | जयपुर | 13:05 | श्री गंगानगर |
| 04705 | श्री गंगानगर | 23:45 | जयपुर |
| 09721 | जयपुर | 06:16 | उदयपुर सिटी |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. |
| 09733 | जयपुर | 07:00 | भिवानी |
| 09734 | भिवानी | 16:05 | जयपुर |
| 04810 | बान्द्रा टर्मिनस | 20:00 | जोधपुर जं. |
| 07626 | पनवेल | 04:30 | हजूर साहिब नान्देड |
| 07188 | सिकन्दराबाद जं. | 08:00 | काकीनाडा टाउन |
| 07490 | तिरुपति | 15:00 | सिकन्दराबाद जं. |
| 07054 | लालगढ़ जं. | 19:45 | काचीगुडा |
| 07052 | रक्सौल जं. | 08:30 | सिकन्दराबाद जं. |
| 07221 | सिकन्दराबाद जं. | 06:45 | संतरागाछी जं. |
| 07226 | शालीमार | 04:30 | सिकन्दराबाद जं. |
| 07032 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:45 | सिकन्दराबाद जं. |
| 07165 | हैदराबाद डेक्कन | 20:10 | कटक |
| 07610 | तिरुपति | 16:00 | पूर्णा जं. |
| 07446 | लिंगमपल्ली | 19:00 | काकीनाडा टाउन |
| 07175 | सिकन्दराबाद जं. | 21:00 | गोरखपुर जं. |
| 07692 | दरभंगा जं. | 15:15 | काचीगुडा |
| 07615 | हजूर साहिब नान्देड | 14:30 | पटना जं. |
| 08182 | कटिहार जं. | 19:40 | टाटानगर जं. |
| 08896 | छपरा | 22:15 | गोंदिया जं. |
| 08898 | पटना जं. | 12:30 | गोंदिया जं. |
| 06059 | कोयम्बटूर जं. | 11:50 | बरौनी जं. |
| 06056 | बरौनी जं. | 23:45 | कोयम्बटूर जं. |
| 06083 | तिरुवनंतपुरम उत्तर | 18:05 | सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरू |
| 06040 | सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरू | 12:45 | तिरुवनंतपुरम उत्तर |
| 06250 | दानापुर | 18:10 | क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलूरू) |
| 07335 | बेलगावि | 12:30 | मणूगुरु |
| 01661 | रानी कमलापति | 14:25 | दानापुर |
| 09494 | पटना जं. | 01:00 | अहमदाबाद जं. |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:45 | साबरमती |
| 09063 | वापी | 22:00 | दानापुर |
| 09056 | उधना जं. | 16:15 | बान्द्रा टर्मिनस |
| 09055 | बान्द्रा टर्मिनस | 09:50 | उधना जं |
| 09026 | दानापुर | 14:30 | वलसाड |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद जं. |
| 09576 | महबूबनगर | 21:35 | राजकोट जं. |
| 09405 | साबरमती | 18:10 | पटना जं. |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बान्द्रा टर्मिनस |
| 09190 | कटिहार जं. | 00:15 | मुंबई सेन्ट्रल |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | डा. अंबेडकर नगर |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| 09043 | बान्द्रा टर्मिनस | 00:05 | गोरखपुर जं. |
| 09413 | अहमदाबाद जं. | 16:35 | बरौनी जं. |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 22:40 | बनारस |
| 09022 | भावनगर | 19:00 | उधना जं. |
| 09003 | मुंबई सेन्ट्रल | 10:30 | दिल्ली जं. |
| 09040 | जयनगर | 11:30 | उधना जं. |
| 09464 | पटना जं. | 13:00 | साबरमती |
| 09192 | जयनगर | 14:30 | रतलाम जं. |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें: /RailMinIndia



# इन बैड मनी हैबिट्स से आज ही कर लें किनारा

अधिकतर लोग यह मानते हैं कि एक अच्छा जीवनयापन करने के लिए उनकी अच्छी-खासी इनकम होनी चाहिए। लेकिन आपकी सैलरी या इनकम अमाउंट से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है, उस पैसे को मैनेज करने की कला आना। ऐसे कई लोग होते हैं, जो बेहद ही सिस्टमेटिक तरीके से अपने पैसे को खर्च करते हैं और कुछ हिस्से को निवेश करते हैं। जिससे उन्हें वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी किसी तरह की कोई समस्या नहीं होती है। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनकी इनकम अच्छी खासी होती है। लेकिन फिर भी उन्हें वे पैसे कम ही पड़ जाते हैं। यहां तक कि कई बार तो कर्ज लेने की जरूरत भी पड़ जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि उनमें कुछ बैड मनी हैबिट्स होती है।

## कमाई से अधिक खर्च

बहुत से लोगों को काफी अधिक खर्च करने की आदत होती है। यहां तक कि वे जितना कमाते हैं, उससे भी अधिक खर्च करना शुरू कर देते हैं। अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए वे क्रेडिट कार्ड आदि का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपको कभी भी फाइनेंशियल प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, हर महीने अपनी आय का लगभग 20 प्रतिशत बचाने का लक्ष्य रखें।

## जरूरत से ज्यादा लोन

आज के समय में आपको कार से लेकर घर तक के लिए लोन मिल जाता है। कुछ लोग एक बेहतर जीवन जीने के लिए इन सभी चीजों पर लोन ले लेते हैं। हालांकि, एक साथ कई सारे लोन लेना समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप जरूरत से ज्यादा कर्ज व ब्याज के बोझ तले दब जाते हैं। इस तरह अगर कभी आपको जॉब में समस्या होती है तो घर का खर्चा उठाना भी भारी पड़ जाएगा।

## पैसे को इनवेस्ट ना करना

यह एक बेहद जरूरी कदम है, लेकिन अधिकतर लोग बुढ़ापे में इनवेस्टमेंट करने पर विचार करते हैं। जबकि यह आपकी बहुत बड़ी गलती हो सकती है। अगर आप शुरुआत से ही पैसे को थोड़ा इनवेस्ट करने के लिए प्लॉन करती हैं तो ऐसे में आपको आगे चलकर काफी अच्छी रकम एक साथ मिल जाती है।
आजकल इनवेस्टमेंट के कई बेहतरीन प्लॉन अवेलेबल हैं, जिनमें आप मंथली से लेकर सालाना रिटर्न ले सकती हैं या फिर कुछ सालों के बाद आपको एक बड़ी रकम भी मिल सकती हैं। आप अपनी सैलरी इनकम के छोटे से हिस्से से इनवेस्टमेंट की शुरुआत करें। इससे धीरे-धीरे आप खुद को फाइनेंशियली अधिक स्ट्रॉन्ग महसूस करेंगी।



# परिवार के लिए अपनी क्षमता से अधिक कार्य करती रहती है गृहिणी

एक प्रचलित लतीफ़ा है। पति जब दफ़्तर से लौटता है तो पाता है कि सारा घर अस्त-व्यस्त है, बच्चे झगड़ रहे हैं, रसोई भी बिखरी पड़ी है। वह पत्नी से पूछता है तो जवाब मिलता है- 'तुम हमेशा कहते हो न कि आख़िर तुम करती ही क्या हो! तो देख लो, आज मैंने कुछ नहीं किया।' जहां तक स्त्री के काम की बात है, यह लतीफ़ा वास्तविकता बयां करता है, लेकिन उसकी प्रतिक्रिया विशुद्ध रूप से काल्पनिक है। दरअसल, परिवार के भीतर वह रिश्तों को बनाए रखने को अहमियत देती है, बजाय ख़ुद की अहमियत के, इसलिए आमतौर पर ऐसा कुछ नहीं करती जिससे परिवार पर ज़रा भी असर पड़े। लेकिन यह बात कई बार घर के भीतर स्त्री के सम्मान और उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध हो जाती है। उसे 'तुम करती ही क्या हो' जैसी बातें सुननी पड़ती हैं। यहां तक कि बच्चे भी 'मम्मी, आप नहीं समझोगी, आप तो चुप ही रहो' सरीखी रूखी टिप्पणियां कर देते हैं। लंबे समय में यह व्यवहार उसके आत्मविश्वास पर भी नकारात्मक असर डालता है और कई अहम मामलों में वह वाक़ई पूरी तरह दूसरों पर निर्भर हो जाती है। इस मामले में पहली ज़िम्मेदारी महिला की है कि वह इस स्थिति को बदलने के प्रयास करे। यह उसके और उसके प्रिय परिवार के हित में होगा। इसके लिए कुछ ठोस क़दम उठाने की ज़रूरत है।

## स्पष्ट बात करें और ग़लत को ग़लत कहना सीखें

सबसे पहले यह आवश्यक है कि ग़लत को ग़लत कहना सीखें। यदि पति या बच्चों का कोई व्यवहार खलता है तो उन्हें विनम्रता से, लेकिन स्पष्ट शब्दों में बता दें कि ऐसा व्यवहार/टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। हो सकता है कि वे अब तक अनजाने में ऐसा करते रहे हों और आपका अपमान करने की उनकी कोई मंशा न रहती हो, किंतु आपकी आपत्ति के बाद वे आपकी भावनाओं को समझेंगे। आप आपत्ति उठाने में ज़रा भी छूट न दें। निरंतरता दूसरों के रवैए में तब्दीली लाएगी।

## महसूस कराएं कि घर के काम भी महत्वपूर्ण हैं

घर के छोटे-छोटे काम कोई छोटी बातें नहीं हैं। साफ़-सफ़ाई, भोजन बनाना और बच्चों-बुज़ुर्गों की देखभाल- ये सभी काम महत्वपूर्ण हैं। आप सारा बोझ अपने कंधे पर ना लें, बच्चों को शुरू से आदत डालें घर के कामों में मदद करने की। यदि बच्चे बड़े हो गए हैं तब भी देर नहीं हुई है। उन्हें घरेलू ज़िम्मेदारियों में शामिल करें। अपने जीवनसाथी से भी बात करें। वे जितने भी व्यस्त रहते हों, कम से कम सुबह की पहली चाय और छुट्टी के दिन आपका हाथ बंटाने का जिम्मा ले ही सकते हैं। इससे 'तुम करती ही क्या हो' का जवाब ख़ुद-ब-ख़ुद मिल जाएगा। वैसे भी, खाना पकाना, सफ़ाई करना अब जीवन-कौशल हैं जो हर व्यक्ति को आने ही चाहिए।

## अपना ध्यान रखें, शौक पूरे करें, सुकून तलाशें

अक्सर गृहिणियों की आदत होती है सुबह के कामों के चक्कर में नाश्ता ना करना, दोपहर में सबको खिलाकर ही खाना खाना, भले ही कोई घर के बाहर गया हो। इसके अलावा, वे मां बनते ही जैसे अपनी अभिरुचियां भी भुला बैठती हैं। एक समय के बाद परिजनों को भी लगने लगता है कि गृहिणी के न तो शौक़ हैं, न ही कोई पसंद-नापसंद। वैसे भी, जब वे स्वयं ही अपनी उपेक्षा करती दिखती हैं तो औरों का ध्यान भी उनकी ख़ुशी-नाख़ुशी की तरफ़ नहीं जाता। जैसा कि एक अंग्रेज़ी कहावत है, ख़ाली प्याले से आप चाय नहीं परोस सकते, उसी तरह आप अगर भीतर से स्वस्थ और सुकून में नहीं हैं तो आप परिवार की देखभाल भी सही तरीक़े से नहीं कर सकेंगी।
अतः अपनी खुराक पर ध्यान दें, अपने शौक़ पूरे करें, किताब पढ़ें, गाने सुनें, बाग़वानी करें। परिवार वालों को स्पष्ट दिखना चाहिए कि आपकी पसंद-नापसंद, अभिरुचियां और ख़ुशियां हैं।

## अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाएं, निर्भरता कम करें

प्रतिदिन अख़बार ज़रूर पढ़ें, आसपास होने वाले बदलावों के साथ चलें और समझें। इससे आप ख़ासतौर पर बच्चों से उनके रुचि अनुसार विषयों पर बात कर सकेंगी। उन्हें पता चलेगा कि मां भी देश-दुनिया की जानकारी रखती हैं और जागरूक हैं। अपना ज्ञान बढ़ाएं। ज़रूरी नहीं कि आप कॉलेज में ही दाख़िला ले लें। नए विषयों पर जानकारी रखना, नई विधाएं सीखना और अपनी दक्षता को बढ़ाना आपके आत्मविश्वास को मज़बूती प्रदान करेगा। इंटरनेट के ज़माने में यह बहुत आसान है। इससे परिवार में आपकी पूछ-परख भी बढ़ेगी। किसी भी नई तकनीक से भागें नहीं, सीखने से साफ़ इनकार न कर दें, बल्कि आगे बढ़कर सीखने में रुचि दिखाएं- चाहे वह स्मार्टफोन चलाना हो या फिर वाहन।





# लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए अपनाएं ये स्ट्रैटेजी

**अधिकतर लोगों की यह इच्छा होती है कि एक दिन वह बहुत अमीर बन जाएं, जिसके कारण उनके पास फाइनेंशियल स्टेबिलिटी हो। पैसों की कमी के कारण उन्हें अपनी इच्छाओं या सपनों को अधूरा ना छोड़ना पड़े। हालांकि, इसके लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करना बेहद जरूरी होता है, जिसके लिए अधिकतर लोग तैयार नहीं होते हैं।**

यह सच है कि फाइनेंशियल स्टेबिलिटी आपको पैसे की चुनौतियों के साथ आने वाले तनाव और चिंता को दूर रखती है और आपको अपनी इच्छानुसार जीने की आजादी देती है। इतना ही नहीं, इससे आपके सफल होने के चांसेस भी बढ़ जाते है। यह जरूरी नहीं है कि आपकी कमाई लाखों में ही हो। अगर आप चाहें तो हजारों में कमाकर भी लॉन्ग टर्म में फाइनेंशियल स्टेबिलिटी को हासिल कर सकते हैं। बस इसके लिए सही स्ट्रैटेजी को अपनाना जरूरी होता है।

## सेट करें गोल्स

लॉन्ग टर्म में फाइनेंशियल स्टेबिलिटी हासिल करने के लिए आज ही आपको अपने फाइनेंशियल गोल्स सेट कर लेने चाहिए। जब आप अपने टारगेट्स सेट कर लेते हैं तो उन्हें मॉनिटर करना और उन्हें अचीव करने के लिए सही कदम उठाना अधिक आसान हो जाता है। इतना ही नहीं, यह आपको अपनी आमदनी और खर्चों के प्रति अधिक जवाबदेह भी बनाता है। एक बार जब आप गोल्स सेट कर लें तो उसके अनुसार ही अपना बजट, खर्च, निवेश व बचत के बारे में स्ट्रैटेजी बनाएं।

## लोन को करें मैनेज

अक्सर लोग लैविश लाइफ जीने के चक्कर में कई तरह के लोन लेते हैं या फिर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसका समय पर भुगतान नहीं करते हैं। इस तरह के लोन या समय पर भुगतान ना करने से आपको बहत अधिक ब्याज देना पड़ता है, जो कहीं ना कहीं आपके फाइनेंशियल टारगेट्स को नेगेटिव तरीके से इफेक्ट करता है। इतना ही नहीं, लोन का ब्याज भी लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल स्टेबिलिटी में बाधा बन सकता है। इसलिए, सोच समझकर ही लोन लें और अपनी जरूरत के अनुसार ही लोन लें।

## बचत को बनाएं अपनी आदत

बचत को अपनी एक आदत बनाएं। आप हर महीने अपने सेविंग अकाउंट से कुछ राशि को ऑटोमेटिक ट्रांसफर पर सेट करें। मसलन, आप एसआईपी में निवेश कर सकते हैं, जिसमें हर महीने एक निश्चित राशि आपके अकाउंट से कट जाएगी। कोशिश करें कि आप अपनी आय का कम से कम 20 प्रतिशत जरूर बचाएं। जब आप बचत को अपनी आदत बना लेते हैं तो लॉन्ग टर्म में आप बहुत अधिक धनराशि जमा कर सकते हैं।

## समझदारी से करें इनवेस्ट

लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल स्टेबिलिटी हासिल करने के लिए सिर्फ सेविंग करना ही काफी नहीं होता है। आपको ऐसे रास्ते ढूंढने चाहिए, जिससे आप अपने पैसों की ग्रोथ होते हुए देखें। ऐसे में इनवेस्ट करना अच्छा विचार है। आप कई तरह की स्कीम में इनवेस्ट कर सकते हैं। लेकिन जब भी आप इनवेस्ट करें तो उसके रिस्क, फायदे व लॉकिंग पीरियड जैसे कई पहलुओं पर विचार करें और उसके बाद ही कोई कदम बढ़ाए। आप चाहें तो किसी अच्छे फाइनेंशियल एडवाइजर से सलाह भी ले सकते हैं।



# ये संकेत बताते हैं कि आपको सोशल मीडिया ब्रेक की है जरूरत

**सोशल मीडिया आज के समय में हर किसी की जिन्दगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे संकेत होते हैं, जो ये बताते हैं कि आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक की जरूरत है।**

इंटरनेट के इस युग में हम सभी के लिए सोशल मीडिया एक जरूरत बनता जा रहा है। सुबह उठकर हम सभी सबसे पहले अपने फोन को चेक करते हैं और सोशल मीडिया पर जाकर स्क्रॉल करना शुरू कर देते हैं। दूसरों की पोस्ट को लाइक करने से लेकर कमेंट लिखने व पढ़ने का यह सिलसिला हर किसी की जिन्दगी का एक हिस्सा बन चुका है। अधिकतर लोग अपनी लाइफ को सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करते हैं। हालांकि, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन कभी-कभी दूसरों से कनेक्ट करने वाला यह प्लेटफार्म आपकी लत बन जाता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर दूसरों के रिएक्शन आपकी मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर डालते हैं।
ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो यह बताते हैं कि अब आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक ले लेना चाहिए-

## बहुत अधिक तनाव होना

अगर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से आप खुद को बहुत अधिक तनाव में महसूस करते हैं या फिर आपको एक भारीपन का अहसास होता है तो ऐसे में आपको सोशल मीडिया से ब्रेक ले लेना चाहिए। दरअसल, सोशल मीडिया पर मौजूद नेगेटिव खबरों व ऑनलाइन विवादों के लगातार संपर्क में रहने से आप भी नेगेटिव फील कर सकते हैं।

## असंतुष्ट महसूस करना

जहां सोशल मीडिया दूसरों से कनेक्ट करने का एक अच्छा तरीका है। वहीं, इन प्लेटफॉर्म पर लोग खुद की तुलना दूसरों से जरूर करते हैं। जिसके कारण उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है। यह भी संभव है कि आप दूसरों के जीवन या लाइफस्टाइल को देखकर खुद में असंतुष्टि का अहसास करने लगें। अगर आपके मन में ऐसी फीलिंग्स बढ़ने लगी हैं तो बेहतर होगा कि आप एक कदम पीछे लें और कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

## नींद पर असर पड़ना

सेहतमंद रहने के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। लेकिन ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जो सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। खासतौर से, बेडटाइम पर स्क्रॉल करने की उनकी आदत होती है। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इसका अर्थ है कि आप अपने स्लीप पैटर्न के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे आपको कई तरह के हेल्थ इश्यूज का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि इस आदत को तोड़ने के लिए आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

## प्रोडक्टिविटी में कमी आना

जिन लोगों को सोशल मीडिया की लत लग जाती है, वे अपना अधिकतर समय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ही बिताना पसंद करते हैं। ऐसे में उनकी प्रोडक्टिविटी पर नेगेटिव असर पड़ने लगता है। हो सकता है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार काम ना कर रहे हों या फिर उनके काम की क्वालिटी पर नेगेटिव असर पड़ने लगा हो। अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है तो आपको सोशल मीडिया को अलविदा कह देना चाहिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कुख्यात बालू माफिया व वांछित अपराधी गिरफ्तार

**कोईलवर**| कुख्यात बालू माफिया के विरुद्ध बिहार एसटीएफ एवं पटना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोजपुर जिला का कुख्यात बालू माफिया एवं वांछित अपराधी सत्येंद्र पांडे और उसके पुत्र नीरज पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पटना जिले के रूपसपुर थाना क्षेत्र से किया गया है। पुलिस ने बताया कि उक्त अपराधी पांडे गिरोह को चलाता था। दोनों ही अपराधी के विरुद्ध कई मामला दर्ज है। साथ ही बताया कि दोनों ही अपराधियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस को इनदोनों की तलाश थी।

### महिला सहित पांच तस्कर धराए, 60 लीटर शराब जब्त

**आरा** |टाउन थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर टाउन थाना क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों से एक महिला तस्कर सहित कुल पांच लोगों को 60 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला के रहने वाली चंदा देवी, आकाश कुमार ,आदित्य कुमार एवं नवादा चौक का रहने वाला विक्की कुमार, भालूहीपुर का सुशील प्रसाद शामिल हैं। टाउन थाना के थाना अध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि शराब के खिलाफ निरंतर चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने छापामारी करते हुए 60 लीटर देसी शराब के साथ पांच तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र में शराब, मादक पदार्थ और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर चलता रहेगा। कार्रवाई के क्रम में शराब की बरामद की तस्करों की गिरफ्तारी के साथ-साथ हथियार की बरामदगी और अपराधियों के गिरफ्तारी में भी पुलिस को सफलता मिल रही है।

### युवक को पहले पुलिस ने पीटा, अस्पताल से लौटने में स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी

**बक्सर**| जमीन विवाद के मामले में थाना पहुंचे युवक की पिटाई पुलिस ने कर दी। युवक के कान से खून बहने लगा। युवक इलाज कराकर सदर अस्पताल से लौटा तो उसकी स्कूटी को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जख्मी युवक को रेफर कर दिया गया। सोनवर्षा में दीवार बनाने के दौरान दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। औद्यौगिक थाना पुलिस दोनों पक्षों को थाना ले गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सुनील साह को मारपीट कर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक को गोपालनगर चकिया के रहने वाले पृथ्वी कुमार ने सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं औद्यौगिक थानाध्यक्ष ने थाना में मारपीट से इंकार कर दिया।

### छात्र सम्मेलन में देश- विदेश से पहुंचे पूर्ववर्ती छात्र

**आरा**। क्षत्रिय विद्यालय का सातवां पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन विद्यालय सभागार में मनाया गया। उद्घाटन स्कूल के विद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह, बृज बिहारी सिंह, सुमन सिंह व बीडी शर्मा ने किया।अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि विद्यालय से पढ़ाई करने वाले छात्र हर साल ऐसा आयोजन करते हैं। ऐसे कार्यक्रम में छात्र विद्यालय छोड़ने के वर्षों बाद भी पूर्ववर्ती छात्र की हैसियत से हम सभी के बीच अपना स्नेह देने और लेने आते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ बृज बिहारी सिंह ने कहा कि क्षत्रिय विद्यालय के छात्र आज देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी ऊंचा मुकाम हासिल किये है। पूर्ववर्ती छात्र सामाजिक, और कल्याण के कार्यों में भी लगातार लगे हुए हैं। इस दौरान 2024 में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पूर्ववर्ती छात्रों के सहमति के बाद ट्रस्ट गठन का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्ववर्ती छात्र संघ के संयोजक अमरेंद्र कुमार व धन्यवाद ज्ञापन अवधेश कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के दिवंगत प्रधानाचार्य सह प्रख्यात शिक्षाविद् सीताराम सिंह को श्रद्धांजलि भी दी गई।

### व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित

**आरा** | तपेश्वर भवन, मील रोड नवादा आरा में रविवार को छठ व्रतियों के बीच सामाग्री का वितरण किया गया। तपेश्वर सिंह स्मृति संस्थान के सचिव व पूर्व एमएलसी डा. अजय कुमार सिंह ने छठ व्रतियों के बीच साड़ी, नारियल, सूप व पूजा सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम, शिव कुमार सिंह, सत्य प्रकाश राय, प्रमोद राय, जितेंद्र शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, चितरंजन सिंह, तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डा. सत्यदेव सिंह, प्रो. डा. राणा संतोष, प्राचार्या डा. सुनीता राय, प्रो. उर्मिला सिंह, प्रो. शीला सिंह ।

### डॉक्टर पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

**आरा**। आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दूदवा गांव के निवासी इंद्रजीत कुमार ने अपने पत्नी के इलाज में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर नवादा थाना में एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया आवेदन में पीड़िता ज्योति देवी के पति इंद्रजीत कुमार ने लिखा है कि मेरी पत्नी ज्योति देवी 3 महीने की गर्भवती थी। 28 अक्टूबर को सुबह अचानक मेरी पत्नी को शरीर से खून गिरने लगा। जिसके कारण मैं तुरंत उसे लेकर इलाज के लिए गांव के ही एक डॉक्टर के कहने पर उसके साथ महावीर टोला में लाया। जहां इलाज के क्रम में उक्त डॉक्टर द्वारा मेरी पत्नी का लीवर और आंत ही काट कर निकाल दिया गया है। डॉक्टर की लापरवाही से मेरो पत्नी की हालत काफी गंभीर है जो मरने के कगार पर है। डा0 से इलाज में हुए गड़बड़ी के बारे में पूछने पर वहाँ के कंपाउण्डर साथ ही डॉक्टर आग-बबूला हो गए। यह देखकर अगल-बगल के लोग इकठ्ठा हो गए। जिसके बाद मैं अपनी पत्नी को। लेकर अरविंद अस्पताल गया। दो दिन इलाज करने के बाद डॉक्टर ने मुझे सदर अस्पताल भेज दिया। जहां मेरी पत्नी जिंदगी और मौत से जूझ रही है। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया की घटना की जानकारी हुई है। डॉक्टर से रिपोर्ट की मांग किया गया है। अभी तक रिपोर्ट नही दिया गया है। पीड़ित पक्ष के तरफ से अभी तक थाना में एफआईआर नही दर्ज कराया गया है। डॉक्टर ने बताया की उक्त मरीज का मेरे पास किसी भी प्रकार का कोई इलाज नही हुआ।

### जनता का आवाज बनकर संघर्ष के मैदान में रहूंगा हमेशा : राजू यादव

**आरा** |तरारी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार राजू यादव ने रविवार को विभिन्न जगहों पर जनता को संबोधित किया। सहार के कैशियर, अमरुहां, नीमा, बहुआरा, चौरी, कोनी, युगल टोला, शिवपुर छपरा समेत अन्य गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता के आवाज बन हमेशा संघर्ष के मैदान में रहूंगा। कहा कि बिहार में भाजपा-जेडीयू की सरकार में अपराध चरम सीमा पर है। भाकपा माले के केन्द्रीय कमिटी सदस्य व अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने तरारी के मोपति, बघाड़ा टोला, लबना पटखौली, रामनगर टोला, रजवार टोला, अमृआन समात कई गांवों में जनता के साथ बैठक कर तरारी चुनाव में जनता के नेता व संघर्षों के नेता को चुनने की अपील की। उन्होंने उन्माद व उत्पात के खिलाफ गोलबंद होने का आह्वान करते हुए माले प्रत्याशी राजू यादव को जिताने की अपील की।

### पिरौटा व बड़हरा के बाढ़ पीड़ित प्रशासन से नाराज

**आरा**| पिरौटा पंचायत सहित बड़हरा क्षेत्र से भी बाढ़ राहत से वंचित सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने सदर प्रखंड के पिरौटा निवासी युवा नेता रघुपति यादव के आवास पर बैठक की एवं जिला प्रशासन से नाराज दिखे। बैठक के दौरान रघुपति यादव ने कहा कि कुछ दिन पहले आपदा प्रबंधन के प्रधान महासचिव से हमारी दूरभाष पर बातचीत हुई है, उन्होंने कहा है कि जिला स्तर और प्रखंड स्तर से पदाधिकारी जो भी सूची भेज रहे उन लोगों के खाते में पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। बाढ़ से वंचित ग्रामीणों के लिए सोमवार को जिलाधिकारी एवं प्रखंड के पदाधिकारियों से मिलकर समाधान करने का प्रयास करूंगा। जिनका भी नाम सूची में अंकित है उनको बाढ़ राहत मिलना चाहिए।

# स्कूल से 50 हजार रुपए की संपत्ति की चोरी

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में चार क्विंटल चावल और नई कुर्सी भी ले गए चोर, पुलिस गश्ती पर उठा सवाल

बक्सर जिले के धर्मागतपुर प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने लगभग 50 हजार रुपए का सामान लेकर भाग निकले। इसकी जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक कमल किशोर रजक को स्थानीय ग्रामीणों से मिली। जिसके बाद देखा गया कि चोरों ने विद्यालय के कार्यालय और स्टोर रूम का काफी सामान गायब कर दिया है। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का निरीक्षण किया। शिक्षण ने अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया है। हालांकि इस चोरी से ग्रामीण पुलिस की गश्ती पर सवाल उठा रहे हैं।

**सुनसान जगह देखकर चोरीः** पूरे मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि रविवार को स्कूल बंद था। विद्यालय गांव से दूर एक सुनसान स्थान पर है। जहां से चोर विद्यालय से चार क्विंटल के आसपास चावल, पांच छह की संख्या में खरीद रखी गई नई कुर्सियां, बड़े बक्से में रखे गए नए बरतन, दो गैस सिलेंडर आदि लेकर फरार हो गए। कुछ बर्तन एक गैस सिलेंडर चोर किसी की आहट पा कर नही लेकर भाग पाए। जो स्कूल के पास खेत की तरफ मिला है।लेकिन अन्य समान लेकर भगाने में सफल रहे है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि सूचना पर डायल 112 की टीम विद्यालय पर पहुंचकर जांच की है। थाना को अभी विद्यालय की तरफ आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई की जाएगी।

## अन्नकूट महोत्सव में भगवान को लगाए गए 56 भोग

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के नयाबाजार स्थित श्री सीताराम विवाह आश्रम में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां भगवान को 56 प्रकार के भोजन का भोग लगाया गया। जिसके पहले आश्रम में विराजमान सीता राम का भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह से ही भजन कीर्तन के साथ भगवान को 56 प्रकार का स्वाद वाला भोजन को परोसा गया। भोग में खट्टा,मीठा आदि स्वाद के भोजन को अहले सुबह से बनाने का कार्य चल रहा था। जिसे बनाते समय भोजन के शुद्धता का खास ख्याल रखा गया है।

**अन्नकूट महोत्सव का आयोजनः** आश्रम के महंत श्रीराजाराम शरण दास जी ने बताया कि देवराज इंद्र के दंभ को तोड़ने के लिए ही साक्षात नारायण को प्रकट होना पड़ा था। तब भगवान को 56 प्रकार के भोग चढ़ाए गए थे। हालांकि इतनी अधिक संख्या में खाद्य पदार्थों का निर्माण करना किसी एक के वश का नहीं था। इसलिए हर गोपी के घर से एक-एक व्यंजन बनाकर भगवान को चढ़ाया गया था। तभी से हर वर्ष यह उत्सव पूरे धूम-धाम से मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर शहर के लोगों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान को भोग लगाए गए प्रसाद ग्रहण किए। बता दें कि बक्सर स्थित प्रसिद्ध आश्रम के अंदर मौजूद श्रीराम-जानकी मंदिर में धूम है। महंत श्रीराजाराम शरण दास जी महाराज स्वयं एक-एक गतिविधि में शामिल रहे। श्रद्धालुओं को इस वक्त का हर साल इंतजार रहता है। भगवान को 56 प्रकार के भोग चढ़ाने के साथ भव्य आरती उतारी गई।

## छठ को ले एक दर्जन घाट तैयार

निज संवाददाता। आरा

चार दिवसीय छठ का अनुष्ठान नहाय खाय के साथ 5 नवंबर मंगलवार से शुरू हो जाएगा। छठ महापर्व की तैयारी में प्रशासन, नगर निगम व अन्य लोग भी जोर- शोर से लग गए है। जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा लगातार घाटों का जायजा लिया जा रहा है। शहर के जिन तीन छठ घाटों बेगमपुर, मीरा चक, भलुहीपुर घाट पर नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा छठ करने से प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन इन घाटों व रास्ते को बनाने के लिए रविवार को भी श्रद्धालु सफाई व घाट बनाने में जुटे रहे। कलेक्ट्रेट घाट पर बैरिकेडिंग भी की जा चुकी है। अहीरपुरवा घाट पर व्रतियों की सुविधा के लिए बोरिंग से कनेक्शन कर पाइप में करीब 70 से ऊपर नल लगाए गए हैं। यह घाट भी चकाचक दिखाई पड़ रहा है। शहर के 22 प्रमुख घाटों में से न्यू पुलिस लाइन, गांगी घाट, एसडीओ आवास, डीएम आवास, छठिया घाट, चंदवा सूर्य मंदिर, समेत करीब एक दर्जन घाट की पूरी तरह सफाई हो चुकी है। चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, लाईट व पानी भराई का काम किया जा रहा है। सभी प्रमुख घाटों पर एसडीआरएफ व गोताखोर, नदी में सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम, लाईटिंग, पेयजल व्यवस्था, वाहन पार्किंग, सुरक्षा और असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए महिला और पुरुष पुलिस-बल की व्यवस्था। रविवार को आरा सदर की अनुमंडल पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने बेलाउर गांव के श्री मौनी बाबा सूर्य मंदिर छठ घाट का निरीक्षण किया। नगर निगम व जिला प्रशासन के सहयोग से लगभग सभी घाटों की सफाई की जा चुकी है। चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, लाइट व घाट तक आने- जाने के लिए रास्ते पर काम चल रहा है। सोमवार की शाम तक सभी कार्य पूर्ण कर लिए जायेगे, ताकि व्रतियों को कोई परेशानी न हो। - निरोज कुमार भगत, नगर आयुक्त, आरा नगर निगम।

## 10 थानों में महिला पुलिस बैरक का निर्माण शुरू

निज संवाददाता। आरा



जिले के 10 थाना के थाना परिसर में महिला पुलिसकर्मियों के लिए पुलिस बैरक बनाने के लिए थाना परिसर में बैरक बनाने का कार्य शुरू हो गया है। लगभग 1540 स्क्वायर फीट में जमीन का सफाई का काम शुरू हो गया है। अभी फिलहाल जिले के 10 पुलिस थाना को प्राथमिकता दिया गया है। जिसमें आरा में मुफस्सिल थाना, नवादा थाना, नगर थाना, कोईलवर थाना, बड़हरा थाना, जगदीशपुर थाना, पीरो थाना, अजीमाबाद थाना, उदवंतनगर थाना और शाहपुर थाना शामिल है। इस क्रम में जिले के 17 थाना में भी जल्द निर्माण शुरू हो जाएगा। साल 2025 तक सभी थाना में महिला पुलिस बैरक बनाने का लक्ष्य है। जिले के सभी 27 थाना में 13 करोड़ 77 लाख रुपया के लागत से बनाया जाएगा। दो मंजिला महिला सिपाही का बैरक होगा। 10 महिला सिपाहियों की रहने की होगी व्यवस्था। इस बैरक में शौचालय, स्नान घर, रसोईघर और हॉल की भी रहेगी सुविधा।5 महिला सिपाही प्रथम तल और 5 महिला सिपाही को दूसरे तल पर रहने की होगी व्यवस्था। महिला सिपाही बैरक जरूरी सभी सुविधाओं से युक्त होगा। थाना परिसर में महिला सिपाहियों के बैरक बनने से महिला सिपाहियों को ड्यूटी करने में होगी सहूलियत और समय का होगा बचत। बाहर से आकर ड्यूटी करने और देर सबेर घर जाने में होती थी परेशानी। अब थाना में ड्यूटी करने वाली महिला सिपाहियों के लिए होगी सहूलियत। दस महिला सिपाहियों की रहने की होगी समुचित व्यवस्था एसपी मिस्टर राज ने बताया कि सभी थाना में कार्यरत महिला सिपाहियों की असुविधा को देखते हुए पुलिस विभाग के तरफ से सभी थाना में दो मंजिला पुलिस बैरक महिला सिपाहियों के लिए बनाया जा रहा है। सभी बैरक थाना के परिसर में बनेगा। दस महिला सिपाहियों की रहने की होगी समुचित व्यवस्था। फिलहाल अभी 10 थाना में महिला सिपाही बैरक का कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही शेष सभी थाना में इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। थाना परिसर में महिला पुलिस कर्मियों के लिए बैरक बनने से थाना में ड्यूटी करने वाली महिला पुलिस कर्मियों को सुविधा होगी।

## बक्सर में 1400 साल पुराने सूर्य मंदिर की मान्यता

निज संवाददाता। बक्सर



♦ छठ के समय मंदिर के तालाब में खुद आता है पानी, चौखट पर लिपि पर शोध

बक्सर जिले के देवढीया सूर्य मंदिर में छठ पर्व को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है। कल से सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ व्रत यहां शुरू हो जाएगा। इस मंदिर में पूजा करने के लिए बिहार और यूपी के कोने-कोने से लोग आते हैं। मंदिर को लेकर काफी मान्यता है। पुरातत्व विभाग के लोगों ने बताया कि यहां की प्रतिमा की बनावट 1400 साल पुराना है। सूर्य मंदिर प्रांगण में एक पीपल का पेड़ मौजूद है। जिसको लेकर बताया जाता है कि यह पेड़ मंदिर स्थापना के समय से ही है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा बताए गए मान्यता के अनुसार इस मंदिर का तालाब भी चमत्कारी माना जाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर में मन्नत पूरी होती है।

**मंदिर की बनावटः** यह मंदिर जिले से लगभग 27 किलोमीटर दूर राजपुर प्रखंड अंतर्गत देवढ़िया गांव में स्थित है। जो 1400 साल पुराना बताया जाता है। भारत के महान सम्राट हर्षवर्धन (606-647 ई.) के समय बना यह सूर्य मंदिर इलाके के लोगों की आस्था का केंद्र है। गांव के बड़े तालाब के किनारे स्थापित इस मंदिर का गर्भ लगभग 20 गुणा 25 फीट का है। जिसमें काले चिकने पत्थर की सूर्य प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा की ऊंचाई लगभग 3 फीट है। भगवान सूर्य की प्रतिमा दोनों तरफ एक-एक प्रतिमाएं बराबर ऊंचाई की स्थापित है। मंदिर कैंपस में सूर्य भगवान के साथ गणेश, शंकर समेत कई देवी-देवताओं की दर्जन भर से अधिक मूर्तियां स्थापित हैं। जिसमें सूर्य की प्रतिमाएं अधिक हैं। मंदिर के ठीक बीच में एक पीपल का विशाल पेड़ है। जो शुरू से ही लगा हुआ है। वहीं, देवढीया गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर के प्रवेश द्वार के चौखट पर अनजानी लिपी में कुछ शब्द लिखे गए हैं। जो हर्षवर्धन काल की बताई जाती है। हालांकि इस लिपी को पुरातत्व विभाग भी अब तक नहीं पढ़ सका है। बताया जाता है कि मंदिर के चौखट पर लिखी लिपी को पुरातत्व विभाग भी अब तक नहीं पढ़ सकी। लेकिन इसपर शोध चल रहा है ।पुरातत्व विभाग लोग यहां के कण को भी लेकर गए हैं। जिस पर जयपुर और जर्मनी में शोध चलने की बात सुनने बताई जाती है।

**छठ के समय खुद तलाब में आ जाता है पानीः** गांव के झुरी राम ने बताया कि मंदिर चमत्कारी है। इसके बगल के तालाब में छठ पूजा के समय अपने आप पानी भर जाता है। छठ खत्म होने के एक दो महीने में पानी अपने आप सुख भी जाता है। तालाब के भीतर 2 फीट व्यास वाले सात कुंआ भी हैं। तालाब में खुदाई के क्रम में कई पुरानी प्रतिमाएं भी मिली हैं। जिसे सूर्य भगवान के मंदिर में स्थापित कर दिया गया है। इस मंदिर में ओडिशा के कोणार्क मंदिर जैसी ही भगवान सूर्य की छोटी प्रतिमाएं यहां पर भी स्थापित हैं। श्रीमन नारायण तिवारी का कहना है कि इतिहास में भले ही देवढ़िया सूर्य मंदिर की चर्चा न हो। लेकिन यहां स्थापित मूर्तियां इस बात को साबित करती हैं कि यह प्राचीनतम धरोहरों में से एक है। गांव और आसपास के लोग बताते हैं कि हर्षवर्द्धन काल के समय की ही स्थापित भगवान सूर्य की प्रतिमाएं लोगों की आस्था की केंद्र रही हैं। लोग यहां मन्नतें मांगते हैं। पूरे होने के बाद यहीं छठ का अनुष्ठान करते हैं।

## मुनीम चौक के पास चल रहा था जुआ, 10 धराए



निज संवाददाता। बक्सर

मुनीम चौक के समीप खंडहर में जुआ खेल रहे 10 लोग पकड़े गए। शहर के मुनीम चौक पर जुआ खेलने की सूचना मिलने पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस को देख कुछ जुआरी चहारदीवारी फांद कर भाग गए। पुलिस की कार्रवाई को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। दीपावली के बाद भी शहर के विभिन्न मुहल्लों में जुआ खेल हो रहा है। इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने यमुना चौक के समीप स्थित खंडहर में छापेमारी की। पुलिस को देख भाग रहे दस जुआरी पकड़े गए। वहीं कुछ जुआरी चहारदीवारी फांद कर भाग निकले। जुआरियों के भागने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शहर के कई मुहल्लों में जुआ का खेल बेखौफ चल रहा है। सूत्रों की मानें तो खलासी मोहल्ला, गोला बाजार, कोईरपुरवा मोहल्ला समेत अन्य स्थानों पर जुआ का खेल बेखौफ चल रहा है। यमुना चौक के समीप पुलिस की कार्रवाई के बाद लोगों की भीड़ लग गई। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जुआ खेलने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जुआ खेलने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सुर व ताल की महफिल में शास्त्रीय संगीत का महत्व

निज संवाददाता। आरा



आरा संगीत संध्या में सुर और ताल की महफ़िल व संगीत साधना पर चर्चा से आनंदित हुए श्रोता। इस दौरान श्रोताओं ने जाना कि शास्त्रीय संगीत की रंजक क्षमता ही उसके सौंदर्य को बढ़ाती है तथा इससे रसिकों के हृदय को आनंदित करती है। ऐसे ही चित्रपट संगीत ने शास्त्रीय संगीत को आधार बनाकर उसके ताल को आधा प्रस्तुत करके उसकी जटिलता को कम कर रसिकों की पहुंच उस तक बना दी है। आज गायक रागों के प्रकार को न जानते हों लेकिन उसे गा सकते हैं। श्रेया पांडे ने राग मारू विहाग में बड़ा ख्याल विलंबित एकताल की बंदिश, "झूठी मोसो प्रीत करो ना सांवरिया" छोटा ख्याल मध्य लय तीनताल की बंदिश, "पनघटवा छेड़त मोहे कान्ह कुंवर" व द्रुत एकताल की बंदिश "अरज करी हारी मैं तो बनवारी" प्रस्तुत कर श्रोताओं को झुमाया। भोजपुर के चर्चित शास्त्रीय गायक महेश यादव ने राग पुरिया कल्याण में बड़ा ख्याल, तीन ताल मध्य लय की बंदिश " बहुत दिन बीते अजहुँ ना आये श्याम, खमाज की ठुमरी प्रस्तुत की। युवा कथक नर्तक अमित कुमार ने गणेश वंदना " गाइये गणपति जगवंदन " पर सिद्धिविनायक गणपति की सुंदर छवि को प्रस्तुत करते हुए तीनताल में शुद्ध कथक प्रस्तुत किया। संगीत साधना करवाता है अनंत की यात्रा महाजन टोली स्थित आश्रम परिसर में कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ संगीतज्ञ विदुषी बिमला देवी ने किया। बिमला देवी ने कहा कि राग रागिनियां की परंपरा आदिकाल से विद्यमान हैं। संगीत साधना का मार्ग है, जो अनंत की यात्रा करवाता है। स्वर अंतहीन होते हैं इसकी अनुगूंज चारो ओर व्याप्त हैं। इस पावन धरती पर मां गंगा और शास्त्रीय संगीत वरदान स्वरूप प्राप्त हैं।

# निर्वाचक सूची में नाम पंजीकरण संशोधन के लिए आवेदन जमा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर (तरारी विस को छोड़कर) रविवार को फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अंतर्गत बीएलओ द्वारा स्पेशल कैम्प का आयोजन किया गया। स्पेशल कैम्प के दौरान बीएलओ द्वारा निर्वाचक सूची में नाम पंजीकरण, विलोपन, संशोधन आदि के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया गया। जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर स्पेशल कैम्प का निरीक्षण किया। स्पेशल कैम्प के आयोजन को लेकर गहमा- गहमी बनी रही। अगला स्पेशल कैम्प का आयोजन 23 नवंबर और 24 नवंबर को सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। गौरतलब हो कि दावा व आपत्ति का अंतिम तिथि 28 नवंबर है। दावा व आपत्ति की अंतिम तिथि तक अहर्ता प्राप्त योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए फॉर्म 6, मृत, दोहरी प्रविष्टि, स्थायी तौर से स्थानांतरित निर्वाचकों का विलोपन के लिए फॉर्म 7 व एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा या एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र में शिफ्टिंग, निर्वाचकों का विवरणी में संशोधन, डुप्लीकेट ईपिक व दिव्यांग निर्वाचक का मार्किंग के लिए फॉर्म 8 आवश्यक दस्तावेज के साथ संलग्न कर ऑफलाइन आवेदन अपने बीएलओ को दे सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से कर सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## घूरनपीर बाबा चौक के पास टूटी सड़क को किया गया मोटरेबल

**भागलपुर।** घूरन पीर बाबा चौक के पास टूटी सड़क की खबर दैनिक भास्कर में छपी तो आधी रात को चलने लायक सड़क (मोटरेबल) बना दी गई। सड़क समतल कर मेटेरियल दिया गया। हालांकि अलकतरा का काम अभी बाकी है। शनिवार की देर रात वहां रिपेयरिंग का कार्य हुआ और रविवार को दिन में ही उसके पत्थर उखड़ने लगे। क्योंकि जबतक उस जगह का कालीकरण नहीं होगा, सड़क दुरुस्त नहीं हो सकेगी। वहीं बुडको के अधिकारी का कहना है कि कालीकरण भी होगा। इसके लिए संबंधित एजेंसी को कहा गया है। बता दें कि इस जगह को खोदने के 15 दिन बाद भी नहीं बनाया गया था। इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही थी।

## लापता युवक का बोरे में बंद मिला शव, शादीशुदा महिला से था अफेयर, 14 दिन पहले ग्रामीणों ने दोनों को साथ में पकड़ा था

**मुंगेर।** मुंगेर में बीते 21 अक्टूबर से लापता युवक का शव रविवार को पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार युवक का शव बोरे में बंद था। मामले में पुलिस 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरअसल रोहित कुमार का प्रेम प्रसंग गांव के ही एक महिला निशा कुमारी से चल रहा था। निशा कुमारी की शादी शंभुगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में हुई थी। शादी के बाद भी दोनों का प्रेम प्रसंग जारी था और एक दूसरे से मिलते भी थे। इसकी भनक उसके पति सहित ग्रामीणों को लग गई। वहीं 14 दिन पहले ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को साथ में पकड़ा था। युवक की पहचान टेटिया कुशवाहा टोला निवासी रोहित कुमार (25) के रूप में हुई है। 21 अक्टूबर को रोहित निशा के बुलाने पर धर्मपुर गांव गया था। इस दौरान ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया था। 21 अक्टूबर को रोहित घर से तारापुर के लिए निकला था। इसके बाद दूसरे दिन भी जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। टेटिया थाना में लगभग आधे दर्जन लोगों के खिलाफ रोहित के पिता अरविंद सिंह ने नामजद प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और संदिग्ध लोगों के खिलाफ दबिश बढ़ाई। पुलिस दबिश के बाद शंभुगंज थाना अंतर्गत धर्मपुर गांव की महिला निशा कुमारी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। बाद में निशा कुमारी को टेटिया पुलिस ने रिमांड पर लिया, पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। टेटिया बंबर पुलिस बोरे में बंद शव को कब्जे में लेकर थाना लाई। हालांकि, पुलिस इस मामले में अभी ज्यादा कुछ बताने से इनकार कर रही है। टेटिया बंबर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मामले का खुलासा एसपी सैयद इमरान मसूद करेंगे। इसलिए हम लोग ज्यादा कुछ नहीं बता सकते।

## नौ माह में 10 डिजिटल अरेस्टिंग, 1.05 करोड़ की ठगी, एक भी ठग नहीं तलाश पाई पुलिस

**भागलपुर।** साइबर क्राइम का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट लोगों के लिए नई मुसीबत बन गया है। अब ठग ओटीपी या लिंक भेजकर धोखाधड़ी के बदले डिजिटल अरेस्ट कर लोगों की जमा पूंजी उनके बैंक खाता से खाली कर दे रहे हैं। इस साल फरवरी माह से लेकर अक्टूबर तक 10 ऐसे मामले सामने आए। ठग ने 10 लोगों से कुल 1.05 करोड़ की साइबर ठगी की। जिले में डिजिटल अरेस्टिंग का पहला केस फरवरी में दर्ज हुआ था। इससे पहले वर्ष 2023 तक डिजिटल अरेस्टिंग के एक भी मामले नहीं आए। दर्ज दस मामलों के अलावा कुछ ऐसे भी केस हैं, जिसमें सतर्कता की वजह से ठगी से लोग बच गए। इधर लगातार बढ़ते डिजिटल अरेस्टिंग के मामले से निपटने को पुलिस के पास ठोस उपाय नहीं दिख रहे हैं। साइबर पुलिस आरोपी ठग का सुराग नहीं ढूंढ़ सकी है। ताजा मामले में बीते 17 अक्टूबर को नाथनगर की एक छात्रा को डिजिटल अरेस्ट कर 70 हजार की ठगी कर ली गई। मामले में छात्रा ने साइबर थाना में अज्ञात ठग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने कमरे में फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**सबौर।** पारिवारिक कलह से तंग आकर एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सबौर थाना क्षेत्र के रजंदीपुर गांव में शनिवार रात की है। मृतक सूरज कुमार (18) भदेश्वर मंडल का बेटा था। परिवार वालों की घटना की जानकारी रविवार सुबह हुई। जब युवक सुबह आठ बजे तक नहीं जगा तो परिवार के लोगों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद खिड़की से झांक कर देखा तो वह फंदे से लटक रहा था। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना पर सबौर थाने की पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस की पूछताछ में परिजन घटना का स्पष्ट कारण नहीं बता रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि सूरज चिड़चिड़ा प्रवृत्ति का था। परिवार के सदस्यों के बीच कलह चल रहा था। इससे वह तनाव में था। वह घर में अकेला रहता था। परिवार अन्य सदस्य पास में ही दूसरे घर में रहते हैं। पारिवारिक विवाद से तंग आकर ही उसने खुदकुशी कर ली। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जयसवाल ने कहा कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है।



## छठ घाटों की शुरू हुई साफ-सफाई, बालू, पुआल और कसाल की मदद से दलदल हटाएगा निगम

**भागलपुर।** नगर निगम ने आखिकार शहर के छठ घाटों की सफाई का काम रविवार से शुरू करवा दिया। नाथनगर, चंपानगर से लेकर बरारी घाट तक का निगम की टीम ने जायजा लिया। जिन घाटों पर तत्काल मजदूरों की जरुरत थी वहां लगाए गए। बाकी घाटों पर सोमवार से जेसीबी व मजदूर काम करेंगे। उधर, निगम परिसर में पुआल, कसाल का स्टॉक किया गया है। दरअसल, बाढ़ का पानी उतरने के बाद घाट किनारे अभी दलदल बना हुआ है। इस वजह से पहले माता काली की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान जमा हुए पूजा सामग्री किनारे से साफ किए जाएंगे। इसके बाद घाट के लिए जमीन समतल कर बालू व पुआल के साथ कसाल देकर घाट तैयार किए जाएंगे। सिटी मैनेजर विनय कुमार यादव ने शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि हर हाल में तय समय पर छठ घाट तैयार कराए जाएं। इसके अलावा पूजा समितियों के साथ जिम्मेदार कर्मचारियों को बैठक करने को कहा है। ताकि घाट पर अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सके।

## विसर्जन के लिए निकली बम काली की प्रतिमा, मुंगेर में एक साथ 3 प्रतिमा का विसर्जन

**मुंगेर।** मुंगेर में जिला मुख्यालय में रविवार की देर शाम तीन बम काली प्रतिमा को विसर्जन कराने के लिए एक साथ निकाला गया। जिसमें सबसे आगे गांधी चौक मेन रोड की 25 फीट ऊंची बम काली प्रतिमा उसके आगे गांधी चौक पीपल तल्ले की 20 फीट ऊंची बम काली प्रतिमा और सबसे अंत में बेकापुर बाजा पट्टी की 18 फीट ऊंची बम काली प्रतिमा विसर्जन के लिए निकली। बम काली प्रतिमा विर्सजन के दौरान शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें सबसे आगे निशान यात्रा, उसके बाद घोड़ा, ड्रम बाजा, बैंड पार्टी, झार किला, डीजे, झांकी सहित अन्य चीज शामिल थे, जो शहर वासीयों के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा। प्रतिमा को गांधी चौक से निकाला, जो शादीपुर कौड़ा मैदान, कस्तुरवा वाटर चौक होते हुए बड़ी बाजार, बेकापुर, गांधी चौक पहुंचे। वहां से मुख्य बाजार होते हुए पंडित दिन दयाल चौक, बाटा चौक, राजीव गांधी चौक, एक नंबर ट्रैफिक होते बड़ा महावीर स्थान पहुंचे। जहां तीनों बम काली प्रतिमा की भव्य आरती की गई। जिसके बाद भगत सिंह चौक होते हुए प्रतिमा सोझी घाट देर रात पहुंची और गंगा में प्रतिमा को प्रवाहित किया गया। इस दौरान जहां बम काली प्रतिमा विसर्जन को लेकर हर चौक-चौराहा पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई। गंगा घाट पर गोताखोर के अलावा एसडीआरफ टीम को लगाया गया था। उबम काली प्रतिमा विसर्जन के दौरान जगह-जगह पर रंगोली बनाकर आरती किया गया, तो वहीं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जा रहा था। बम काली प्रतिमा विसर्जन देखने को लेकर लोगों की काफी संख्या में भीड़ देखी गई।

# रसगुल्ला खाने गया था, सीने में लगी 3 गोलियां, दोस्तों ने पहुंचाया अस्पताल

## भागलपुर में हत्या के बाद 4 बदमाश फरार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार की रात एक स्टोर गार्ड की सीने में तीन गोलियां मार दी। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, पर जान नहीं बची। मृतक हरकीत कुमार सिंह का बेटा रमेश कुमार सिंह (25) है। रमेश अपने दोस्तों के साथ चौक पर रसगुल्ला खाने गया था। तभी 4 अपराधी आए और गोली मार दी। दोस्तों ने ही परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद रमेश को सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। घटनास्थल से सभी साक्ष्य को इकट्ठा कर कार्रवाई की जा रही है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के नाशोपुर चौक के पास की है।



**कुछ वर्ष पहले बड़े भाई की हुई थी हत्याः** अपराधियों ने कुछ साल पहले मृतक रमेश कुमार सिंह के बड़े भाई अशोक कुमार सिंह की भी गोली मारकर हत्या की थी। घटना के पीछे आपसी रंजिश की आशंका है। फिलहाल मामला पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। पिता हरकीत सिंह ने बताया कि रमेश की शादी आठ महीना पहले खगड़िया के डुमरिया में काजल कुमारी से हुई थी। वहीं, हत्या क्यों कि इस मामले में परिजन खुलकर नहीं बता रहे हैं।

**छानबीन की जा रही हैः** मामले को लेकर सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी प्रियरंजन कुमार ने बताया कि आपसी रंजिश को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। फिलहाल मामले को लेकर छानबीन की जा रही है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

# टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर-टू की परीक्षा तिथि में बदलाव

निज संवाददाता। भागलपुर




टीएमबीयू ने स्नातक सत्र 2023-27 सेमेस्टर टू की परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है। विवि में 14 को प्रथम और द्वितीय पाली में होने वाली परीक्षा अब 21 और 16 को होने वाली परीक्षा 22 नवंबर को होगी। इसे लेकर विवि से अधिसूचना जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा के अलावा अन्य सभी परीक्षाएं निर्धारित तिथि व समय पर होगी। नए इंडोर स्टेडियम का कुलाधिपति 14 नवंबर को उद्घाटन करेंगे। इसी कारण परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है।

**TMBU परीक्षा भवन में 15 को बैठकः** वहीं, दूसरी ओर भागलपुर विश्वविद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा को रुकवाने के लिए कॉलेज प्रशासन ने जिला अधिकारी और सदर एसडीओ के यहां लिखित शिकायत की है। शिकायत एसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने की है। शिकायत में तत्काल प्रभाव से काम रुकवाने व धारा 144 लागू करने का आग्रह किया है। मालूम हो राज्यपाल सह कुलाधिपति TMBU परीक्षा भवन में आयोजित सीनेट अकादमी बैठक में 15 नवंबर को शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारी जोरों पर है।

**कुलपति ने FIR करने का दिया था निर्देशः** कुलपति प्रोफेसर जवाहरलाल ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को जमीन अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था। विश्वविद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। यहां लोगों ने विश्वविद्यालय की दीवार पर बांस लटका कर फुटपाथी दुकान सजाई है। इसके अलावा कई कॉलेजों की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश है।

# बम काली पूजा शोभायात्रा के दौरान तीन बार बदली शहर की आबोहवा

निज संवाददाता। भागलपुर



काली पूजा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान सुबह 10 बजे से शाम सात बजे के बीच तीन बार शहर की आबोहवा बदली। जैसे-जैसे बाहरी इलाके से शहर में भीड़ के साथ प्रदूषण फैलाने वाले यंत्र जैसे ट्रैक्टर, जनरेटर और गाड़ियों की संख्या में इजाफा होता गया। शहर की आबोहवा बिगड़ती गई। जहां से शोभायात्रा गुजरी वहां एक्यूआई का लेवल ऊपर पहुंच गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक रविवार सुबह 10.05 में मायागंज चौक के पास एक्यूआई लेवल 163 दर्ज किया गया। वहीं, डीएम ऑफिस के पास 106 रहा। इसी तरह, अपराह्न 3.05 में मायागंज के पास 170 रहा। जबकि शाम 7.05 में 164 व 109 एक्यूआई दर्ज किया गया। माना जा रहा है कि 50 तक एअर क्वालिटी इंडेक्स रहने पर आबोहवा शुद्ध मानी जाती है। जबकि 51 से 100 तक संतोषजनक और 101 से 200 तक मध्यम, 201 से 300 तक की खराब मानी जाती है। जबकि 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 तक बेहद खतरनाक हवा मानी जाती है। डॉक्टरों के अनुसार 50 से ज्यादा होते ही सांस से जुड़ी परेशानी होने लगती है। खासकर सांस से जुड़ी मरीजों को ज्यादा दिक्कतें होती है। कई बार उन्हें ऑक्सीजन लगाने की जरुरत पड़ जाती है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के एक्सपर्ट अधिकारी अमिष का कहना है कि छठ से पहले शहर में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। इस दौरान प्रदूषण का लेवल बढ़ जाता है। लेकिन जिस दिन अर्घ्य का समय होता है शहर की आबोहवा शुद्ध हो जाती है। इसका कारण होता है कि शहर की आबादी देहात की ओर शिफ्ट रहती है।

# शहर में अचानक बढ़ा डेंगू का कहर, खतरा अभी टला नहीं, क्योंकि माह के अंत तक गरमी की संभावना

**♦ सावधानी से ही होगा बचाव**

निज संवाददाता। भागलपुर

शहर में अचानक डेंगू का खतरा बढ़ गया है। 15 दिनों में मायागंज अस्पताल के डेंगू वार्ड में 37 मरीज भर्ती हुए। इनमें भागलपुर शहर के 14 और ग्रामीण इलाके के 20 मरीज हैं। बांका और मुंगेर के भी तीन मरीज हैं। रविवार को नाथनगर और सुल्तानगंज से दो मरीज आए, जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। ऐसे में अभी डेंगू का खतरा टला नहीं है। क्योंकि इस माह के अंत तक गर्मी पड़ने की संभावना है। ऐसी स्थिति में इस माह के अंत तक डेंगू के संक्रमण का खतरा है। जब तक मौसम गर्म रहेगा तो डेंगू का लार्वा तैयार होता रहेगा। जब ठंड बढ़ेगी तो इसका लार्वा मरेगा और डेंगू से राहत मिल सकेगी। अब तक डेंगू मरीजों की संख्या 123 हो गई है।



साथ ही इस बार 13 साल के किशोर से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग भी संक्रमित हुए हैं। अन्य वर्षों की तुलना में लक्षण भी बदला है। पहले तेज बुखार के खांसी की शिकायत होती थी। लेकिन इस बार डायरिया की भी शिकायत ज्यादा आ रही है। साथ ही संक्रमण खत्म होने के बाद भी लंबे दिनों तक कमजोरी की शिकायत रहती है। पौष्टिक आहार लेने और विटामिन की दवा खाने के बाद भी कमजोरी दूर नहीं हो रही है। ऐसे मरीजों को सूक्ष्म योग व थोड़ा टहलना चाहिए। ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जिससे शरीर पूरी तरह से ढंका रहे। मच्छरदानी लगाकर ही सोना चाहिए। घर के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें।

**इन इलाकों से मिले मरीज :** तिलकामांझी, सुरखीकल, खंजरपुर, आदमपुर, मानिक सरकार, बूढ़ानाथ, भीखनपुर, मुंदीचक, मिरजान हाट, अलीगंज, नाथनगर, चंपानगर, साहेबगंज, परबत्ती, नया बाजार, बरारी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी शामिल है।

**इन इलाकों में संक्रमण का खतरा ज्यादाः** बरारी कृत्रिम तालाब, मुसहरी घाट, बूढ़ानाथ व चंपानगर घाट, दक्षिणी क्षेत्र में ओवरब्रिज निर्माण स्थल और इशाकचक सस्तु भगत काली मंदिर रोड के पास। कारण यह कि यहां जलजमाव की समस्या है।

> अभी रोस्टर के अनुसार सभी वार्डों में फॉगिंग करवाए जा रहे हैं। दुर्गापूजा व दीपावली के दौरान सभी पूजा-पंडालों के आसपास भी छिड़काव व फॉगिंग कराए गए। छठ पर्व के मौके पर भी विशेष सफाई की तैयारी है। कृत्रिम तालाबों के पास जलजमाव की समस्या दूर करेंगे।
>
> **-विकास कुमार हरि,** स्वच्छता प्रभारी, निगम

# सामूहिक बिरादरी भोज का किया गया आयोजन, कायस्थ समाज की एकता पर मंत्रणा

**गयाः** स्थानीय वरीय पुलिस अधीक्षक आवास के सामने अवस्थित श्री चित्रगुप्त पार्क में श्री चित्रगुप्त परिवार समिति, गेवाल बिगहा द्वारा सोमवार को सामूहिक बिरादरी भोज का आयोजन किया गया।

सामूहिक बिरादरी भोज में समाज के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति हुई, जिन्होंने कायस्थ समाज की एकता पर मंत्रणा किया।

इस अवसर पर कलमजीवियों ने कहा है कि देश के नवनिर्माण में कायस्थों की अहम भूमिका रही है। बात चाहे राजनीति की करें या आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र की, कायस्थों का योगदान हर क्षेत्र में सर्वोपरि रहा है। हालांकि वर्तमान समय में कायस्थों को दरकिनार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए, समाज में एकता जरूरी है। इस अवसर पर मुंगेर विवि के पूर्व कुलपति डॉ. रंजीत कुमार वर्मा, प्रो. अरविंद कुमार सिन्हा, प्रो. सरोज कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा रानी प्रसाद, प्रभात शंकर उर्फ सुनील कालिया, रूपक, प्रो अरुण कुमार



प्रसाद, विनोद प्रसाद, शशि किशोर शिशु सहित समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, मनोज कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, आशीष रंजन उर्फ सन्नी, यश सिन्हा, कुश वर्मा, सिमरन सिन्हा, किशोरी प्रसाद, विक्की कुमार, नागेंद्र कुमार, कृष सिन्हा, विकास कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने भी भगवान चित्रगुप्त की आराधना की एवं भोज में हिस्सा लिया।

# कुएं से मिला लापता महिला का शव, मुंगेर में दीपावली के दिन से गायब थी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में सोमवार को कुएं से पुलिस ने एक महिला के शव को बरामद किया है। घटना स्थल पर शव को देखने ग्रामीणों की काफी संख्या में भीड़ जुटी हुई है। पड़ोसी लखन कुमार ने बताया कि महिला दीपावली के दिन ही बकरी चराने के लिए बहीयार गई हुई थी। उसी दिन से वह लापता थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। महिला की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बांक निवासी विनोद यादव की पत्नी रुबी (35) देवी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कुएं से निकालने के प्रयास में है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक पंचायत के सुतुरखाना बसबीट्टी कुआं की है। मामले की छानबीन में जुटी पुलिसः स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। सोमवार को ग्रामीणों ने कुआं में महिला के शव को देखा है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि शव को निकालने के लिए एसडीआरएफ के टीम को बुलाया जा रहा है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का कारण का पता चल पाएगा।

**ध्यान दें: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक**
**वेतन खाता सेवाओं के लिए प्रस्ताव**

पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल द्वारा स्वैच्छिक आधार पर 19,000 से भी ज्यादा कर्मियों के लिए वेतन खाते की सुविधाएं प्रदान करने के लिए आरबीआई अधिनियम, 1934 की द्वितीय अनुसूची के तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (सार्वजनिक एवं निजी सेक्टर) से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

**पात्रताः** (1) सिर्फ आरबीआई अधिनियम, 1934 की द्वितीय अनुसूची में शामिल तथा आरबीआई के नियामक तथा आवश्यक वित्तीय सुदृढ़ता को पूरा करने वाले बैंक। (2) आरबीआई की डिजिटल बैंकिंग रूपरेखा, केवाईसी, एएमएल/सीएफटी दिशा-निर्देशों तथा वेतन खातों के लिए सेवा मानकों का अनुपालन करने वाले बैंक (3) बड़े पैमाने पर शाखा एवं एटीएम नेटवर्क रखने वाले बैंक, विशेषकर आसनसोल तथा पूर्व रेलवे के संचालन क्षेत्रों में।

**प्रस्ताव की आवश्यकताएँ (केवल सांकेतिक एवं सम्पूर्ण नहीं): (1) वेतन खाते की विशेषताएं:** शून्य बैलेंस, असीमित लेनदेन, डेबिट/क्रेडिट कार्ड की सुविधाएं। **(2) कर्मियों को लाभ:** बीमा कवरेज, परिवार-केंद्रित सेवाएं, उपहार एवं रियायत। **(3) सरकारी योजनाएं:** पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई इत्यादि में नामांकन एवं एसएसवाई जैसी बचत योजनाओं के लिए सहायक। **(4) ऋण समाधान:** प्रतिस्पर्धात्मक ब्याज दर, ईएमआई छूट, आपातकालीन क्रेडिट लाइन। **(5) डिजिटल एवं वित्तीय कल्याण** : 24/7 पहुंच, वित्तीय सलाह सेवाएँ।

**जमा का विवरण:** • **अंतिम तारीख:** अधिसूचना की तारीख से 15 दिन। • **जमा:** पंजीकृत मेल/पोस्ट द्वारा अथवा एपीओ-I , कार्मिक विभाग, आसनसोल के पास व्यक्तिगत रूप में जमा किया जाना चाहिए। • **टिप्पणी:** केवल इलेक्ट्रॉनिक मेल द्वारा जमा किए गए प्रस्तावों को वैध नहीं माना जाएगा। रिकार्ड के लिए प्रतिलिपि **sdpoerasn@gmail.com, sanketdhavane@gmail. com, dhavane.sanket@gov.in** के पास भेजें।

मूल्यांकन के तहत सेवा की गुणवत्ता, नेटवर्क की पहुंच तथा वित्तीय स्थिरता पर विचार किया जाएगा। पूर्व रेलवे किसी भी प्रस्ताव के स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। आगे के विवरण के लिए **www.er.indian railways.gov.in** का अवलोकन करें अथवा **9002023622** पर सम्पर्क करें।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आसनसोल-पटना-आसनसोल अनारक्षित विशेष ट्रेन एक और फेरे के लिए चलेगी**

छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, 03549/03550 **आसनसोल - पटना - आसनसोल अनारक्षित विशेष ट्रेन** नीचे दी गई तिथियों के अनुसार अपनी मौजूदा ठहराव, समय और संरचना के साथ एक और फेरे के लिए चलेगीः विस्तारित यात्रा की तिथियां: ● **03549 आसनसोल - पटना अनारक्षित विशेषः** 05/11/2024 (मंगलवार) = 01 यात्रा और **03550 पटना - आसनसोल अनारक्षित विशेषः** 06/11/2024 (बुधवार) = 01 यात्रा। सभी अन्य निर्देश पहले जैसे ही रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**न्यायालय उपायुक्त, पलामू**

<u>नोटिस</u>

झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2017 की नियम 11 के अंर्तगत

विविध(राजसात) वाद सं0 – 130/2024–25

राज्य बनाम् अज्ञात

<u>नोटिस बनाम अज्ञात</u>

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अंचल अधिकारी हुसैनाबाद द्वारा दिनांक 20.07.2024 को ग्राम बड़ेपुर के टोला सहियारा में लगभग 20 ट्रैक्टर बालू खनिज का अवैध भण्डारण पाया गया जिसे जप्त कर प्रखण्ड परिसर में अभिरक्षित की गयी है, जिस पर झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2017 की नियम 11 के अंर्तगत राजसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकरी पलामू के पत्रांक 1520/एम दिनांक 23.07.2024 से उपायुक्त पलामू के न्यायालय में प्राप्त हुआ है। उपरोक्त स्थल पर अवस्थित बालू खनिज पर यदि किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 05.11.2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न में उपायुक्त न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा जप्त अवैध बालू खनिज पर राजसात् (Confiscation) की कार्यवाही पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा।

उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार
उप समाहर्त्ता,
प्रभारी जिला विधि शाखा, पलामू

PR 339845 (District)24-25*D

# वृद्ध महिला का शौचालय की टंकी से मिला शव, बहु और उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप

निज संवाददाता | मेहरमा



प्रखंड अंतर्गत मेहरमा थाना क्षेत्र के बरारी गांव में अवैध संबंध के चक्कर में बहु ने 75 वर्षीय सास की निर्मम हत्या कर शौचालय की टंकी में डाल दिया। उक्त मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के बरारी गांव का बताया जा रहा है। कड़ी मशक्कत करने के बाद महिला के शव को मेहरमा पुलिस प्रशासन के द्वारा शौचालय की टंकी से बाहर निकाला गया और कानूनी प्रक्रिया कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोड्डा भेज दिया गया। वहीं इस मामले को लेकर मृतका के पुत्र आज़म रज़ा की और से 35 वर्षीय पत्नी नाजिया शोहेल और 40 वर्षीय उनके प्रेमी आसिफ इमरान सहित कुल पांच लोगों के ऊपर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। आरोपी को पकड़ने लिए मेहरमा पुलिस के द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी गई है। इस दौरान आरोपी के दो रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में उक्त घटना को लेकर बताया कि 72 वर्षीय नूरजहां की पुत्रवधू नाजिया शोहेल, उम्र करीब 35 वर्ष का गांव के ही आशीफ नामक व्यक्ति, उम्र करीब 40 वर्ष के साथ ढाई- तीन साल से अवैध संबंध चल रहा था जिसका विरोध उसकी सास कर रही थी। सास को रास्ते से हटाने के लिए कथित अपने प्रेमी के साथ मिलकर सास की हत्या कर शौचालय की टंकी में दफन कर दिया और घटना के दो तीन दिन बाद दोनों फरार हो गए। मां की लापता होने की खबर को सुनकर पुत्र अंजाम रज़ा अपने घर पहुंचा और अपनी मां की खोज बीन करने लगा। वहीं बताया गया कि अंजाम रजा करीब 10 वर्षों से मुंबई में वाचमैन की नौकरी कर रहा था। जब उनकी मां नहीं मिली तो मेहरमा पुलिस को इसकी सूचना दी। मेहरमा थाना प्रभारी नितिन अश्वनी एवं पुलिस अवर निरीक्षक विधान चंद्र पटेल, सहायक अवर निरीक्षक खालिद अहमद खान के साथ त्वरित कार्रवाई करने हेतु बरारी गांव पहुंची और पूरे घर में छानबीन करने लगी। तभी शौचालय के ऊपर नया प्लास्टर देखकर वहां छानबीन की गई तो वहां से दुर्गंध आने लगी, तभी शौचालय की टंकी का ढक्कन को हटाकर देखा गया तो वहां से वृद्ध महिला का शव पड़ा था जिसके काफी मशक्कत के बाद निकाला गया।

## किशोर और किशोरी का शव बरामद

निज संवाददाता | रानीश्वर

थाना क्षेत्र के पाटजोड़ पंचायत के बेलडांगाल से सोमवार को पेड़ से लटका किशोर किशोरी का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार शवों के देखने से संदेहास्पद मौत का मामला प्रतीत होता है। सूचना पर पहुंचे रानीश्वर थाना प्रभारी बलराम सिंह ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया है। दोनों शव की पहचान थाना क्षेत्र के ही एक गांव के रहने वाले के रूप में हुई हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों में प्रेम प्रसंग था।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजदूगी में किया गया ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन

निज संवाददाता | गोड्डा



विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सम्बंधित विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, सम्बंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें बूथ वार ईवीएम आवंटित किए गए। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक समझाइए समझाया गया। जिला अंतर्गत कुल 1178 मतदान केंद्रों के लिए रेंडमाइजेशन में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 16 पोड़ैयाहाट, 17 गोड्डा एवं 18 महागामा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की संख्या के अनुसार आरक्षित सहित बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों को लेकर विस्तार से जानकारी भी दी गई। मौके पर उपविकास आयुक्त गोड्डा, स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता मुर्मू, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, आलोक वरण केसरी, निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता गोड्डा, रितेश जयसवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा, पंकज कुमार, संबंधित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# विधानसभा क्षेत्र के गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के द्वारा लगातार जारी है जनसंपर्क अभियान

निज संवाददाता | महागामा



विधानसभा क्षेत्र के गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के द्वारा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूकता हेतु सावित्रीबाई फूले, मंईयां सम्मान, अबुआ आवास सर्जनन पेंशन, कृषि ऋण माफी, बिजली बिल माफी जैसे महत्वपूर्ण योजना की जानकारी दी। दीपिका पांडेय सिंह द्वारा महागामा विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं उनके द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान प्रखंड क्षेत्र के कुसमी, जमायडीह, चिल्हा, समदा, नेमनीयाकिता, हीर करहरिया, मनान कहरिया, दहिया, सिमरा कत्ता, भडारीडीह, मागनपिपरा विभिन्न स्थानों में चलाते हुए उन्होंने झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फूले, मंईयां सम्मान, अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, कृषि ऋण माफी व बिजली बिल माफी के बारे में क्षेत्र के लोगों को बताया।

वहीं उन्होंने बताया कि नए सड़क गांव- गांव मुख्य सड़क बनाए गए हैं आगे भी बचे हुए कार्य किए जायेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं का निरंतर लाभ लेने के लिए पुनः महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। साथ ही महागामा विधानसभा क्षेत्र के जनता से हाथ छाप को जिताने की अपील की।

## करंट लगने से एक बच्ची घायल

**राजमहल (साहिबगंज) (नि. सं.)**। प्रखंड क्षेत्र के मनसिंघा गांव में एक 14 वर्षीय बच्ची, सुल्तान खातून, करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जब वह घर के कुछ काम कर रही थी और अनजाने में बिजली के एक खुले तार की चपेट में आ गई। उसे स्थानीय अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। बच्ची की हालत स्थिर है, लेकिन उसे पूरी चिकित्सा देखरेख की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से अपील की है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में कोई और बच्चा ऐसी दुर्घटना का शिकार न हो। इस घटना ने गांव में चिंता की लहर पैदा कर दी है और सभी को सुरक्षा नियमों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता की याद दिलाई है।

# विद्यापति भवन के सभागार में ब्राम्हण महासभा आयोजित, एकजुटता का लिया गया संकल्प

निज संवाददाता | गोड्डा




नगर क्षेत्र अंतर्गत विद्यापति सांस्कृति परिषद के सभागार में ब्राम्हण महासभा का आयोजन किया गया। इस महासभा में गोड्डा जिले के करीब एक हजार की संख्या में 42 गांव के लोग शामिल हुए। जहा राजनीतिक परिदृश्य में उनकी उपेक्षा पर गहराई से चर्चा की गई और ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य, नेता, और युवा उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी नाराजगी और असंतोष खुलकर प्रकट किया। यह विरोध मुख्य रूप से इस बात को लेकर था कि हाल के चुनावों में किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल ने ब्राह्मण उम्मीदवारों को प्राथमिकता नहीं दी है। बड़े राजनीतिक दलों द्वारा लंबे समय से ब्राह्मण समाज की अनदेखी की जा रही है, जबकि ब्राह्मण समुदाय का सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जो दल पहले ब्राह्मणों को महत्वपूर्ण भूमिका में रखते थे, अब उन्होंने ब्राह्मण समाज की राजनीतिक भागीदारी को न के बराबर कर दिया है। उदाहरण के तौर पर, राज पलिवार जैसे एक मंत्री को जो पहले विधायक थे, इस बार भी टिकट से वंचित कर दिया गया है। यह कदम ब्राह्मण समाज को हाशिए पर धकेलने जैसा प्रतीत होता है। समाज के लोगों ने अपनी आवाज को बुलद करते हुए अपने उपेक्षा का जोरदार विरोध करने का निर्णय लिया। साथ ही कहा गया कि जिन्होंने ब्राह्मणों के हितों को समझा है और उनकी हिस्सेदारी बनाए रखी है। इस संदर्भ में गोड्डा क्षेत्र के परिमल ठाकुर को जयराम महतो की पार्टी कैची छाप से टिकट दिया गया है। ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों ने एक स्वर में घोषणा की कि वे परिमल ठाकुर का समर्थन करेंगे और उन्हें जिताने के लिए एकजुट रहेंगे। गोड्डा में ब्राह्मणों के मतो की संख्या करीब 40 हजार के करीब है और इस एकजुटता से निश्चित ही बड़ा प्रभाव पड़ेगा। सभा में उपस्थित नेताओं ने कहा कि यह समर्थन केवल चुनावी परिणामों के लिए नहीं है, बल्कि इससे समाज को एक राजनीतिक पहचान मिलने की उम्मीद भी है। गोड्डा क्षेत्र में पहले बुद्धि नाथ झा और हेमंत झा, रजनीश आनंद जैसे ब्राह्मण विधायक रह चुके हैं, लेकिन हाल के समय में इनके समाज के नेताओं को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया है। ब्राह्मण महासभा ने चेतावनी दी कि अगर बड़े राजनीतिक दलों ने इसी तरह ब्राह्मणों की उपेक्षा जारी रखी तो इसका परिणाम अच्छा नहीं होगा। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुटता की शपथ ली और भविष्य में अपने हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से आगे बढ़ने का निश्चय किया। इस प्रकार, इस महासभा की बैठक ने गोड्डा के ब्राह्मण समाज के लिए एकजुटता, पहचान, और स्वाभिमान का संदेश दिया। यह संकल्प लिया गया कि अब ब्राह्मण समाज अपने हक के लिए एकजुट होकर राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को बनाए रखेगा और उसी दल का समर्थन करेगा जो उनकी उपेक्षा नहीं करेगा। ब्रहमण समाज के लोगो ने कहा कि हम एक जुट होकर आगे बढेगें तो कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर पाएगी। वहीं मोतिया के अश्वनी चौधरी ने कहा कि इस बार परिमल ठाकुर को वोट करने का हमारे समाज ने संकल्प लिया है। संजीव आनंद ने कहा कि अपनी पहचान बताने के लिए एकजुट होकर मतदान करने की जरूरत है। वहीं नंदकिशोर झा, दीलीप झा, देवेन्द्र ठाकुर, बच्चु झा, रतन झा, प्रनीति झा, दीनानाथ झा, परमानंद चौधरी, नंदन झा, अनिल झा चंडी, मुन्ना चौधरी ने भी अपनी राय दी। उक्त कार्यक्रम में हजारो की संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# आपकी सुरक्षा आपकी अस्मिता बचाने का काम केवल भाजपा ही करेगी : सुनील सोरेन

निज संवाददाता | मसिलया



मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गुमरो पंचायत के डिगवाडीह गांव में मेलर आदिम जनजाति संघर्ष मोर्चा के लोगों के साथ सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता मेलर जाति के प्रखंड अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने किया। जिसमें जरमुंडी क्षेत्र से पहुंचे विश्वनाथ राय व आशुतोष राय ने कहा कि मेलर समाज विगत एक दशक से अपनी मांगों को लेकर अहर्निश प्रयासरत है। जिसमें मांग हमेशा से एसटी कोटि में शामिल करने की रही है। यही नहीं जाति प्रमाण पत्र बनाने में भी काफी दिक्कत हो रही है। इसका अब तक हल नहीं हो पाया है। मौजूदा सरकार इसके लिए थोड़ा भी प्रयास नहीं किया है। कहा कि सुनील सोरेन को दुमका विधानसभा विधायक बनाकर भेजने का काम कीजिये इन सारी समस्याओं को लेकर सदन में आवाज उठाकर आप सभी का हक दिलाने का काम करेंगे। सुनील सोरेन ने कहा कि झामुमो सरकार अभी मईया सम्मान योजना दिखाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। याद कीजिये वो दिन जब पूरे भारत में कोरोना बीमारी फैली हुई थी। उस वक्त कमल फूल की पार्टी ने ही हमे बचाने का काम किया था। उस समय एक एक हजार रुपये खाते में भेजने का काम क्यों नहीं किया। हेमंत सोरेन और बसंत सोरेन अपने परिवार में एक भी आदमी को नहीं छोड़ा कि जिसे चुनाव में नहीं उतारा हो। एक परिवार पूरे झारखण्ड को चारों तरफ से लूट रहा है। घुसपैठिया को लाकर वोट बैंक की राजनीति कर रहा है। यहां तक कि नदियों का बालू चोरी कर बेच दिया। आज जगह खस्सी पाठा आदि खिलाकर लोगों को बरगला रही है। याद रखिये आपकी सुरक्षा आपकी अस्मिता बचाने का काम केवल भाजपा ही करेगी दूसरा कोई नहीं करेगा। इसलिए आगामी चुनाव में भाजपा को जिताने का काम कीजिये मैं आज वादा करता हूं कि कार्मिक विभाग से बात कर आपकी जो भी समस्या है उसे दूर करने का काम करूंगा। मौके पर पवन सिंह, बुधन राय, दिनेश राय, कमल राय, कार्तिक राय, देवनारायण, बलदेव सिंह, महादेव राय, गंगाधर राय, श्यामसुंदर राय, बिमल राय आदि उपस्थित रहे।

## चार लोगों पर मारपीट एवं दुर्व्यवहार का मामला दर्ज

**देवघर (नि.सं.)**। शहर के भेड़वा कुम्हारटोली निवासी अंजू देवी ने पारिवारिक विवाद में सिंटू विश्वकर्मा समेत चार लोगों पर दुर्व्यवहार और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है। अंजू देवी ने पुलिस को सिंटू विश्वकर्मा, कुंदन विश्वकर्मा, किरण देवी, सोनू विश्वकर्मा पर घर से बेदखल करने के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा है कि पड़ोसी सिकंदर पंडित और उसका परिवार बचाने आया तो उनको भी आरोपियों ने मारपीट किया। सोनू और सिंटू उसके मुंह को गमछा से लपेटकर आवाज बंद करने की कोशिश किया। कुंदन विश्वकर्मा ने बुरी नीयत से दुर्व्यवहार किया। पड़ोसी सिकंदर पंडित आवाज सुनकर आरोपियों के चंगुल से बचाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# छठ पर पहली अर्घ्य के दिन राज्य में सबसे पहले साहिबगंज-पाकुड़ में होगा सूर्यास्त

निज संवाददाता | साहिबगंज

लोकआस्था का महापर्व छठ के मौके पर सात नवम्बर को पहली अर्घ्य की शाम को राज्य में सबसे पहले साहिबगंज व पाकुड़ में सूर्यास्त हो जाएगा। इन दोनों जिलों के व्रतियों को उससे पहले ही सूर्यदेव को अर्घ्यदान करना पड़ेगा। छठ पर पहली अर्घ्य के मौके पर अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्यदान किया जाता है। दूसरे दिन सुबह उदीयमान सूर्यदेव को व्रती अर्घ्य देते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक साहिबगंज व पाकुड़ में शाम 4.55 बजे सूर्यास्त हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक सात नवम्बर को गोड्डा में शाम 4.57 बजे,दुमका में शाम 4.58 बजे,देवघर में शाम 5.00 बजे व जामताड़ा में शाम 5.00 बजे सूर्यास्त होगा। उस दिन राज्य में सबसे विलम्ब से शाम 5.12 बजे गढ़वा में सूर्यास्त होगा। गुमला, पलामू व सिमडेगा में उसदिन शाम 5.11 बजे सूर्यास्त होगा। रांची में शाम 5.08 बजे सूर्यास्त होगा।

इधर, छठ पर दूसरी अर्घ्य के दिन यानी आठ नवम्बर की सुबह पूरे राज्य में सबसे पहले पाकुड़ में सुबह 5.50 बजे सूर्योदय होगा। हालांकि साहिबगंज व दुमका में इससे दो मिनट बाद यानी सुबह 5.52 बजे सूर्योदय होगा। गढ़वा में सबसे विलम्ब से सुबह 6.05 बजे सूर्योदय होगा। पलामू में सुबह 6.04 व लातेहार में सुबह 6.02 बजे सूर्योदय होगा। देवघर में सुबह 5.55 बजे, जामताड़ा में 5.53 बजे, गोड्डा में 5.53 बजे व दुमका में 5.52 बजे सूर्योदय होगा। झारखंड की राजधानी रांची में आठ नवम्बर को सुबह 5.59 बजे सूर्योदय होगा।मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक साहिबगंज व आसपास के इलाके में सुबह कोहरा छाया रहेगा। हालांकि बाद में आंशिक बादल छा सकते हैं। मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 27-29 एवं न्यूनतम 16-18 डिग्री रहेगा। कुल मिलाकर सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के समय गुलाबी ठंड का एहसास हो सकता है।

# मध्य विद्यालय तालाब में हुई बैठक

निज संवाददाता | साहिबगंज



शहर स्थित मध्य विद्यालय तालाब में प्रधानाध्यापिका रूबी देवी की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक हुई। बैठक में बीते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होने वाले पूर्व प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राय के सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित करने पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापिका रूबी देवी ने कहा कि चुनाव को देखते हुए मनोज राय का भव्य विदाई समारोह 8 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के शिक्षा विभागीय पदाधिकारियों के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। विदाई समारोह को सफल संचालन हेतु एक समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्ष अध्यक्ष प्रधानाध्यापिका रूबी देवी होगी। शिक्षक जितेंद्र हरि, अशोक कुमार साह शिक्षिका सुचिता कुमारी एवं बाल संसद के सदस्य होंगे।विदाई समिति के संरक्षक विद्यालय प्रबंधन समिति के पदेन प्रधान और पूर्व वार्ड पार्षद श्री गोपाल चोखानी होगें।

## बूथों के मतदाता सूचना पर्ची वितरण का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सरैयाहाट (नि. सं.)**। बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव द्वारा सोमवार को पथरा पंचायत के करीब एक दर्जन बूथों के मतदाता सूचना पर्ची वितरण का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी बूथों में पचास प्रतिशत पर्ची वितरण किया हुआ पाया गया। जबकि बूथ नंबर -325 के बीएलओ रीबू देवी द्वारा मतदाताओं के बीच मात्र दो पर्ची का वितरण किए जाने से नाराजगी जताते हुए संबंधित बीएलओ से स्पष्टीकरण पूछा गया है। साथ ही कहा कि मतदाता सूची वितरण में लापरवाही करने वाले बीएलओ पर कार्रवाही की जाएगी।

# जामताड़ा में चार साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार कस्टमर सपोर्ट बनकर करते थे ठगी

निज संवाददाता | जामताड़ा



जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र से चार साइबर आरोपी का गिरफ्तार किया है। इसे लेकर डीएसपी चंद्र शेखर ने जानकारी दी। बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अब्दुल रहमान के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयंत तिर्की एवं अन्य पुलिस कर्मियों को शामिल करते हुए करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सिंदरजोरी एवं मट्टांड़ में साइबर आरोपियों के विरूद्ध छापेमारी किया गया। इस दौरान साइबर अपराध करते सिंदरजोरी गांव के मिराज अंसारी, सब्बीर अंसारी, आशिफ अंसारी व मट्टांड़ गांव के मेहबुब अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद इनकी जांच की गई। सभी के पास से 15 मोबाइल व 17 फर्जी सिम जब्त किया गया। इस संबंध में इन सभी के विरूद्ध साइबर थाना कांड संख्या 70-2024 दर्ज कर जेल भेज गया। उन्होंने कहा कि ये सभी ई-कॉमर्स कंपनियों, उपभोक्ता सामग्री कंपनी के कस्टमेयर केयर नंबर के रूप में अपना फर्जी मोबाइल नंबर डालकर उपभोक्ताओं को गुमराह करते थे।

उनकी परेशानी का निपटारा करने के नाम पर उनके मोबाइल पर क्विक सपोर्ट, एनी डेस्क जैसे मोबाइल सेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर उनके खाते से पैसे निकाल लेते थे। उन्होंने यह भी बताया कि ये अपराधी लोगों को झासे में लेते थे। साथ ही क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड बंद होने की बात बताकर एवं लोगों को झांसा में लेकर उनके मोबाइल में स्क्रिन सेयरिंग एप जैसे एनीडेस्क, टीम विउर डाउनलोड करवाकर क्रेडिट, डेबिट कार्ड सभी तरह का गोपनीय जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी करते थे। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में दो अभियुक्त मिराज अंसारी व सब्बीर अंसारी का पुराना इतिहास रहा है। दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं। ये सभी पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश के लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

# कांग्रेस कार्यालय में युथ कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक महागठबंधन के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा

निज संवाददाता | महागामा



प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव को युथ कांग्रेस कमेटी सदस्य के साथ बैठक की गई। जहां मुख्य अतिथि में राष्ट्रीय सचिव महिल प्रतिभा रघुवंशी, उत्तराखंड महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला पहुंची थी। वहीं युथ कांग्रेस सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं उत्तराखंड महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रतौली ने अपने संबोधन में कहा कि एक बूथ में दस सदस्य मौजूद रहेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने बताया कि आपके इस संदेश में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, अनुशासन, और संगठनात्मक मजबूती का गहरा असर दिखता है। आपने कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पण और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनके बीच आत्मविश्वास और जोश बना रहे। आपने यह भी स्पष्ट किया कि यूथ कांग्रेस में रहकर अनुशासन और नेतृत्व की जो बातें सीखी जाती हैं, वे न केवल पार्टी में बल्कि जीवन में भी कारगर साबित होंगी। आपने युवाओं को पार्टी में शामिल होकर अपने अनुभवों और सीख को बढ़ाने का अवसर देने पर जोर दिया।

कांग्रेस संगठन में काम करने के दौरान मिलने वाली चुनौतियों से निपटना, सामुदायिक सेवा की भावना और अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका को आपने बखूबी समझाया। महागठबंधन की रणनीति पर बात करते हुए आपने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि कांग्रेस अकेले नहीं बल्कि महागठबंधन के साथ मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेगी। आपने बताया कि महागठबंधन की तरफ से आरजेडी, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और वाम दलों का समर्थन कांग्रेस को है, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, भाजपा की ओर से फैलाए जाने वाले भ्रम और अफवाहों का उदाहरण देकर आपने सभी को आगाह किया कि यह चुनाव आसान नहीं होगा और भाजपा किसी भी प्रकार की चालबाजी कर सकती है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**पाकुड़ (नि.सं.)**। सिमलोंग ओपी क्षेत्र में रविवार देर रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पहला घटना कदवा के पास एक अज्ञात गाड़ी के ठोकर से एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। सोनाधनी पंचायत के जामुकुड़ीया गांव निवासी रामा पहाड़िया 26 वर्ष हाथिबथान हटिया से घर आ रहा था कि पीछे से अज्ञात वाहन ठोकर मारते हुए फरार हो गया। जिससे रामा गंभीर रूप से घायल हो कर सड़क पर गिर गया। वहीं दूसरी घटना चटकम के समीप एक महिला को अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। जिससे महिला बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गयी है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर घटना स्थल पर एएसआई अशोक सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचकर घायल को एमबुलेंश व पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लिट्टीपाड़ा लाया। जहां डा. आनन्द के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। साथ ही दोनों को गंभीर चोट लगने से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही डां आंनद ने बताया कि रामा पहाड़िया के पैर फैक्चर होने व महिला के माथे पर गंभीर चोट के वजह से दोनों को बेहतर उपचार के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए दोनों घायल का ईलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मामले कि जांच की जा रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# वाहन के धक्के से बाइक सवार दो लड़की सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल, रेफर

**निज संवाददाता | जरमुंडी**



थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमका देवघर मुख्य सड़क मार्ग पर दुधानी गांव के समीप एक फार्च्यूनर कार के धक्के से बाइक पर सवार दो लड़की सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तालझारी थानाक्षेत्र के कालाडुमरिया पंचायत अंतर्गत खुर्द डुमरिया गांव निवासी 18 वर्षीया केसिया कुमारी व 13 वर्षीया उजलिया कुमारी एवं जरमुंडी थानान्तर्गत निसुनरिया खैराबांध गांव निवासी 22 वर्षीय कपिलदेव मांझी शामिल है। सड़क दुर्घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने सहायता देकर इलाज हेतु जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने सभी घायलों की प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज हेतु हाईयर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना को लेकर घायल केसिया कुमारी के पिता भूदेव महतो ने बताया कि केसिया अपने आधार कार्ड की त्रुटियों के सुधार कराने हेतु जरमुंडी आ रही थी। इसी बीच दुधानी के पास फार्च्यूनर कार ने धक्का मार दिया। जिसमें बाइक पर सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना में तीनों घायलों के पैर बुरी तरह टूट गए हैं। केसिया के पिता ने बताया कि केसिया कुमारी की कुछ ही दिनों बाद शादी होनेवाली थी। परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल केसिया और कपिलदेव को बेहतर इलाज हेतू हाईयर सेंटर ले जाया गया है।इधर मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना के बाद मौके से भाग रही फार्च्यूनर कार को जमुआ गांव के समीप पकड़ लिया गया है। घटना की सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कारवाई में जुट गई है।

## चाकूबाजी में एक की मौत एक घायल

**निज संवाददाता | देवघर**

सीमावर्ती राज्य बिहार के बांका जिला कटोरिया थाना क्षेत्र के सुंडीया झाझा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। वहीं एक पक्ष के दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में घायल के मंझला भाई मंटू यादव ने बताया कि जमीन एवं आपसी विवाद को लेकर एक ही घर के पांच भाई आपस में भीड़ गए। इस दौरान बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू से मार दिया। जिसे बचाने के लिए गए छोटे भाई मंगरी यादव को भी चाकू से मार दिया। उन्होंने यह भी बताया कि घायल के बड़े भाई 30 वर्षीय मनोज यादव की मौत घटनास्थल पर ही हो गया है। फिलहाल मामले की जानकारी ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बैद्यनाथधाम ओपी प्रभारी को दे दिया है। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

# विधानसभा आम चुनाव को लेकर 134 माइक्रो ऑब्जर्वर को मिला प्रशिक्षण

**निज संवाददाता | पाकुड़**



विधानसभा आम चुनाव को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए प्रतिनियुक्त किए गए 134 माइक्रो ऑब्जर्वर को राज प्लस टू स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण का जायजा लेने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक लिट्टीपाड़ा जितेन्द्र कुमार शुक्ला, सामान्य प्रेक्षक युगल किशोर पंत, सामान्य प्रेक्षक महेशपुर ए शंभुगा सुंदरम एवं पुलिस प्रेक्षक के सत्यानारायण एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पूर्व माइक्रो ऑब्जर्वर को समय पर डिस्पैच सेंटर पहुंचने, पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय बनाकर चलने, बूथ में आवश्यक तैयारियों की स्थिति देखने, मतदान की समाप्ति उपरांत रिसीविंग सेंटर तक के कार्य, मॉक पोल का निरीक्षण, मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति, अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर आदि का निरीक्षण करना सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।

विधानसभा आम चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन करने के लिए सभी अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। इसलिए आप सभी कुशलता पूर्वक सौंपे गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

# नम आंखों से मां काली की प्रतिमा का विसर्जन

**निज संवाददाता | पाकुड़**

प्रखंड मुख्यालय स्थित आनंदमयी काली मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा का विसर्जन रविवार शाम को बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ गाजे-बाजे के बीच स्थानीय बांसलोई नदी में किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी, जिसने इस धार्मिक कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। प्रतिमा विसर्जन से पूर्व, स्थानीय महिलाओं ने मां काली को सिंदूर अर्पित किया। इस पारंपरिक रस्म के दौरान, महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर और गुलाल लगाते हुए गाते-बजाते रहे। 'आते बछर आबार ऐसो मां' के जयकारे के बीच, श्रद्धालुओं ने मां काली को नम आंखों से विदाई दी। विसर्जन जुलूस जब उपनगर में भ्रमण करते हुए स्थानीय बांसलोई नदी घाट की ओर बढ़ा, तो हर ओर श्रद्धा और भक्ति का माहौल था। श्रद्धालुओं ने मां काली की प्रतिमा के चारों ओर गरबा और भक्ति गीत गाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। घाट पर पहुंचने पर, श्रद्धालुओं ने भावुकता के साथ मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस विसर्जन के दौरान प्रशासन ने शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए खास ध्यान रखा। पुलिस बल ने जुलूस के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से नदी घाट तक पहुंचाया। विसर्जन जुलूस में आनंदमयी सार्वजनिक काली पूजा समिति के अध्यक्ष नवो कुमार घोष, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दिव्येंदु दत्ता, सचिव साधन घोष और अन्य समिति सदस्य जैसे बापन दत्ता, देव दास, बेनू दास, राणा सिंह, पार्थ दत्ता, और निर्मल दत्ता भी शामिल थे। इस धार्मिक उत्सव में स्थानीय लोगों की भागीदारी ने एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की। मां काली के प्रति श्रद्धा और भक्ति का यह प्रदर्शन न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को भी मजबूती देता है। इस प्रकार, मां काली की विदाई एक सजीव चित्रण बनी, जो भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। मां काली की कृपा से सभी ने यह कामना की कि अगले साल फिर से इस प्रकार का भव्य उत्सव मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रकट किया, बल्कि सामुदायिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी उजागर किया।

## पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में तनाव

**साहिबगंज (नि.सं.)**। राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा मियांपाड़ा में सोमवार के सुबह घर का गंदा पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में तनाव उत्पन्न हो गया।जानकारी के अनुसार मियापाड़ा के मोहम्मद असलम के घर का गंदा पानी सरकारी नाला से स्थानीय नदी तक जाता था। परंतु दूसरे पक्ष का आरोप है कि छठ पूजा के कारण उसे गंदा पानी के बहाव का वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया था।इसके बावजूद कोई पहल नहीं किया गया। सोमवार के सुबह दूसरे पक्ष के लोगों ने उक्त नाला को बंद करने के लिए पहुंचे थे।इस दौरान दोनों पक्षों के महिलाओं के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गया।हालांकि मौके पर राधानगर थाना के एएसआई विनय कुमार सिंह पहुंच कर तत्काल शांत कराया और शाम तक दोनों पक्षों को वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही।

# विधानसभा चुनाव 2024: चुनाव प्रचार में रात दस से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर पर रहेगा प्रतिबंधित

**निज संवाददाता | साहिबगंज**



विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, निर्भिक और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता चुनाव प्रेक्षक और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) ने की। बैठक में बोरिया (अजजा) के सामान्य प्रेक्षक गौतम कुमार सिंह, बरहेट (अजजा) के सामान्य प्रेक्षक माजिद खलील अहमद डाबू, तथा व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित ने भाग लिया। बैठक के दौरान, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने चुनाव में खड़े अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित ने जानकारी दी कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार के खर्चों का व्यय लेखा की जांच 5 नवम्बर, 9 नवम्बर, और 16 नवम्बर को होगी। डीसी ने कहा कि प्रचार-प्रसार के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर खास निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस निर्णय का उद्देश्य चुनावी माहौल को शांति और संयम से बनाए रखना है, जिससे मतदाताओं में कोई भी विघ्न न आए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी राजनीतिक पार्टियों को हर एक बूथ के लिए पोलिंग एजेंट की नियुक्ति करनी होगी, और मतगणना के दिन काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति भी सुनिश्चित करनी होगी।

मतदान के दिन, सभी राजनीतिक दलों को 200 मीटर की दूरी पर अपने झंडे, फ्लैक्स, दो कुर्सियाँ, और एक टेबल लगाने की अनुमति होगी। इस बैठक में बरहेट के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, बोरियो के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ कपिल कुमार, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू और अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों ने इस दिशा में अपने-अपने क्षेत्र में काम करने का संकल्प लिया और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए एकजुटता से कार्य करने का निर्णय लिया। डीसी ने सभी को याद दिलाया कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी लोग मिलकर काम करें। इस प्रकार की बैठकें सुनिश्चित करेंगी कि चुनाव का माहौल शांतिपूर्ण और अनुशासित रहे, और सभी मतदाता अपने अधिकारों का सही ढंग से उपयोग कर सकें।

## फायरिंग मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**निज संवाददाता | देवघर**

नगर थाना क्षेत्र के वीआईपी चौक के निकट स्थित सहकारिता विभाग कार्यालय के बगल में चार दिनों पूर्व रंगदारी की नीयत से दो युवकों ने एक राउंड फायरिंग करने मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे मामले के बारे में पूछताछ करने के बाद रविवार को देवघर कोर्ट में पेशी कर न्यायाधीश के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोरी नगर थाना के बरमसिया मोहल्ला निवासी राहुल कुमार महथा है। उससे पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना का अंजाम देने में संलिप्त होने की बात स्वीकार किया है। बता दें कि चार दिनों पूर्व रंगदारी व दहशत फैलाने के नियत से दो युवकों ने मिल कर एक घर के सामने एक राउंड फायरिंग किया था। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इलाके में पुलिस बल को तैनात किया। घटना का अंजाम देने के बाद भागते हुए एक आरोपी सूरज पासवान को गिरफ्तार किया था। जो नगर थाना क्षेत्र के राउत नगर मोहल्ला कर रहने वाले हैं। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद की थी। गिरफ्तार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने फरार दूसरे आरोपी के बारे में पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि उसका साथी नगर थाना के बरमसिया मोहल्ला निवासी राहुल कुमार महथा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने रात भर छापेमारी की थी। लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं कर पायी थी।

# चुनाव को लेकर रात्रि गश्ती बढ़ाए थाना प्रभारी: इंस्पेक्टर

**निज संवाददाता | पाकुड़**

एसं लिट्टीपाड़ा सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में रविवार को इंस्पेक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्टी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इंस्पेक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की और थाना प्रभारियों को सख्ती से कानून का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में लंबित कांड का निस्तारण करने, अपराध पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ विशेष चौकसी रखकर अपराधों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा आदर्श आचारसंहिता लागू है। इसी मद्देनजर विशेष वाहन जांच अभियान चलाकर गैरकानूनी गतिविधि पर रोक लगाने की बात कही। 50 हजार से अधिक की रकम लेकर यातायात करने वाले पर चेकपोट पर तैनात जांच दल द्वारा जांच कर पकड़ने को लेकर दिशा निर्देश दिया। वहीं चुनाव में किसी प्रकार की असामाजिक तत्व की गतिविधि पर नजर रखने, क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध नशीली पदार्थ, अवैध शराब पर अंकुश लगाने पर जोर देते हुए छापामारी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को ग्रामीणों व पुलिस के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने की निर्देश दिया।

## पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में तनाव

**साहिबगंज (नि.सं.)**। राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा मियांपाड़ा में सोमवार के सुबह घर का गंदा पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में तनाव उत्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार मियापाड़ा के मोहम्मद असलम के घर का गंदा पानी सरकारी नाला से स्थानीय नदी तक जाता था। परंतु दूसरे पक्ष का आरोप है कि छठ पूजा के कारण उसे गंदा पानी के बहाव का वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया था। इसके बावजूद कोई पहल नहीं किया गया। सोमवार के सुबह दूसरे पक्ष के लोगों ने उक्त नाला को बंद करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान दोनों पक्षों के महिलाओं के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गया।

# डीटीओ ने ईटा लोड ट्रक को किया जब्त आवश्यक कागजात नहीं थे सही

**निज संवाददाता | साहिबगंज**

बोरियो तीन मुहानी हाईवे मोड़ पर जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) ने एक ईट लोड ट्रक को जब्त किया है। ट्रक का संख्या WB 59 D 0124 है और इसे बंगाल के गाजल से बोरियो की ओर लाया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, जब डीटीओ की टीम ने इस ट्रक की जांच की, तो पाया गया कि इसके सभी आवश्यक कागजात सही नहीं थे। चालक नियाज शेख, जो पाकुड़ का निवासी है, ने बताया कि ट्रक के पेपर फेल थे, जिसके कारण डीटीओ ने इसे जब्त करने का निर्णय लिया। डीटीओ ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखना है। ट्रक को जब्त करने के बाद, इसे बोरियो पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया ताकि आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

डीटीओ ने कहा कि अवैध परिवहन को रोकने के लिए उनके विभाग द्वारा लगातार जांच की जा रही है और सभी ट्रक, जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें, ताकि ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि परिवहन विभाग सड़क पर सुरक्षा और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डीटीओ ने कहा कि विभाग अपने कार्यों को सख्ती से लागू करेगा और अवैध परिवहन के खिलाफ जारी अभियान में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# देशी कट्टा के साथ युवक धराया, जेल

**निज संवाददाता | रामगढ़**

जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। हाल ही में, एसपी अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैयाटांड पतरातू से एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टा के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में एसपी ने रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि पतरातू थाना से पश्चिम दिशा में लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर तिलैयाटांड के आसपास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध हथियारों के साथ देखा गया है। यह व्यक्ति कुछ समय में अपनी मोटरसाइकिल से तिलैयाटांड से पीटीपीएस हॉस्पिटल की ओर जाने वाला था। इस सूचना के प्राप्त होते ही, एसपी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया। टीम का नेतृत्व एसडीपीओ पतरातू पवन कुमार ने किया, जिसमें पुनि योगेन्द्र सिंह, पुअनि सह थाना प्रभारी पतरातू शिवलाल कुमार गुप्ता, सअनि अर्जुन ठाकुर और पतरातू थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के स्थान पर पहुँचकर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश शुरू की।

कुछ ही समय में, टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार उस युवक को पकड़ लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उसे तुरंत थाना ले जाया गया। इस गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने युवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसपी अजय कुमार ने इस गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अवैध हथियारों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस किसी भी व्यक्ति को कानून के हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी और समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई के बाद, पुलिस विभाग ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसपी ने कहा कि समुदाय की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और पुलिस इस दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है।

## टोटो पलटने से पति-पत्नी घायल, रेफर

**साहिबगंज (नि.सं.)**। शहर के सूर्य देव घाट में सोमवार को अनियंत्रित होकर टोटो पलटने से उसमें बैठे पति-पत्नी बुरी तरह से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बोरियो के रामधन शील (34) उनकी पत्नी प्रतिमा देवी (30) छठ पूजा को लेकर गंगा स्नान के लिए राजमहल आई थी। गंगा स्नान के बाद वापस टोटो में बैठकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गये। जिसे आसपास के लोगों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया। दोनों का इलाज किया गया। रामधन शील का हाथ टूट जाने और पत्नी को गंभीर चोट लगने के कारण बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

# छठ घाट और घाट तक आने वाले मार्गों की सफाई कार्य पूरा करने का पदाधिकारयों को दिया गया निर्देश

**निज संवाददाता | गढ़वा**

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने दानरो नदी के किनारे स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि छठ घाटों तथा घाटों तक आने वाले सभी मार्गों की सफाई कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ घाटों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उपायुक्त ने कहा कि लोक आस्था के इस महत्वपूर्ण पर्व के मद्देनजर किसी भी व्रति या श्रद्धालु को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने घाटों पर बैरिकेडिंग, विद्युत सज्जा और पार्किंग की सुविधाओं को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में, उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को भी छठ पूजा को लेकर आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए ताकि श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और सुगम अनुभव मिल सके। निरीक्षण के दौरान गढ़वा जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, गढ़वा सदर बीडीओ, छठ समिति के सदस्य और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर इस महापर्व को सफल बनाने और श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प लिया। इस प्रकार, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के इस निरीक्षण ने सुनिश्चित किया है कि छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा और सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे यह पर्व एक समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक बन सके।

# गढ़वा विधानसभा में मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए होम वोटिंग और पोस्टल की हुई शुरूआत

**निज संवाददाता | गढ़वा**

पुराने समाहरणालय परिसर स्थित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से पोस्टल वोटिंग और होम वोटिंग से जुड़े मतदान दलों को निर्धारित स्थलों/रूट के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम और सदर एसडीओ संजय कुमार ने संयुक्त रूप से रवाना किया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता को छूटने नहीं दिया जाएगा, और सभी को इस दिशा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी टीमें होम वोटिंग और पोस्टल वोटिंग के दौरान मतदान की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और गोपनीयता को बनाए रखने का आश्वासन देंगी। उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने बताया कि 80-गढ़वा और 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 14 टीमों को होम वोटिंग के लिए रवाना किया गया है। अपर समाहर्ता सह पोस्टल बैलट कोषांग के वरीय प्रभारी राज माहेश्वरम ने कहा कि होम वोटिंग का कार्य दो चरणों में किया जाएगा: पहला चरण 3 नवंबर से 7 नवंबर तक और दूसरा चरण 8 नवंबर से 10 नवंबर तक चलेगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर संजय कुमार ने जानकारी दी कि निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी और अनिवार्य सेवाओं में लगे कर्मी पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के लिए आज से होम वोटिंग की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले 72 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जबकि 26 मतदाता बेंचमार्क दिव्यांगता वाले हैं। इन सभी 98 मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराने के लिए छह पोलिंग पार्टियां रवाना की गई हैं, जो आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्हें घर में ही मतदान कराएंगी। इसके साथ ही, पोस्टल बैलट से मतदान के लिए पांच केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय में दो केंद्र, पुराने समाहरणालय के प्रथम तल पर एक केंद्र, नए समाहरणालय में एक केंद्र और नामधारी कॉलेज में एक केंद्र शामिल है। इन केंद्रों में से पहले चार केंद्रों में वोटिंग आज से शुरू हो गई है, जबकि नामधारी कॉलेज में पोस्टल बैलट से वोटिंग डिस्पैच के प्रशिक्षण के समय कराई जाएगी। यह सभी प्रयास सुनिश्चित करेंगे कि हर मतदाता अपने अधिकार का उपयोग कर सके और निर्वाचन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

## पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में तनाव

**साहिबगंज (नि.सं.)**। राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा मियांपाड़ा में सोमवार के सुबह घर का गंदा पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में तनाव उत्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार मियापाड़ा के मोहम्मद असलम के घर का गंदा पानी सरकारी नाला से स्थानीय नदी तक जाता था। परंतु दूसरे पक्ष का आरोप है कि छठ पूजा के कारण उसे गंदा पानी के बहाव का वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया था। इसके बावजूद कोई पहल नहीं किया गया। सोमवार के सुबह दूसरे पक्ष के लोगों ने उक्त नाला को बंद करने के लिए पहुंचे थे।इस दौरान दोनों पक्षों के महिलाओं के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गया। हालांकि मौके पर राधानगर थाना के एएसआई विनय कुमार सिंह पहुंच कर तत्काल शांत कराया और शाम तक दोनों पक्षों को वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**निज संवाददाता | गढ़वा**

भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आसन्न विस चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आरपीएसएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। सुरक्षा बलों की इस सक्रियता का उद्देश्य क्षेत्र में भयमुक्त और निष्पक्ष चुनावी माहौल बनाए रखना है। उससे मतदाता बिना किसी डर के अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। आरपीएसएफ के जवानों ने चपरी, पंडरिया, कैलान, मंडरा, मकरी सहित अन्य गांव कस्बों और संवेदनशील इलाकों में गश्त करते हुए स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित किया। उस दौरान जवानों ने लोगों को आश्वस्त किया कि मतदान के दिन पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी तरह की हिंसा या दखलंदाजी को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस ने यह भी बताया कि उन्हें विशेष निर्देश दिए गए हैं कि मतदान प्रक्रिया में व्यवधान डालने वाले तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने की योजना बनाई है। फोर्स की दो टुकड़ी आरपीएसएफ के अलावा अन्य सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग भी लिया जाएगा। उस दौरान क्षेत्र में गश्त कर रहे थाना के एसआई दिनेश सिंह और नारायण प्रसाद ने जनता से अपील की कि वह बिना किसी भय के मतदान करें और चुनावी प्रक्रिया में सहयोग करें। चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में लोगों को जागरूक भी किया। लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तुरंत सूचना स्थानीय प्रशासन को दें। आरपीएसएफ और स्थानीय पुलिस प्रशासन का यह प्रयास न केवल क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रहा है बल्कि मतदाताओं में विश्वास भी बढ़ा रहा है कि वह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में अपने अधिकार का प्रयोग कर पाएंगे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन के प्रकोप से पूरी दुनिया परेशान

जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पूरी दुनिया को अपने पंजे में कस रहा है। हर कोई वैश्विक उत्सर्जन पर लगाम लगाने की जरूरत रेखांकित करता देखा जाता है। हर वर्ष होने वाले जलवायु सम्मेलन में जैव ईंधन की खपत कम करने, कार्बन उत्सर्जन पर कठोरता से काबू पाने के इरादे जताए जाते हैं। संकल्प लिया गया कि 2030 तक वैश्विक तापमान में वृद्धि को डेढ़ फीसद तक सीमित कर लिया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हर वर्ष तापमान में कुछ वृद्धि दर्ज होती है। मौसम का मिजाज बिगड़ चुका है। कहीं अतिवृष्टि से लोग परेशान हैं, तो कहीं अनावृष्टि से। बहुत सारे पहाड़ों पर बर्फ गिरनी कम हो गई है। वहां की झीलों का तल चिंताजनक स्तर तक घट गया है। नदियां सूख रही हैं, कृषि उत्पादन पर इसका नकारात्मक प्रभाव चिंता पैदा करता है। फिर भी कहीं कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कटौती नजर नहीं आती। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु का आकलन करने वाली संस्था ने अपने ताजा अध्ययन में कहा है कि कार्बन उत्सर्जन रोकने के मामले में अगर यही गति बनी रही, तो वैश्विक उत्सर्जन 2030 से पहले ही अपने चरम पर पहुंच जाएगा।

इस संस्था का कहना है कि 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में 2019 के मुकाबले महज 2.6 फीसद की कमी आ सकेगी। अगर वैश्विक तपिश को डेढ़ फीसद पर सीमित रखना है तो 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में तेंतालीस फीसद और 2035 तक साठ फीसद की कमी लानी होगी। दुनिया के लगभग सभी देशों ने पेरिस जलवायु समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उसमें जैव ईंधन के उपयोग में कटौती करने, हरित ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने, अक्षय ऊर्जा स्रोतों का विकास करने का संकल्प लिया गया था। उसके बाद से हर वर्ष जलवायु सम्मेलन में इकट्ठा होकर सारे देश नई चुनौतियों से पार पाने के लिए मंथन करते और नए समझौतों पर हस्ताक्षर करते हैं। अब बड़ी चिंता यह है कि अगर बढ़ते वैश्विक ताप पर काबू नहीं पाया गया, तो बहुत सारी वनस्पतियां, जीव प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी, पहाड़ उजड़ जाएंगे, प्राकृतिक जल स्रोत सूख जाएंगे। बढ़ती गर्मी और जलवायु में असंतुलन के कारण अनेक नई बीमारियां पैदा होंगी, महामारियों की आशंका बढ़ती जाएगी। मगर विकास की दौड़ में शामिल देश औद्योगिक उत्पादन पर किसी भी रूप में लगाम लगाने को तैयार नहीं हैं। खनिजों की निकासी पर जोर दिनोदिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में जिन देशों से सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने की उम्मीद की जाती थी, वे कोई न कोई गली निकाल कर इस जिम्मेदारी से बचते देखे जाते हैं। अमेरिका तो पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के कई वर्ष बाद तक इस जिम्मेदारी से बचता रहा।

दरअसल, दुनिया के तमाम विकसित और विकासशील देशों ने विकास का जो माडल अपना रखा है, उसमें कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाना कठिन होता गया है। कोई भी देश अपने औद्योगिक विस्तार को रोकना नहीं चाहता। सारी दुनिया में आर्थिक विकास दर बढ़ाने पर जोर है। हालांकि अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बढ़ा है, पेट्रोल, डीजल, कोयला आदि की जगह विद्युत चालित वाहनों, उपकरणों का चलन बढ़ रहा है। मगर पर्यावरण को नुकसान केवल जैव ईंधन से नहीं, अतार्किक खनन, उत्पादन की होड़, इलेक्ट्रानिक कचरे के बढ़ते बोझ आदि की वजह से भी है। जब तक विकास का संतुलित, तार्किक और कुदरत से तालमेल बिठाने वाला माडल नहीं अपनाया जाता, वैश्विक उत्सर्जन रोकने के इरादे धुआं धुआं होते रहेंगे।

# ब्रिक्स समूह देशों के सम्मेलन में बढ़ा है भारत का कद

(प्रह्लाद सबनानी)

*ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए। हाल ही में ब्रिक्स समूह के देशों का सम्मेलन रूस के कजान शहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में रूस ने भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत तो किया ही, साथ ही, चीन के राष्ट्रपति के साथ भी भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में चीन ने भारत की सीमा के पास जमा कर रक्खे अपने सैनिकों को पीछे हटाकर, सीमा पर वर्ष 2020 की स्थिति बहाल करने की घोषणा की है।*

भारत को भी अपने सैनिकों को सीमा पर पीछे की ओर ले जाना होगा। इससे भारत एवं चीन की सीमा पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहे तनाव को कम करने में सफलता हासिल होगी। इस संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार चीन एवं भारत ने अपने 80 से 90 प्रतिशत सैनिकों को वापिस पीछे की ओर हटा लिया है। चीन और भारत के आपस में सम्बंध सुधरने का असर केवल इन दोनों देशों के आपसी तनाव को ही कम नहीं करेगा बल्कि इन सम्बन्धों में सुधार का असर आर्थिक क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। दरअसल चीन आज आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, चीन में आर्थिक विकास की दर तिमाही दर तिमाही कम हो रही है। चीन के अमेरिका के साथ सम्बंध बहुत अच्छे नहीं रहे है। अमेरिका एवं कई यूरोपीयन देशों ने चीन से विभिन्न वस्तुओं के आयात पर करों को बढ़ा दिया है ताकि चीन से आयात को कम किया जा सके। चीन की आंतरिक अर्थव्यवस्था में भी उत्पादों की मांग लगातार कम हो रही हैं। साथ ही, चीन के भवन निर्माण क्षेत्र एवं बैंकिंग क्षेत्र में भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। चीन के अपने पड़ोसी देशों, ताइवान, फिलिपींस, जापान, भारत आदि के साथ भी सम्बंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस सबका असर यह रहा है कि चीन ने भारत के साथ अपने सम्बन्धों को सुधारने की पहल शुरू की है ताकि वह भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ा सके एवं अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद्द तक सुधार सके। हालांकि चीन के विस्तरवादी नीतियों पर चलने के कारण चीन पर तुरंत विश्वास करना बहुत कठिन है। इस संदर्भ में चीन का इतिहास भी इस बात का साक्षी नहीं रहा है कि चीन के सम्बंध किसी भी देश के साथ स्थायी रूप से बहुत अच्छे रहे हों।

ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस ब्रिक्स का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया। ब्रिक्स के इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विचार किया गया कि ब्रिक्स देशों के पास एक अपना पेमेंट सिस्टम होना चाहिए एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। पश्चिमी देश वर्तमान में पूरे विश्व में लागू स्विफ्ट सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं इसके माध्यम से अन्य देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्विफ्ट सिस्टम के माध्यम से पूरे विश्व के देशों के बीच धन सम्बंधी व्यवहारों को सम्पन्न किया जाता है। यदि किसी देश को इसकी सदस्यता से हटा लिया जाता है तो वह देश विश्व के अन्य देशों के साथ आर्थिक (धन सम्बंधी) व्यवहार नहीं कर सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जब रूस पर सैंक्शन लगाए थे तब रूस को स्विफ्ट सिस्टम से हटा दिया गया था जिससे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यापार के लेनदेनों का निपटान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस संदर्भ में, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लागू यूनिफाईड पेयमेंट सिस्टम (यूपीएस), जिसे भारत में ही विकसित किया गया है, को भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों में लागू करने पर विचार करने हेतु समस्त सदस्य देशों से आग्रह किया है। अभी तक भारत के यूनीफाईड पेयमेंट सिस्टम को 7 देशों ने अपना लिया है एवं 30 से अधिक देश इसे अपनाने के लिए विचार कर रहे हैं। भारत में यह सिस्टम बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। दूसरे, पूरे विश्व में डॉलर के प्रभाव को कम करने हेतु भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच चर्चा हुई है। डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेन्सी को अपनाने अथवा ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों की बीच हो रहे व्यापार सम्बंधी व्यवहारों के निपटान हेतु ये देश आपस में अपनी करेन्सी के उपयोग पर जोर देने पर भी सहमत होते दिखे हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए।

क्योंकि, चीन के इतिहास को देखते हुए उस पर आज भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। भारत ने हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को निर्धारित किया है। चीन के साथ भारत के सम्बंध सुधरने के पश्चात इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो सकती है। परंतु, यह कार्य फिर भी बहुत सोच समझकर ही करना होगा। चीन के साथ भारत का विदेशी व्यापार अत्यधिक मात्रा में ऋणात्मक ही है। भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में चीन से 12,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के उत्पादों का आयात किया था, परंतु भारत से चीन को निर्यात बहुत ही कम मात्रा में हो रहे हैं तथा चीन द्वारा भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बहुत कम मात्रा में ही किए जा रहे हैं। चीन, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की सूची में 22वें स्थान पर है और भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.37 प्रतिशत की ही है। यह सही है कि चीन के साथ बॉर्डर समझौते के बाद चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ सकता है परंतु भारत को चीन के इतिहास को देखते हुए अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच आज भारत का कद तो बढ़ ही रहा है, साथ ही, आज विश्व के कई देशों द्वारा यूरोप एवं अमेरिका के प्रभाव से बाहर निकलने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने ब्रिक्स समूह की बैठक में बताया है कि विश्व के कई देश आज ब्रिक्स समूह की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं।

# यूपी में बड़े दिल की बात करने वाले अखिलेश महाराष्ट्र में क्यों हो गये तंग दिल

(अजय कुमार)

यूपी के उप चुनाव में सपा ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी, वहीं महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के गठबंधन वाले महाअघाड़ी गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को ठेंगा दिखा दिया। बस फर्क यह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी तो कांग्रेस ने चुनाव रेस से अपने को साइड लाइन कर लिया।

सियासत भी अजब-गजब है यहां नेता साथ होकर भी अलग-अलग नजर आते हैं और अलग-अलग होते हुए भी साथ-साथ नजर आना चाहते हैं। विचारों की बात तो बेइमानी हो गई है। राजनीति का इससे अधिक गिरगिटी रंग क्या हो सकता है जो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता इंडी गठबंबधन के नाम पर साथ-साथ होने का दम भरते हैं, लेकिन चुनाव मैदान में यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक अपनी ढपली, अपना राग छेड़ते नजर आते हैं। यूपी के उप चुनाव में सपा ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी, वहीं महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के गठबंधन वाले महाअघाड़ी गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को ठेंगा दिखा दिया। बस फर्क यह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी तो कांग्रेस ने चुनाव रेस से अपने को साइड लाइन कर लिया, लेकिन महाराष्ट्र में जब सपा को एक भी सीट नहीं देकर हासिये पर खड़ा किया गया तो समाजवादी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बगावती रूप अख्तियार कर लिया। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में नौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रही थी।

गौरतलब हो, महाविकास अघाड़ी और सपा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर 29 अक्टूबर मंगलवार को नामांकन के अंतिम समय तक बात नहीं बन पाई। महाविकास अघाड़ी से 288 सीटों में से पांच सीटों की उम्मीदें लगाए बैठी सपा ने तिलमिला कर नौ सीटों पर अपने प्रत्याशियों का नामांकन कराकर कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को आईना दिखा दिया। हालांकि, पार्टी के सूत्रों के मुताबिक यह तय हो गया है कि इसमें सपा के मौजूदा विधायक अबु आजमी और रईस शेख महाविकास अघाड़ी के तहत चुनाव लड़ेंगे। शेष सात उम्मीदवार सपा ने उतारे हैं। अब चार नवंबर को नाम वापसी के बाद महाविकास अघाड़ी में सपा की स्थिति साफ हो सकेगी। सपा ने जिन सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं उसमें धुले सिटी और मालेगांव सेंट्रल में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले दिनों जनसभा करके महाराष्ट्र चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। पिछले चुनाव में सपा ने मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर और ठाणे की भिवंडी ईस्ट सीटें जीती थीं। सपा इसके साथ तीन और सीट मांग रही थी। वहीं, यूपी में सपा से चोट खाई कांग्रेस हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी सपा को तवज्जो नहीं दे रही है। कहा जा रहा है सपा ने दबाव की राजनीति अपनाते हुए पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा पहले ही कर दी थी लेकिन अब उसने कुल नौ सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। सपा के प्रत्याशियों की बात की जाये तो उसने मानखुर्द शिवाजीनगर और भिवंडी ईस्ट के साथ-साथ मालेगांव सेंट्रल से शान-ए-हिंद निहाल अहमद, धुले सिटी से इरशाद जागीरदार, भिवंडी वेस्ट से रियाज आजमी, तुलजापुर से देवानंद साहेबराव रोचकरी, परांडा से रेवण विश्वनाथ भोसले, औरंगाबाद पूर्व से डा. अब्दुल गफार कादरी सय्यद और भायखला से सईद खान को उम्मीदवार बनाया गया है।

खैर, यहां अखिलेश की चर्चा उनके एक बयान को लेकर भी हो रही है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5542

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5541

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 5542

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत की इस प्रथम महिला आई.पी.एस.अधिकारी का जन्मदिवस है (09 जून 1949)(5)
5. सिर के बाल झड़ने का रोग (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
8. गानवृंद, गायक दल (5)
9. वर्षा के समान गिरना, कुद्ध होना (4)
11. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
12. गेंहू, जौ आदि पौधे के डंठलों के छोटे टुकडे जो पशु भोजन के रूप में इस्ते माल होती है (2)
13. डायरी जिसमें दैनिक कार्यो का विवरण लिखा जाता है (5)
16. उम्मीद, वस्तु आदि पाने का अल्पनिश्चय (2)
18. मथुरापति कंस के मल्ल का एक नाम, भाला (3)
19. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
21. पगश्रृंगार, पायजेब (3)
22. पुनीता, पवित्रा (3)
23. दृश्य (2)
24. व्यतीत होना, फल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुस्तक विक्रेता को यह भी कहा जाता है (3)
2. दौड़ने वाला (अंग्रेजी)(3)
3. पराया, गैर आदमी, अनजान (3)
4. दयनीय दशा या अवस्था वाला (2)
5. यह नदी गंगा की सहायक नदी है (3)
6. महान, पूज्य, मोहतरम (3)
10. अंदर भरना, गुंजाईश होना (3)
12. भूकंप, जलजला, भूडोल (3)
16. कलेवा, नाश्ता (4)
15. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
16. आने वाला, भविष्य में होने वाला (3)
17. दुर्गा, माता सरस्वती का एक नाम (3)
20. प्रवाहित होना, जल प्रवाह होना (3)

### वर्ग पहेली 5541 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | ल | इं | डि | या | रे | डि | यो |
| स्क | | त | | क | ज | | ग |
| र | म | जा | न | | गा | ज | |
| | ह | म | | व | री | य | ता |
| त | त्व | | अ | ली | | कि | ला |
| | पू | ज | क | | | श | ब |
| पू | र्ण | | ब | लि | दा | न | |
| जा | | मौ | र | | वा | | सा |

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। आपके करियर व कारोबार में तरक्की होगी। आपके लिए भौतिक विकास के अच्छे योग बने हैं। आपकी तरक्की होगी। बिजनस में कोई बड़ी डील आप फाइनल कर सकते हैं। आप शाम के वक्त किसी सामाजिक कार्य में शामिल हो सकते हैं और आपको खुशी होगी।

### वृष

कहीं यात्रा पर जाने से आपका मन खुश होगा और आपको सुकून प्राप्त होगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके मन में सुकून रहेगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष होगा और किसी कार्य में मंगलमय परिवर्तन होने से आपको खुशी होगी।

### कर्क

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य बन जाएगा। अधूरे काम निपट जाएंगे और आपकी महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और साथी भी आपकी मदद करेंगे। रात में आपको कहीं शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

### सिंह

आज दिन काफी काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में भी आपका मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं आपके लिए सफल होंगी।

### मिथुन

आज दिन काफी रचनात्मक है। काफी समय से अधूरे पड़े किसी काम को पूरा करने में आपको मदद मिलेगी और मनचाहा लाभ होने से मन काफी प्रसन्न होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही करने को मिलेगा और ऐसा करने से आपको खुशी होगी।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा। बेहतर होगा कि आप ऑफिस की बातों को घर पर न लाएं। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला

आज दिन लाभकारक है और आपके सभी विवाद सुलझ जाएंगे। आपके नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। बेहतर होगा कि आप दूसरों की बातों में न आएं और अपने काम पर ध्यान दें।

### वृश्चिक

आज आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और कारोबार में आपको सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए आप अपने प्रयास न छोड़ें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा।

### मकर

आज करियर के मामले में दिन सामान्य है और आपका हर काम अपने रूटीन के अनुसार होता रहेगा। जो आपके जरूरी काम हैं उनको पूरा करने में आपको सफलता प्राप्त होगी और दिन आपके लिए शानदार बीतेगा। आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखे।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा। बेहतर होगा कि आप अपनी सेहत का ध्यान रखें और अपने काम पर फोकस करें। खानपान में लापरवाही न बरतें, वरना आपको समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपके लिए लाभ और तरक्की के योग बने हैं।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा। दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए लाभ और तरक्की के योग बने हैं और बड़ा लाभ होगा। कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं तो आपको सफलता प्राप्त होगी। आपको किसी अपने की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है।

### मीन

आज दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से आपका दिन शुभ होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की मदद करें तो आपके कष्ट दूर होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

# महाभारतकाल से जुड़ा है, महापर्व छठ का इतिहास

**निज संवाददाता** | सासाराम

बिहार का प्रसिद्ध महापर्व आस्थाचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य देने के लिए अब क्षेत्र में चहलकदमी तेजी से परवान चढ़ने लगा है। सुर्योउपसाना का महापावन पर्व के आने में महज अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। लोक आस्था का महापावन पर्व छठ पूजा को लेकर जहां जिला, अनुमंडल व नगर प्रशासन ने अपनी कमर कसते हुए विधि व्यवस्था को दुरुस्त करते दिख रहे है वही नदी, नहर, तालाब, आहार, पोखर और सरोवरों पर अपना अपना स्थान सुनिश्चित करने व कलश स्थापित करने के लिए मिट्टी रखकर घाट बनाने का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया है। इस पर्व को लेकर बाजारो में चहलकदमी भी धीरे धीरे तेज होने लगा है। इस पर्व के महत्ता के बारे में कहा जाता है कि यह एक हिन्दू त्यौहार है। जो प्रति वर्ष बिहार सहित भारतवर्ष में बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह एक प्राचीन त्यौहार है। जिसको डाला छठ, डाला पुजा, सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है। जिसमे भगवान सूर्य की आराधना की जाती है। साथ ही लोग सूर्य से अपने परिवार के लिए सुख-शांति, सफलता की कामना करते हैं। हिन्दू संस्कृति के अनुसार सूर्य की कामना एक रोग मुक्त, स्वास्थ्य जीवन की कामना होती है। लोगो का मानना है कि छठ की रस्म निभाने वाले या पूजा करने वाले उस दिन सुबह बहुत जल्दी उठते हैं। जो लोग गंगा नदी के पास रहते हैं वे गंगा में पवित्र स्नान करते हैं और जो लोग अन्य स्थानों में रहते हैं वह नदीयों या तालाब में स्नान करते हैं।

## विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर मील संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।**

दिनारा प्रखंड अंतर्गत एसटीएफ के नेतृत्व मे गुप्त सुचना के आधार पर एक जांच दल का गठन किया गया। बिमलेश सिंह, पिता-यमूना सिंह, ग्राम-मेदनीपुर के आटा चक्की परिसर का निरीक्षण किया गया।

## मगही चौपाल का 151वां सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

**निज संवाददाता** | नवादा

विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल का 151वां सम्मेलन भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह सम्मेलन 3 नवंबर को सायंकाल 6 बजे 'मगह के छठ पूजा में श्रद्धाभाव' विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें कई प्रमुख विचारकों और साहित्यकारों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में नवादा (बिहार) के प्रतिष्ठित साहित्यकार, पत्रकार और मगही मनीषी श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' ने भाग लिया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छठ पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह पर्व बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अत्यधिक श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, जिसमें सूर्य देव और छठी मैया की आराधना की जाती है। श्री रत्नाकर ने कहा कि छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमारी परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक अवसर है। उन्होंने इस पर्व के माध्यम से प्रदर्शित होने वाले समर्पण, तपस्या और श्रद्धा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हर व्यक्ति के जीवन में प्रेरणा का स्रोत बनता है। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने किया, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य मगही संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देना है। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित सदस्यों की संख्या का जिक्र करते हुए कहा कि इस सजीव वेबिनार में देश-विदेश से तीन दर्जन से अधिक विश्व मगही परिषद् के कार्यकारिणी सदस्य, साहित्यकार, कवि और मगही प्रेमी सम्मिलित हुए। विशिष्ट अतिथि राजकुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और मगही कवि गोष्ठी में अपनी दो गज़लें प्रस्तुत कीं। उन्होंने अपने दोहे में छठ पूजा के महत्व को उजागर करते हुए कहाः 'पुलिस किरपा छट्ठी माय के, खिलल हके चौपाल। मचा रहल संसार में, तभिये 'राज' धमाल।।' प्रमुख साहित्यकार प्रोफेसर शिवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि छठ पर्व भारतीय लोक आस्था का एक महान पर्व है, जो सूर्य देव के प्रति मानव की श्रद्धा, विश्वास और निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने इस पर्व के माध्यम से जीवन में सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए सूर्य देव की उपासना को महत्वपूर्ण बताया। शिक्षिका कुमारी ज्योत्सना ने छठी मैया की महिमा की चर्चा करते हुए एक छठ गीत प्रस्तुत किया।


## पूर्व मध्य रेल

### रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अधिक भीड़ के मद्देनजर निम्नलिखित **स्पेशल गाड़ियों** का परिचालन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | कहाँ से–कहाँ तक | | परिचालन के दिन | परिचालन की तिथियाँ | कुल फेरा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04528 | सरहिंद **प्रस्थान–**11.25 | सहरसा **आगमन–**17.00 | मंगलवार को | 05.11.2024 को | 01 |
| 2. | 04527 | सहरसा **प्रस्थान–**19.15 | अम्बाला कैंट **आगमन–**22.20 | बुधवार को | 06.11.2024 को | 01 |
| **संरचनाः** शयनयान/सामान्य–15 | | | | | | |
| | **गाड़ी संख्या** | **कहाँ से–कहाँ तक** | | **परिचालन के दिन** | **परिचालन की तिथियाँ** | **कुल फेरा** |
| 3. | 04231 | सहरसा **प्रस्थान–**15.30 | नई दिल्ली **आगमन–**17.50 | मंगलवार को | 05.11.2024 को | 01 |
| **संरचनाः** एसी 3 टीयर–10, एसी चेयर कार–02 | | | | | | |
| | **गाड़ी संख्या** | **कहाँ से–कहाँ तक** | | **परिचालन के दिन** | **परिचालन की तिथियाँ** | **कुल फेरा** |
| 4. | 04693 | जयनगर **प्रस्थान–**10.05 | लुधियाना **आगमन–**17.20 | मंगलवार को | 05.11.2024 को | 01 |
| **संरचनाः** एसी 3 टीयर एकोनॉमी–12, एसी 2 टीयर–08 | | | | | | |
| | **गाड़ी संख्या** | **कहाँ से–कहाँ तक** | | **परिचालन के दिन** | **परिचालन की तिथियाँ** | **कुल फेरा** |
| 5. | 04229 | हाजीपुर **प्रस्थान–**08.45 | नई दिल्ली **आगमन–**03.10 | मंगलवार को | 05.11.2024 को | 01 |

**संरचनाः** एसी फर्स्ट–03, फर्स्ट कम सेकेण्ड एसी–02, एसी 2 टीयर–03, एसी 3 टीयर–07, एसी 3 टीयर एकोनॉमी–01, शयनयान–02

विस्तृत जानकारी के लिए–**www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP**

पीआर/01461/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24–25/96 — **मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर**



## पूर्व मध्य रेल

### समाहरणालय, औरंगाबाद
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**
### आवश्यक सूचना

सोननगर बाईपास रेलवे लाईन (चिरैला पौथु एवं बगहा विशनुपुर स्टेशन) निर्माण हेतु औरंगाबाद जिलांतर्गत बारूण अंचल के कुल 06 मौजा– बगनाहा, चिरैला, टेरी, पोखराहा, खैर करमडीह एवं जगदीशपुर में भूमि अधिग्रहित की गई है। अधिग्रहित भूमि का 20A का प्रकाशन दिनांक– 01.12.2023 को तथा 20E का प्रकाशन दिनांक– 18.01.2024 को किया गया। अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान के निमित 20F अवार्ड घोषित करते हुए हितबद्ध रैयतों को प्रथम नोटिस दिनांक 06.08.2024 को निर्गत किया गया। प्रथम नोटिस के उपरांत रैयतों को मुआवजा भुगतान के लिए वांछित दस्तावेज जमा करने हेतु काफी मौका दिया गया। लगभग 01 माह व्यतीत होने के बाद भी कोई भी हितबद्ध रैयतों के द्वारा जिला भू–अर्जन कार्यालय में वांछित कागजात जमा नहीं किया गया। इसके बाद पुनः सोननगर बाईपास रेलवे लाईन (चिरैला पौथु एवं बगहा विशनुपुर स्टेशन) निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के हितबद्ध रैयतों को द्वितीय नोटिस दिनांक– 07.09.2024 को निर्गत किया गया। द्वितीय नोटिस के उपरांत भी अभी तक मुआवजा भुगतान के लिए वांछित दस्तावेज कोई भी हितबद्ध रैयतों के द्वारा जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा नहीं किया गया। फलस्वरूप अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान नहीं किया जा सका है।

सोननगर बाईपास रेलवे लाईन (चिरैला पौथु एवं बगहा विशनुपुर स्टेशन) निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के हितबद्ध रैयतों को सूचित किया जाता है कि भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज यथा अद्यतन ऑनलाईन लगान रसीद, खतियान/केवाला, वैध रैयती प्रमाण–पत्र (ऑनलाईन एल०पी०सी०), शपथ पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं पहचान पत्र की छायाप्रति जिला भू–अर्जन कार्यालय, औरंगाबाद में प्रकाशन की तिथि के एक पक्ष के अंदर जमा करेंगे। निर्धारित अवधि के अंदर भूमि से संबंधित, वैध दस्तावेज जमा नहीं किया जाता है, तो यह समझा जाएगा कि संबंधित हितबद्ध रैयत मुआवजा राशि लेना नहीं चाहते हैं अथवा रैयत के पास भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। तद्नुसार अधिग्रहित भूमि का घोषित पंचाट को Railway Act, 2008 की धारा 20(H) के तहत प्राधिकार न्यायालय में संदर्भित कर दिया जाएगा।

सोननगर बाईपास रेलवे लाईन (चिरैला पौथु एवं बगहा विशनुपुर स्टेशन) निर्माण हेतु औरंगाबाद जिलांतर्गत बारूण अंचल के कुल 06 मौजा–बगनाहा, चिरैला, टेरी, पोखराहा, खैरा करमडीह एवं जगदीशपुर में भूमि अधिग्रहित भूमि के घोषित पंचाट के अनुसर वैध दस्तावेज जमा नहीं करने वाले हितबद्ध रैयतों की सूची निम्नवत् हैः–

**मौजा : बगनाहा**

| क्र० सं० | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकवा (एकड़ में) | अवार्ड सं० | भूमि के मालिक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 56 | 4 | 0.09606 | 3 | सुरेन्द्र सिंह वो उपेन्द्र सिंह वो संजय सिंह, संतोष सिंह पिता– स्व० रामचन्द्र सिंह, सा०–टेरी |

**मौजा : चिरैला**

| क्र० सं० | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकवा (एकड़ में) | अवार्ड सं० | भूमि के मालिक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 55 | 0.1390 | 1 | रितेश कुमार पिता– अनिल कुमार द्विवेदी वो सुधिर कुमार द्विवेदी पिता– यदुवंश द्विवेदी, सा०– पौथु |

**मौजा : टेरी**

| क्र० सं० | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकवा (एकड़ में) | अवार्ड सं० | भूमि के मालिक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 345 | 0.029800 | 2 | जनेश्वर सिंह पिता– स्व० रामदेव सिंह, सा०– टेरी |
| 2 | 9 | 345 | 0.026300 | 3 | फुलिया देवी पति– स्व० रामचन्द्र सिंह, सा०– टेरी |

**मौजा : पोखराहा**

| क्र० सं० | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकवा (एकड़ में) | अवार्ड सं० | भूमि के मालिक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 24 | 0.10016 | 1 | बैजनाथ सिंह वो ललन सिंह पिता– स्व० रामगति सिंह, सा०– पोखराहा |
| 2 | 3 | 25 | 0.0564 | 2 | सुनिल सिंह पिता– स्व० भगवती सिंह, सा०– पोखराहा |
| 3 | 4 | 31 | 0.008 | 3 | जगदीश सिंह पिता– स्व० रामदास सिंह, सा०– पोखराहा |
| 4 | 7 | 32 | 0.0433 | 4 | रामेश्वर सिंह पिता– स्व० लाला सिंह, सा०– पोखराहा |
| 5 | 5 | 34 | 0.0513 | 5 | नागेन्द्र कुमार पिता– श्री रामेश्वर सिंह, सा०– पोखराहा |
| 6 | 5 | 67 | 0.11766 | 15 | निर्मला देवी पति– जर्नादन यादव |

**मौजा : खैरा करमडीह**

| क्र० सं० | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकवा (एकड़ में) | अवार्ड सं० | भूमि के मालिक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | 576 | 0.1851 | 4 | समुद्री देवी पति– स्व० भदई सिंह, सा०– टेरी |
| 2 | 29 | 576 | 0.0265 | 5 | विजय सिंह वो अजय कुमार सिंह पिता– स्व० सत्यनारायण सिंह, सा०– खैरा करमडीह |
| 3 | 49 | 594 | 0.4272 | 7 | गैरमजरूआ ठिकेदार |
| 4 | 31 | 604 | 0.1364 | 9 | पिन्टु कुमार सिंह पिता– स्व० कामेश्वर सिंह सा०– खैरा करमडीह |
| 5 | 31 | 604 | 0.1404 | 10 | प्रेम सिंह पिता– श्री रूपनारायण सिंह, सा०– खैरा |
| 6 | 31 | 605 | 0.0065 | 11 | संतोष सिंह पिता– स्व० कमला सिंह, सा०– टेरी |
| 7 | 50 | 606 | 0.0152 | 12 | गैरमजरूआ आम |
| 8 | 24 | 615 | 0.10841 | 14 | कामता सिंह वो रविन्द्र सिंह, दवेन्द्र सिंह पिता– स्व० जगदीश सिंह, सा०– खैरा करमडीह |

**मौजा : जगदीशपुर**

| क्र० सं० | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकवा (एकड़ में) | अवार्ड सं० | भूमि के मालिक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36/49 | 255 | 0.0102 | 1 | हरिहर सिंह पिता– रामसुन्दर सिंह, सा०–चिरैला |
| 2 | 36/49 | 255 | 0.015 | 2 | राजाराम कुमार, पिता– रामसुन्दर सिंह, सा०–चिरैला |
| 3 | 36/49 | 255 | 0.0151 | 3 | गोपाल सिंह पिता– रामसुन्दर सिंह, सा०–चिरैला |
| 4 | 53 | 254 | 0.01725 | 4 | जिमेदार सिंह पिता– प्रमेश्वर सिंह, सा०– जगदीशपुर |
| 5 | 29 | 218 | 0.0723 | 5 | चन्दा कुमारी पति– विरेन्द्र चौधरी, सा०– चमर तकिया, सासाराम एवं लक्ष्मी देवी पति– ललित कुमार सा०– खेमदा बारूण एवं गीतांजली कुमारी पति– बलराम, सा०– बरहरपुर एवं ज्योति प्रकाश पिता– ओम प्रकाश चौधरी, सा०– मानिकपुर एवं रविन्द्र चौधरी पिता– ललन चौधरी सा०– महदेवा एवं गोविन्द चौधरी पिता– मोहन चौधरी, सा०– मकान नं०–395 कोलीहान नगर, पोस्ट– खेतड़ी एवं धनजंय चौधरी पिता– हिरालाल चौधरी, सा०– खेमदा बारूण |
| 6 | 48 | 247 | 0.0412 | 6 | जिमेदार सिंह पिता– प्रमेश्वर सिंह, सा०– जगदीशपुर, ललन सिंह पिता– स्व० सेवक सिंह, सा०– जगदीशपुर |

**सक्षम प्राधिकारी–सह–जिला भू–अर्जन अधिकारी, औरंगाबाद**

पीआर/01439/सीडीडीयू/इंजी०/एन/24–25/248



## बिहार सरकार

### योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2024–25
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **शिक्षा विभाग बिहार, पटना**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोगिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 2 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंग्लिष में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 3 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरिष में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 4 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय बारूणगंज में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 5 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुमरडिहरा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 6 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बटुरा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 7 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय अमौना में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 8 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बलिकरना में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 9 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बारूण में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 10 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय हाथिखाप में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 11 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीषपुर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 12 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय संथुआ में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 13 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय परसिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 14 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कट्ठा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 15 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जनकोप में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 16 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय बहुरिया बिगहा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 17 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उर्दू मध्य विद्यालय सुन्दरगंज में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 18 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय धुरिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 19 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 20 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कोसडिहरा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 21 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय धनगाई में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 22 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय चापुक में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 23 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय गम्हारी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 24 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय देवकुंड में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 25 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखपुर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 26 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय शेखपुर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 27 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डिहुरी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 28 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय सागरपुर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 29 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उर्दू मध्य विद्यालय भलुआर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 30 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मीरपुर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 31 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय डरवा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 32 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मलहद में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 33 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत नवजीवन उच्च विद्यालय कुडवा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 34 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 35 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय दादर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 36 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत एन के उच्च विद्यालय बैजलपुर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 37 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बनतारा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 38 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहड़ी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 39 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय फाग में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 40 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बिलारू में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 41 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय सलेमपुर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 42 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नरसन में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 43 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाणभट्ट बंधु बिगहा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 44 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनहथू में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 45 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत बेसिक विद्यालय सिंघाडी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 46 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत समता उच्च विद्यालय मलहारा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 47 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय तिलकपुरा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 48 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पथरौर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 49 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय भोली में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 50 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत आदर्ष उच्च विद्यालय मंदिर भागोई में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 51 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय गोडारी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 52 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय मलहारा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 53 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बरियावाँ में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 54 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय सोनारचक में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 55 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय ओर्डिहा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 56 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उर्दू मध्य विद्यालय नगमतिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 57 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत एस0आर0आर0 उच्च विद्यालय घरैंन बनिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 58 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय घटराईन में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 59 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पटौदी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 60 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय सराय में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 61 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय जोगरी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 62 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्रोजेक्ट गर्ल्स जया प्रभा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 63 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय गणेष नगर मनिका में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 64 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय वार में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 65 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय माया बिगहा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 66 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय छाली दोहर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 67 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पहारचापी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 68 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रंगा बिगहा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 69 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय खजुअतीया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 70 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय परसा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 71 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय बेरी में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 72 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बनोखर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 73 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पेमा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 74 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय मनिका में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 75 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय महुआवाँ में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 76 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय शाहपुर में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 77 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय टोना में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 78 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय षिवनपुर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 79 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय कोसडिहरा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 80 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेन्दुआ में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 81 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत जनता उच्च विद्यालय सलैया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 82 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय फूलडीहा में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 31.20 | 62,400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 83 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मॉगी में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 84 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंकोढ़ा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93,600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 85 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय तिवारीडीह में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 86 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उर्दू मध्य विद्यालय परसिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 87 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय परसिया रामपुर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 88 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय जयपुर में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 89 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुबीर बिगहा में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 90 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय काषी तेंदुआ में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 91 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचमों में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 92 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय बैरिया में तीन अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| 93 | नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय ढेकहा मंझौली में दो अद्द अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 25.94 | 51,900.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 4 माह |
| | कुल योग :– | 3421.52 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 30.10.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक – 30.11.2024 से 18.11.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 18.11.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.11.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

**PR. No. 011755 (Planning ) 2024-25**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



# रोहित, विराट, जडेजा और अश्विन के खिलाफ एक्शन के मूड में बीसीसीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 3-0 से शर्मनाक शिकस्त मिली है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुद ही हार की जिम्मेदारी ली है. मगर इस हार ने रोहित की कप्तानी, उनकी बल्लेबाजी, विराट कोहली समेत सीनियर खिलाड़ियों पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है. अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भी इन सीनियर खिलाड़ियों के खिलाफ एक्शन लेने के मूड में दिख रहा है.

न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की पॉइंट्स टेबल में भी टॉप पोजिशन से नीचे फिसल गई है. साथ ही फाइनल में जाने की राह भी बेहद मुश्किल हो गई है. अब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. यह ऑस्ट्रेलियाई सीरीज कप्तान रोहित, कोहली, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के लिए आखिरी हो सकती है. रिपोर्ट में यह दावा किया है. कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड से तीसरा टेस्ट हारने के बाद भविष्य को लेकर कहा, फिलहाल मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहा हूं. रोहित ने आगे कहा, काफी जरूरी है कि हम अगली सीरीज पर फोकस करें जो ऑस्ट्रेलिया है. हमें ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हटकर कुछ और नहीं सोचने वाला हूं. मेरे लिए फिलहाल वही सीरीज जरूरी है. हम उसपर ही पूरा फोकस करेंगे.

**चारों सीनियर्स ने अपना घरेलू टेस्ट खेल लिया!**

एक सीनियर सूत्र ने कहा, निश्चित रूप से जायजा लिया जाएगा. भारतीय टीम 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होगी. यह एक बहुत बड़ी हार (न्यूजीलैंड सीरीज) है. ऑस्ट्रेलिया सीरीज बेहद करीब है और टीम का ऐलान पहले ही हो गया है. ऐसे में अब कोई बदलाव नहीं होगा. उन्होंने आगे कहा, यदि इंग्लैंड में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी तो एक बात साफ रहेगी कि चारों सीनियर खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे के लिए सेलेक्ट नहीं किए जाएंगे. मामला कुछ भी हो, संभावना है कि सभी चारों ने अपना घरेलू टेस्ट खेल लिया है.

**2011 की तरह ही इस बार भी हो सकता है**

2011 के बाद भी ऐसा ही हुआ था जब सीनियर खिलाड़ियों की टीम से छुट्टी कर दी गई थी. तब टीम में युवा खिलाड़ियों की एंट्री हुई थी. ऐसे में इस बार भी कुछ ऐसा ही प्लान बन सकता है. हालांकि इसके लिए चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और गौतम गंभीर को इस मुद्दे पर बातचीत करनी होगी.

भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4-0 से जीत हासिल करनी होगी. अगर टीम इस दौरान एक भी मैच गंवाती है तो टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो सकती है. भारत अगर इस साइकिल के लिए क्वालीफाई नहीं करता है तो अगले साइकिल की शुरुआत अगले साल 20 जून से इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ होगी. ऐसे में सेलेक्शन कमिटी को उन खिलाड़ियों को चुनना होगा जो टीम की नींव तैयार कर सकें.

# केएल राहुल, ध्रुव जुरेल टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया में इंडिया ए से जुड़ेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज गंवा दी। अब उसे ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 5 टेस्ट मैच खेलने हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के उद्देश्य से भारत के लिए यह सीरीज बहुत महत्वपूर्ण है। यदि वह सीरीज का एक भी मैच गंवा देती है तो उसका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना चकनाचूर हो जाएगा।

इसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। इसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। इसी के मद्देनजर उसने केएल राहुल और ध्रुव जुरेल को ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है। केएल राहुल और ध्रुव जुरेल 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कुछ मैच प्रैक्टिस करने को इंडिया ए टीम में शामिल होने के लिए जल्द ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेंगे। बीसीसीआई की वरिष्ठ चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ गुरुवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच से पहले इन दोनों को मंगलवार सुबह तक भेजने का फैसला किया है।

भारतीय टीम दो बैचों में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाली है। पता चला है कि टीम प्रबंधन और चयन समिति ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि केएल राहुल और ध्रुव जुरेल ने ज्यादा नहीं खेला है।

केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहला टेस्ट खेला, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। श्रृंखला में ध्रुव जुरेल की एकमात्र भागीदारी एक स्थानापन्न विकेटकीपर के रूप में थी जब ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगी थी। भारतीय टीम पर्थ के पुराने टेस्ट स्थल डब्ल्यूएसीए में ट्रेनिंग करेगी, जबकि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा।

## सार समाचार

### ब्रिज ओलंपियाडः

## भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी।

अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

### डब्ल्यूटीए फाईनल्सः

## कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत



**रियाद, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था।

अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं।



### गोल्फ

## दीक्षा डागर संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं

### हुल ने जीता खिताब

**रियाद, एजेंसी।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर रविवार को यहां अरामको टीम सीरीज में संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं जबकि चार्ले हुल ने अंतिम दौर में 66 के कार्ड से खिताब अपने नाम किया। दीक्षा ने अंतिम दौर में हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन अंडर 69 बनाया जिससे वह टूर्नामेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स (76) संयुक्त44वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी जबकि प्रणवी ने एक बर्डी लगाई और पांच बोगी कर बैठी।

# वेस्टइंडीज का ये बल्लेबाज तो रुकने का नाम नहीं ले रहा, हर मैच में ठोक रहा शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है. 3 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है. लेकिन, इस बीच वेस्टइंडीज का एक बल्लेबाज अपने अलग ही कारनामें को लेकर सुर्खियां बटोर रहा है. वो धड़ाधड़ शतक ठोक रहा है. रुकने का नाम नहीं ले रहा. जो भी वनडे मुकाबला खेलने उतर रहा है, उसमें सेंचुरी जड़ दे रहा है. कम से कम पिछले 5 दिनों में तो यही दिखा है. इस दौरान 30 साल के कैरेबियाई क्रिकेटर जस्टिन ग्रीव्स ने मैच दर मैच शतक पर शतक ठोककर अब एक नया रिकॉर्ड सेट किया है.

### जस्टिन ग्रीव्स का लगातार तीसरा लिस्ट ए शतक

जस्टिन ग्रीव्स का कारनामा वेस्टइंडीज के घरेलू वनडे टूर्नामेंट सुपर 50 कप में देखने को मिला है. उन्होंने तीसरा लगातार शतक 3 नवंबर को त्रिनिदाद एंड टोबैगो रेड फोर्स टीम के खिलाफ खेले मुकाबले में जड़ा. जस्टिन इस टूर्नामेंट में लीवार्ड आईलैंड हरिकेन टीम का हिस्सा हैं. त्रिनिदाद एंड टोबैगो रेड फोर्स के खिलाफ 3 नवंबर को खेले मैच में उन्होंने 129 गेंदों पर 151 रन ठोके जिसमें 13 चौके शामिल रहे. इस शतक की बदौलत उनकी टीम को मैच में 7 विकेट से जीत मिली. सुपर 50 कप में जस्टिन ग्रीव्स के शतक लगाने का सिलसिला 30 अक्टूबर को वेस्टइंडीज एकेडमी के खिलाफ मुकाबले से शुरू हुआ था. इस मैच में उन्होंने 117 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 111 रन बनाए थे.

### ला लिगाः

## बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई

**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो



वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया।

दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है।

बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया। अन्य मैचों में एथलेटिक बिलबाओ ने रियाल बेटिस के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला, जबकि 10वें स्थान पर चल रहे रियाल सोसिदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।

# ऋद्धिमान साहा ने किया संन्यास का ऐलान

- 14 हजार से ज्यादा रन वाले भारतीय खिलाड़ी
- वानखेड़े में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वानखेड़े में रविवार को भारतीय टीम का न्यूजीलैंड ने क्लीन स्वीप कर दिया। 3 साल पहले 2021 में जब कीवी टीम भारत दौरे पर आई थी तब इसी मैदान पर मेजबान टीम 372 रन से जीती थी। इस मैच में भारत के लिए विकेटकीपिंग आखिरी बार विकेटकीपर की भूमिका निभाने वाले ऋद्धिमान साहा ने रविवार को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इस रणजी ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे।

फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी20 में कुल मिलाकर 14 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले साहा ने ट्विटर पर पोस्ट करके कहा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए बंगाल का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर मैं गौरवान्वित हूं। इस सीजन को यादगार बनाएं!

**आईपीएल 2008 से 2024 तक हर सीजन में खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल**

विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत के लिए 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच खेले हैं। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस जैसी फ्रेंचाइजी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में 170 मैच भी खेले हैं। वह उन 7 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल 2008 से 2024 तक हर सीजन में खेले। इन 7 में से 2 और खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं।

महेंद्र सिंह धोनी,विराट कोहली,रोहित शर्मा और मनीष पांडे 2025 में भी खेलते दिखेंगे। दिनेश कार्तिक और शिखर धवन ने संन्यास ले लिया है। अब ऋद्धिमान साहा ने भी संन्यास का ऐलान कर दिया है। ध्यान रहे कि साहा की पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस ने उन्हें 2025 सीजन के लिए रिटेन नहीं करने का फैसला किया था। मोहम्मद शमी, डेविड मिलर, आर साई किशोर और मैथ्यू वेड जैसे अन्य बड़े नामों के साथ खिलाड़ी को भी रिलीज कर दिया था।

**त्रिपुरा के लिए भी खेले ऋद्धिमान साहा**

साहा ने 2007 से 2022 तक बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और फिर 2 साल के लिए त्रिपुरा के लिए खेले। बंगाल क्रिकेट संघ के एक अधिकारी के साथ मतभेद के बाद साहा पर आरोप लगा था कि वह रणजी मैच न खेलने के लिए बहाने बना रहे हैं। इस साल अगस्त में उनकी बंगाल टीम में वापस हुई थी।

## न्यूज बाइट्स

### 22 लीटर महुआ शराब बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने भदवा टोला चंद्दा पर गांव के दो घरों में छापेमारी कर लगभग 22 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। इस दौरान पवंजय रजक के घर से 8 लीटर एवं मरछिया देवी के घर से 14 लीटर शराब बरामद किया गया। मामले में एएसआई मुक्ति देव निराला के बयान पर दोनों के विरुद्ध अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के पर छापेमारी की गई। दोनो आरोपियों के घर से 22 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### महाआरती व भंडारा का आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज शहर के बाबूगंज अस्पताल रोड स्थित शिव समिति के सदस्यो के द्वारा महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सोनु कुमार एवं सरोज कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली के अवसर पर 1902 से ही मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर लगातार 122 वर्षों से पूजा-अर्चना की जा रही है। रविवार की शाम महाआरती के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

पीएनबी द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने एक महत्वपूर्ण उठाया कदम

# युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने में निभा रहा अग्रणी भूमिका

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें जीवन की राह दिखाने में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अग्रिम भूमिका निभा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान औरंगाबाद द्वारा 30 दिवसीय घरेलू विद्युत वायरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में घर का वायरिंग, मॉल का वायरिंग, अपार्टमेंट का वायरिंग, होटल का वायरिंग, कमर्शियल संस्थाओं का वायरिंग, पंखा, कूलर, गीजर, मिक्सी, मोटर, सबमर्सिबल, आयरन तथा घर में उपयोग होने वाले बिजली वायरिंग संबंधित सभी उपकरण को सिखाया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी जल्द से जल्द पंजीयन के अंतिम तिथि 7. 11. 2024 तक सदर प्रखंड परिसर पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान औरंगाबाद के कार्यालय में अवश्य कर ले। नामांकन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा, देर से आने वाले पर विचार नहीं किया जाएगा। 30 दिवसीय घरेलू विद्युत वायरिंग एवं सेवा उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 नवंबर 2024 से आरंभ किया जायेगा। वहीं मोबाइल फोन रिपेयरिंग का प्रशिक्षण 25 नवंबर 2024 से आरंभ किया जाएगा। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रारंभ है। आधार कार्ड का छाया प्रति , राशन कार्ड या जीविका परिवार का सदस्य का पीला पासबुक का फोटो कॉपी एवं चार पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ निर्धारित उम्र 18 से 45 वर्ष

यहां प्रशिक्षण के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह ग्रामीण विकास विभाग और जिले के लीड बैंक द्वारा संचालित किये जाने वाले निःशुल्क प्रशिक्षण संस्थान है जो सभी ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों को उनके हुनर को निखार कर स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। साथ ही इसमें खाने-पीने, कॉपी, कलम, किताब और ट्रेनिंग ड्रेस निःशुल्क प्रदान किया जाता है। आरसेटी निदेशक राजकुमार ने बताया कि घरेलू विद्युत वायरिंग एवं सेवा उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 नवंबर 2024 से आरंभ किया जायेगा। वहीं मोबाइल फोन रिपेयरिंग का प्रशिक्षण 25 नवंबर 2024 से आरंभ किया जाएगा। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रारंभ है। यह 30 दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना है। इच्छुक अभ्यर्थी पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सदर प्रखंड परिसर औरंगाबाद के कार्यालय समय में अपना पंजीयन करा सकते हैं। वरीय संकाय रामनन्दन कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से पिछले चार सालों में औरंगाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्र के करीब एक हजार युवाओं को पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा मुफ्त में ट्रेनिंग देकर हुनरमंद बनाया गया है।

# चार लाख के जेवर समेत 80 हजार रुपए की चोरी

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद के रफीगंज के भल्लू खैरा गांव में अज्ञात चोरों ने 4 लाख के जेवर समेत 80 हजार रुपए नगद की चोरी की है। घटना भल्लू खैरा गांव निवासी देवनंदन यादव के पुत्र विकास कुमार के घर घटी है। चोरों ने घर से 500 मीटर दूर खेत में जेवर का डब्बा फेंक दिया था। घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी गई। पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चोरों ने घटना का अंजाम देने के लिए घर में सो रहे लोगों को बाहर से बंद कर दिया। पीड़ित विकास कुमार ने बताया कि रविवार की रात खाना खाकर सभी लोग 11 बजे के करीब सोने गए। सुबह 4 बजे के करीब नींद खुली तो देखा कि मेरी मां और मेरे कमरे की दरवाजे की कुंडी बाहर से लगी हुई है। पिताजी घर पर नहीं थे। बाहर गए हुए थे। काफी प्रयास किया खोलने का लेकिन दरवाजा नहीं खुला। आसपास के लोगों को फोन करके बुलाया। जिन्होंने मेरे कमरे का दरवाजा खोला। जिसके बाद मां के कमरे के दरवाजा खोला। बाहर निकलकर देखने पर पता चला कि घर में रखा 80 हजार रुपए नकद और करीब 4 लाख रुपए का जेवर गायब है। खोजबीन के दौरान 500 मीटर दूरी पर खेत में मेरे पत्नी के जेवर का डब्बा और अन्य सामान मिली। जिसके बाद इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष गुरफान अली ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार की हाल ही में शादी हुई थी। उनकी पत्नी की आभूषण चोरी हुई है। किसी कार्य के लिए रखे गए पैसे चोरी हुए हैं।

# गायत्री मंत्र के सर्जक विश्वामित्र सनातन संस्कृति के प्रथम रक्षक



**औरंगाबाद(नि.सं.)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर सनातन संस्कृति के रक्षक महर्षि विश्वामित्र जयंती धूमधाम से मनाते हुए सामयिक संवाद का कार्यक्रम किया गया। श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी अचार्य छोटेलाल पांडेय के नेतृत्व में आयोजित सामयिक संवाद के मौके पर पहुंचे प्रसिद्ध कवि एवं लेखक लखनीखाप के बाबा के नाम से प्रचलित अवध किशोर मिश्र एवं संस्था के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने संबोधन के क्रम में कहा कि ब्रह्मर्षि, सप्तर्षी, शकुंतला के पिता, त्रिशंकु के रक्षक, हरिश्चंद्र के परीक्षक,राम लक्ष्मण के गुरु गायत्री मंत्र के अधिष्ठाता मंत्रद्रष्टा महर्षि विश्वामित्र प्रणीत सनातन धर्म के हम सभी अनुयाई हैं। सनातनी परंपरा को संवैधानिक रूप प्रदान करने में महर्षि विश्वामित्र का अप्रतिम योगदान रहा है। ऋषि परंपरा से पूरे मानव समाज को एकीकृत कर धार्मिक सूत्र में बांधकर वैश्विक परिदृश्य में मानव को मानवता का धर्म सिखाने का कार्य विश्वामित्र जी द्वारा किया गया है।

# मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

**निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)**

गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में बीते शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन में अश्लील गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट को लेकर दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसी मामले रविवार की रात भुरकुंडा गांव में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि मामले में भुरकुंडा गांव निवासी राहुल कुमार के बयान पर कांड संख्या 325/24 दर्ज किया गया था जिसमें 22 को आरोपी बनाया गया था। इसी मामले के आरोपी शिवआसरे राम एवं सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वही दूसरे पक्ष से भुरकुंडा गांव निवासी प्रियरंजन कुमार के बयान पर कांड संख्या 326/24 दर्ज किया गया था, जिसमें 44 को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में आरोपी नागेंद्र पासवान एवं पंकज पासवान को गिरफ्तार कर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# चतरा मोड़ के पास बाइक दुर्घटना, महिला और उनके भतीजे घायल

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

चतरा मोड़ के समीप एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें 50 वर्षीय स्मृति कुमारी और उनके 22 वर्षीय भतीजे हेमंत कुमार घायल हो गए। दोनों नवीनगर थाना क्षेत्र के अलावा गांव के निवासी हैं और छठ पर्व की तैयारियों के लिए बाजार जा रहे थे। स्मृति कुमारी ने बताया कि जब वे अपनी बाइक पर थे, तभी अचानक सामने से आ रही एक बाइक की वजह से उनका वाहन अनियंत्रित हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना के बाद उनकी सहायता की और दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, हेमंत को हल्की चोटें आई हैं, जबकि स्मृति की स्थिति गंभीर है। उन्हें बेहतर उपचार के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस हादसे के बाद, स्थानीय लोगों ने घायल के परिवार को सूचित किया, जिससे उनके परिजन भी अस्पताल पहुंचे। स्मृति कुमारी की छठ पर्व की तैयारियां अधूरी रह गईं, क्योंकि वे आवश्यक पूजन सामग्री और कपड़े खरीदने के लिए निकलें थीं। फिलहाल, उनका इलाज जारी है और सभी उनकी सलामती की प्रार्थना कर रहे हैं।

# छठ मेला में विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग करेंगे 400 स्काउट-गाइड्स

**निज सं. | देव ( औरंगाबाद)**

देव में होने वाले विश्व प्रसिद्ध चार दिवसीय कार्तिक छठ मेले में इस बार विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस मेले के दौरान, बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के 400 स्काउट-गाइड्स प्रशासन को सहयोग करते हुए विधि व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार ने बताया कि ये स्काउट-गाइड्स पूरे मेले के क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे, विशेष रूप से देव थाना मोड़ से सूर्यकुंड तक के रास्ते को नियंत्रित करने में। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वे सूर्य मंदिर परिसर और गर्भ गृह में भी विशेष नजर रखेंगे ताकि श्रद्धालुओं को सहजता से पूजा करने में कोई बाधा न आए। सूर्यकुंड पर जल के अवसान को रोकने के लिए भी स्काउट-गाइड्स सतर्क रहेंगे, जिससे किसी भी श्रद्धालु को कठिनाई का सामना न करना पड़े। ये सेवाएँ 5 से 8 नवंबर तक, नहाए-खाए के दिन, लगातार उपलब्ध रहेंगी। स्काउट-गाइड्स का नेतृत्व स्वयं जिला संगठन आयुक्त द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा, स्काउट मास्टर अमित रंजन भास्कर, ज्वाला प्रकाश, पीयूष कुमार, अभय कुमार, और अन्य वरिष्ठ स्काउट्स उनकी देखभाल और मार्गदर्शन करेंगे। इस बार का कार्तिक छठ मेला न केवल धार्मिक उत्सव के रूप में, बल्कि समुदाय के एकजुटता और सेवा भावना का भी प्रतीक बनेगा। ऐसे में सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे स्काउट-गाइड्स के निर्देशों का पालन करें और मेले का आनंद लें।

# 45वें रामरूप मेहता महोत्सव में होगा स्मारिका का लोकार्पण

**निज सं. | हसपुरा(औरंगाबाद)**

रामरूप मेहता महोत्सव 2025 के मौके पर इस बार स्मारिका का भी लोकार्पण किया जाएगा। स्मारिका रामरूप मेहता के जीवन, उनके जानकारों के संस्मरण और महोत्सव पर केंद्रित होगी। स्मारिका में रामरूप मेहता से जुड़े दस्तावेजों को भी जगह दी जाएगी। यह निर्णय रविवार को 45वें रामरूप मेहता महोत्सव आयोजन समिति की बैठक में लिया गया। समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि स्मारिका का संपादन वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह करेंगे और इसकी 10 हजार प्रतियां छपवाई जाएंगी।





